सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 25 मई, 2026 | लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 141, पेज 12, 3.50 रुपये | www.facebook.com/volepaper | voiceoflucknow@gmail.com | www.voiceoflucknow.com



## 10 कंपनियों की पूंजी 74111 करोड़ बढ़ी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 74,111 .57 करोड़ की बढ़ोतरी दर्ज की गयी। } 10

## जयशंकर ने रूबियो से कहा-वैध आवागमन पर असर नहीं पड़ना चाहिए

विदेश मंत्री जयशंकर ने रूबियो के समक्ष वीजा और आव्रजन नीतियों में किये गये बदलावों को लेकर भारत की चिंताएं उठाईं और कहा कि इससे वैध आवागमन पर प्रतिकूल प्रभाव नही पड़ना चाहिए। } 12

# बलूचिस्तान: ट्रेन में विस्फोट, 24 की मौत

### बीएलए ने ली जिम्मेदारी, छावनी क्षेत्र से सैन्य कर्मियों को ले जा रही थी ट्रेन

एजेंसी



कराची। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में रविवार को एक शटल ट्रेन में एक शक्तिशाली विस्फोट में कम से कम 24 लोगों के मारे जाने और 100 लोगों के घायल होने की आशंका है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्रतिबंधित बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने विस्फोट की जिम्मेदारी ली है।

सरकारी समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस ऑफ पाकिस्तान की खबर के अनुसार, शटल ट्रेन क्वेटा छावनी से शहर के रेलवे स्टेशन की ओर जा रही थी कि तभी चमन फाटक के पास इसे निशाना बनाया गया। बीएलए के एक प्रवक्ता ने बताया कि यह हमला तब किया गया जब ट्रेन छावनी क्षेत्र से सैन्य कर्मियों को ले जा रही थी। सरकार ने हालांकि अब तक आधिकारिक तौर पर 24 लोगों की मौत की पुष्टि की, जिनमें फ्रंटियर कोर के तीन जवान शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है। स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 24 लोगों के मारे जाने की आशंका है जबकि मीडिया में प्रकाशित खबरों में मरने वालों की संख्या इससे अधिक बताई गई है। पाकिस्तान के रेल मंत्री हनीफ अब्बासी ने कहा कि शटल ट्रेन में असैन्य यात्री भी थे और विस्फोट से इंजन व तीन डिब्बे प्रभावित हुए। विस्फोट इतना जोरदार था कि आसपास के वाहनों के शीशे और आस-पास ...शेष पृष्ठ 10 पर

# ईरान के साथ वार्ता में अमेरिका ने महत्वपूर्ण प्रगति की

### अगले कुछ घंटों में अच्छी खबर आ सकती है और इस संबंध में घोषणाएं राष्ट्रपति ही करेंगे: रूबियो

एजेंसी



नयी दिल्ली। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने रविवार को कहा कि पश्चिम एशिया संघर्ष को समाप्त करने के लिए ईरान के साथ वार्ता में अमेरिका ने महत्वपूर्ण प्रगति की है, जिसमें वाणिज्यिक जहाजों के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह से खोलना भी शामिल है। रूबियो ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अगले कुछ घंटों में अच्छी खबर आने की संभावना है।

उन्होंने संकेत दिया कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कोई घोषणा की जा सकती है। रूबियो ने एक सवाल के जवाब में कहा कि ईरान की स्थिति के बारे में, मेरा मानना है कि इस विषय पर आज थोड़ी देर बाद और खबरें आ सकती हैं, और इस संबंध में घोषणाएं राष्ट्रपति ही करेंगे। अमेरिकी विदेश मंत्री ने इस संबंध में विस्तार से बताए बिना कहा कि पिछले 48 घंटों में संघर्ष को सुलझाने की रूपरेखा पर बातचीत में प्रगति हुई है। अमेरिका-ईरान शांति वार्ता में मुख्य अड़चनें ईरान के परमाणु कार्यक्रम और होर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण को लेकर हैं। अमेरिका और इजराइल के गत 28 फरवरी को संयुक्त हमले शुरू करने और ईरान के पलटवार के परिणामस्वरूप जलडमरूमध्य से होकर गुजरने वाले जहाजों की आवाजाही बुरी तरह से प्रभावित हुई हैं। ट्रंप ने शनिवार को अपनी पोस्ट में कहा कि समझौते के कई अन्य पहलुओं के अलावा, होर्मुज जलडमरूमध्य को खोल दिया जाएगा। उन्होंने कहा, मैं सभी को याद दिलाता हूं कि हमारा अंतिम लक्ष्य यह है कि ईरान कभी परमाणु हथियार हासिल न कर सके। ईरान कभी परमाणु हथियार विकसित करने की प्रक्रिया में शामिल न हो सके। रूबियो ने कहा, होर्मुज जलडमरूमध्य एक अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग है, और वे अभी जो कर रहे हैं वह मूल रूप से एक अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग का उपयोग करने वाले वाणिज्यिक जहाजों को नष्ट करने की धमकी देना है जो अंतरराष्ट्रीय कानून की किसी भी अवधारणा के तहत अवैध है। उन्होंने कहा कि पिछले 48 घंटों में खाड़ी क्षेत्र में हमारे साझेदारों के साथ मिलकर एक रूपरेखा तैयार करने में कुछ प्रगति हुई है, जो अगर सफल होती है, तो अंततः हमें न केवल पूरी तरह से खुला होर्मुज जलडमरूमध्य प्रदान कर सकती है। जयशंकर ने कहा कि भारत और अमेरिका दोनों की ही इस बात में काफी रुचि है ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### व्हाइट हाउस के पास गोलीबारी, एक की मौत

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस की सुरक्षा जांच चौकी के पास अधिकारियों पर गोलीबारी करने वाले एक व्यक्ति की सुरक्षाकर्मियों की जवाबी कार्रवाई में मौत हो गई है। यूएस सीक्रेट सर्विस ने यह जानकारी दी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आसपास गोलीबारी की पिछले एक महीने में यह तीसरी घटना थी। सेवनटींथ स्ट्रीट और पेंसिल्वेनिया एवेन्यू इलाके में मौजूद हमलावर ने पूर्वी समयानुसार शाम छह बजे के कुछ देर बाद अपने बैग से हथियार निकालकर गोलीबारी की।

### स्नातक व शिक्षक एमएलसी के भाजपा प्रत्याशी घोषित

लखनऊ। भाजपा ने प्रदेश में होने वाले स्नाातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के विधान परिषद चुनाव के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। इसमें लखनऊ स्नातक सीट से अवनीश कुमार सिंह और आगरा स्नातक सीट से डॉ. मानवेन्द्र प्रताप सिंह को टिकट दिया गया है। वहीं, बरेली-मुरादाबाद शिक्षक सीट पर डॉ. हरि सिंह ढिल्लों, लखनऊ शिक्षक सीट पर उमेश द्विवेदी और मेरठ शिक्षक सीट पर श्रीचंद शर्मा को टिकट दिया गया है।

### देबांग्शु पांडा फाल्टा से विजयी

कोलकाता। भारतीय जनता पाटी के उम्मीदवार देबांग्शु पांडा ने रविवार को फाल्टा विधानसभा सीट पर 1.09 लाख मतों के अंतर से जीत दर्ज की। तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार जहांगीर खान चौथे स्थान पर रहे। पुनर्मतदान से कुछ ही दिन पहले खान ने चुनाव नहीं लड़ने की घोषणा की थी, जिसे तृणमूल कांग्रेस ने उनका निजी फैसला बताया था। हालांकि, उस समय नामांकन वापस लेना संभव नहीं था, इसलिए उनका नाम ईवीएम में बना रहा। पांडा को।,49,666 वोट मिले, जबकि माकपा के शंभू नाथ कुर्मी 40,645 मतों के साथ दूसरे स्थान पर रहे।



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 42.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 29.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- राहुल गांधी का बयान जनादेश का अपमान : पंकज चौधरी (पृष्ठ–02)
- अलीगढ़ बनेगा प्रदेश का नया स्पोर्ट्स पावर हाउस (पृष्ठ–02)
- बीते सप्ताह सभी तेल–तिलहन कीमतों में सुधार (पृष्ठ–10)
- अमेरिका–ईरान वार्ता तय करेंगे शेयर बाजार की चाल (पृष्ठ–10)
- विदेश यात्रा पर भारतीयों का खर्च घटकर 1.09 अरब डॉलर रहा (पृष्ठ–10)


# सार्वजनिक स्थलों पर कुर्बानी बर्दाश्त नहीं

### बकरीद को लेकर सीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये दिये कानून-व्यवस्था को बनाये रखने के निर्देश

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री ने रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित कानून-व्यवस्था एवं प्रशासनिक समीक्षा बैठक में कहा कि शासन की प्राथमिकता जनता की समस्याओं का समयबद्ध, पारदर्शी और संतुष्टिपरक समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने निर्देश दिए कि इन चौपालों के संचालन के लिए शासन स्तर से विस्तृत एसओपी जारी की जाएगी तथा प्रत्येक आवेदन और शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। जनपद स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति इन चौपालों में अनिवार्य रहेगी। मुख्यमंत्री ने आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों को लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि हर शिकायत को पूरी गंभीरता से लिया जाए। केवल औपचारिक निस्तारण नहीं, बल्कि पीड़ित को वास्तविक राहत मिलनी चाहिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने आगामी गंगा दशहरा और बकरीद पर्व को देखते हुए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बकरीद के अवसर पर सार्वजनिक स्थलों पर पशुओं की कुबार्नी की अनुमति नहीं होगी तथा प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। कुबार्नी केवल ...शेष पृष्ठ 10 पर



### थानों की सीसीटीवी मॉनिटरिंग के लिए बने सेंट्रल डैशबोर्ड

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की पुलिस व्यवस्था को और अधिक आधुनिक, सुरक्षित तथा तकनीक आधारित बनाने के लिए पुलिस रेडियो विभाग को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए हैं। रविवार को आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस की लोकेशन, मूवमेंट और संचार गतिविधियों की गोपनीयता सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसमें किसी भी प्रकार की तकनीकी सेंधमारी की संभावना नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि पुलिस रेडियो नेटवर्क को अत्याधुनिक तकनीकों से सशक्त किया जाए तथा दूरस्थ क्षेत्रों तक निर्बाध संचार व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी पुलिस थानों की सीसीटीवी फुटेज की लाइव ...शेष पृष्ठ 10 पर

### भीषण गर्मी में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो : सीएम

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भीषण गर्मी और बढ़ती बिजली मांग के बीच प्रदेश में निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन, किसानों, व्यापारियों और उद्योगों को बिजली संकट का सामना न करना पड़े, इसके लिए सभी स्तरों पर सतत मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने कहा कि गर्मी के इस चुनौतीपूर्ण दौर में ऊर्जा विभाग पूरी संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्य करे। मुख्यमंत्री रविवार को ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा एवं राज्य मंत्री कैलाश सिंह राजपूत की उपस्थिति में ऊर्जा विभाग, पावर कॉरपोरेशन एवं सभी डिस्कॉम के अधिकारियों के साथ विद्युत आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने राज्य की विद्युत उत्पादन क्षमता को और सुदृढ़ बनाने तथा गर्मी के मौसम में निर्बाध बिजली उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बढ़ती विद्युत मांग को देखते हुए उत्पादन इकाइयों की अधिकतम क्षमता का उपयोग किया जाए और सभी संयंत्रों में तकनीकी दक्षता तथा रखरखाव व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। बताया गया कि ...शेष पृष्ठ 10 पर

# स्क्रूटनी की अतिरिक्त राशि छात्रों को लौटायेगा सीबीएसई

एजेंसी




नयी दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने रविवार को कहा कि कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम के बाद पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया के दौरान तकनीकी गड़बड़ियों की वजह से जिन छात्रों से अधिक शुल्क वसूला गया, उन्हें राशि वापस की जाएगी।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सीबीएसई से उन शिकायतों पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है, जिनमें छात्रों और अभिभावकों ने पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया के दौरान तकनीकी गड़बड़ियों की बात कही है। सीबीएसई ने एक नोटिस में कहा कि 21 और 22 मई को मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन कॉपी के लिए आवेदन करते समय कुछ तकनीकी समस्याओं के कारण कई मामलों में शुल्क संबंधी त्रुटियां सामने आई। बोर्ड ने कहा कि कुछ मामलों में अधिक राशि वसूली गई, जबकि कुछ में कम शुल्क लिया गया। सीबीएसई ने कहा कि जिन मामलों में अधिक भुगतान लिया गया है, उनमें अतिरिक्त राशि उसी भुगतान माध्यम में वापस की जाएगी, जिससे शुल्क जमा किया गया था। उसने कहा कि जिन मामलों में कम शुल्क लिया गया है, उनमें जरूरत पड़ने पर विद्यार्थियों को शेष राशि जमा करने के बारे में अलग से सूचित किया जाएगा। बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया कि ऐसे सभी मामलों में उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन कॉपी छात्रों को उपलब्ध कराई जाएगी और इसके लिए उन्हें फिर से आवेदन देने की आवश्यकता नहीं होगी। सूत्रों के अनुसार बुधवार को शिक्षा मंत्री ने सर्वर डाउन होने, पेमेंट गेटवे में गड़बड़ी और प्रक्रिया के दौरान सामने आई अन्य तकनीकी खामियों पर संज्ञान लिया था। सीबीएसई ने शनिवार को जारी बयान में कहा था कि वह सभी शिकायतों की जांच कर रहा है और समय-सीमा बढ़ाने तथा तकनीकी सुधार जैसे कदम उठाए जा रहे हैं। बयान में कहा गया था, अभिभावक और विद्यार्थी परेशान न हों। सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन व्यवस्था का उद्देश्य वास्तविक चिंताओं का निष्पक्ष समाधान करना है।

# तत्परता से हल करें जनसमस्याएं

### हल्द्वानी में आयोजित जनसुनवाई में मुख्यमंत्री धामी ने की लोगों से मुलाकात

प्रमुख संवाददाता



हल्द्वानी (उत्तराखंड)। पुष्कर सिंह धामी ने हल्द्वानी-काठगोदाम स्थित सर्किट हाउस में आयोजित जनशिकायत एवं जनसंवाद कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचे नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने विभिन्न जनहित से जुड़े मुद्दे मुख्यमंत्री के समक्ष रखे।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सरकार का लक्ष्य आम जनता को पारदर्शी, सरल और प्रभावी प्रशासन उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई जैसे कार्यक्रमों से सरकार को जमीनी स्तर की समस्याओं को समझने और समाधान की दिशा में तेजी से कार्य करने का अवसर मिलता है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनता से जुड़े मामलों में गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ कार्य किया जाए और शिकायतों के निस्तारण में अनावश्यक विलंब न हो। जनसंवाद कार्यक्रम में नागरिकों ने पेयजल किल्लत, ग्रामीण क्षेत्रों की खराब सड़कें, बिजली आपूर्ति में रुकावट, सिंचाई व्यवस्था की समस्याएं, स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी और राजस्व विभाग से जुड़े मामलों को प्रमुखता से उठाया। मुख्यमंत्री ने जल संस्थान और पेयजल विभाग को निर्देश दिये कि गर्मी के मौसम में जल संकट वाले क्षेत्रों में वैकल्पिक ...शेष पृष्ठ 10 पर

# अमेरिका और ईरान समझौते के बेहद करीब : ट्रंप

### जल्द खुल सकताहै होर्मुज स्ट्रेट, परमाणु समझौते पर नहीं कियाकोई वादा : ईरान

एजेंसी



वाशिंगटन/ तेहरान। अमेरिका और ईरान के बीच होर्मुज स्ट्रेट को लेकर चल रहा तनाव समाप्त होने की ओर है। दोनों देश समझौते के बेहद करीब पहुंच गए हैं। पश्चिम एशिया में ईरान, अमेरिका और इजरायल के बीच शांति समझौते को लेकर अब सकारात्मक संदेश मिल रहे हैं।

अमेरिका द्वारा लगातार इस बात के संकेत दिए जा रहे हैं कि ईरान के साथ शांति वार्ता में जल्द ही कोई अच्छी खबर आ सकती है। इसी बीच अब तेहरान ने भी इस बात की पुष्टि की है कि जल्दी ही होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाज युद्ध पूर्व की स्थिति में आ सकते हैं। हालांकि, तेहरान की तरफ से इसके लिए 30 दिनों की टाइमलाइन दी गई है। एक्सियोस द्वारा अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से सामने आई एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि दोनों देशों के बीच में 60 दिन के युद्धविराम विस्तार पर सहमति बन रही है। इस दौरान होर्मुज को फिर से खोला जाएगा और उस पर युद्ध पूर्व की स्थिति रहेगी। ईरान द्वारा इस पर कोई टैक्स नहीं लगाया जाएगा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने एवं युद्ध समाप्त करने को लेकर ईरान के साथ एक समझौते पर काफी हद तक बातचीत हो चुकी है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर कहा, समझौते के अंतिम पहलुओं और ब्योरे पर फिलहाल चर्चा हो रही है और जल्द ही इसकी घोषणा की जाएगी। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, पाकिस्तान, तुर्किये, मिस्र, जॉर्डन और बहरीन के नेताओं से तथा अलग से इजराइल से बात की। उन्होंने इसे शांति से संबंधित ऐसा समझौता ज्ञापन बताया जिसे अमेरिका, ईरान और बातचीत में शामिल अन्य देशों द्वारा अभी अंतिम रूप दिया जाना है। ट्रंप ने यह बयान ऐसे समय में दिया है जब कुछ दिन पहले ही अमेरिका ने ईरान पर नए सिरे से हमले करने पर विचार किया था।

वहीं ईरान ने अमेरिका के साथ युद्धविराम समझौते में अपने परमाणु कार्यक्रम या संवर्धित यूरेनियम सौंपने को लेकर किसी भी नये वादे से साफ इनकार किया है।

**विशेष खबर** छह–लेन वाला एक्सप्रेसवे 12 ज़िलों से होते हुए मेरठ को प्रयागराज से जोड़ता है

# गंगा एक्सप्रेसवे से माल ढुलाई में 30 हजार करोड़ की होगी बचत

विशेष संवाददाता



लखनऊ। हाल ही में शुरू हुए 594 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेसवे से पूरे उत्तर प्रदेश में माल ढुलाई का समय काफी कम होने की उम्मीद है। इससे सालाना लॉजिस्टिक्स पर 30,000 करोड़ रुपये तक की बचत होगी और एक दर्जन से ज्यादा जिलों में औद्योगिक और भंडार गृह सुविधाओं के विकास को बढ़ावा मिलेगा।

सरकारी अनुमानों और उद्योग जगत के जानकारों से यह जानकारी मिली है। यह छह-लेन वाला एक्सप्रेसवे (जिसे आठ लेन तक बढ़ाया जा सकता है) 12 ज़िलों से होते हुए मेरठ को प्रयागराज से जोड़ता है। इसे पश्चिमी और पूर्वी उप्र को जोड़ने वाले एक प्रमुख लॉजिस्टिक्स और औद्योगिक गलियारे के तौर पर देखा जा रहा है। उद्योग जगत के अनुमानों के मुताबिक, उत्तर प्रदेश में अभी सालाना लगभग 24.5-26 करोड़ टन माल की ढुलाई राज्य के भीतर ही होती है। इसमें मुख्य रूप से अनाज, निर्माण सामग्री और खुदरा सामान शामिल होता है। वहीं, राज्य से बाहर जाने वाले माल की मात्रा 13.5-15. करोड़ टन होने का अनुमान है, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक्स, चमड़ा और कृषि उत्पाद प्रमुख हैं। राज्य के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ने बताया कि यह एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास, लॉजिस्टिक्स, कृषि, पर्यटन और रोज़गार सृजन को गति देकर राज्य की अर्थव्यवस्था में एक नया अध्याय लिखेगा। गुप्ता ने बताया कि इस परियोजना का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 29 अप्रैल को हरदोई में किया था। इसके शुरू होने से मेरठ और प्रयागराज के बीच यात्रा का समय लगभग 10-12 घंटे से घटकर लगभग 5-8 घंटे रह गया है। मंत्री ने कहा, यह एक्सप्रेसवे सिर्फ़ एक सड़क परियोजना नहीं है, बल्कि एक एकीकृत विनिर्माण और लॉजिस्टिक्स गलियारा है। माल की तेज़ आवाजाही और परिवहन लागत में कमी से सालाना लॉजिस्टिक्स पर 25,000-30,000 करोड़ रुपये की बचत हो सकती है। उन्होंने बताया कि इस गलियारे के किनारे राज्य को पहले ही लगभग 46,660 करोड़ रुपये के 987 निवेश प्रस्ताव मिल चुके हैं। इसके तहत 6,507 एकड़ ज़मीन पर 12 औद्योगिक केंद्र (नोड्स) विकसित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा ...शेष पृष्ठ 10 पर

# सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में छात्रा के साथ गैंगरेप

### 22 मई को दिल्ली जीआरपी ने दर्ज किया था मुकदमा

विशेष संवाददाता

लखनऊ। सुशान्त गोल्फ सिटी क्षेत्र में चार दिन पूर्व छात्रा संग हुए गैंग रेप की रिपोर्ट पीड़िता ने दिल्ली जीआरपी में दर्ज कराई है, जहां जीरो एफआईआर के तहत सामूहिक दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज होने के बाद मामले की जांच व आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए मामला सुशान्त गोल्फ सिटी पुलिस को ट्रांसफर कर दिया है।

24 मई को रिपोर्ट मिलने के बाद सुशान्त गोल्फ सिटी के साथ लखनऊ साउथ जोन पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चार टीमों का गठन कर प्रयास तेज कर दिया है। दिनांक 22.मई.2026 को नई दिल्ली ने आनंद विहार जीआरपी, से महिला अपराध एवं सुरक्षा कार्यालय को जीरो एफआईआर के तहत 70(1), 123, 127(3), 351(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। इस प्रकरण में पीड़िता ने आरोप लगाया गया है कि शिवम यादव निवासी जनपद जौनपुर, सनी यादव निवासी जनपद जौनपुर व शिवम का एक अन्य साथी नाम व पता अज्ञात द्वारा पीड़िता के साथ सामुहिक दुष्कर्म किया गया है। इस प्रकरण की जांच एवं प्राप्त तथ्यों के आधार पर घटनास्थल थाना सुशान्त गोल्फ सिटी पुलिस ने अपने थाने पर मुकदमा दर्ज ...शेष पृष्ठ 10 पर

# अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वेलनेस डेस्टिनेशन के रूप में विकसित होगा यूपी : सीएम

## प्रदेश में शीघ्र लागू होगी आयुष हेल्थ एंड वेलनेस नीति, प्रमुख धार्मिक स्थलों के आसपास वेलनेस और हीलिंग आधारित पर्यटन विकास की अपार संभावनाएं

विशेष संवाददाता (vol)

- **पीपीपी मॉडल पर विकसित होंगे आधुनिक आयुष वेलनेस सेंटर, 100 शैय्या वाले एकीकृत आयुष चिकित्सा एवं प्रशिक्षण केंद्र**
- **मीरजापुर, गोंडा, मेरठ, आगरा एवं बस्ती मंडलों में होगी एकीकृत आयुष महाविद्यालयों की स्थापना**



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को आयुष विभाग की समीक्षा बैठक में प्रदेश में आयुष हेल्थ एंड वेलनेस नीति-2026 को लागू करने की दिशा में प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश को केवल उपचार आधारित व्यवस्था तक सीमित न रखते हुए आयुष, योग, पंचकर्म, प्राकृतिक चिकित्सा और वेलनेस सेवाओं के समन्वय से राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक प्रमुख वेलनेस डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने कहा कि आयुष सेवाओं को आधुनिक प्रबंधन, गुणवत्ता मानकों और पर्यटन से जोड़ते हुए ऐसा मॉडल तैयार किया जाना चाहिए, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं के साथ रोजगार और निवेश को भी नई गति मिले।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत, आयुर्वेद एवं योग की परंपरा तथा धार्मिक पर्यटन सर्किट को आयुष वेलनेस सेक्टर से जोड़ा जाए। वाराणसी, अयोध्या और मथुरा जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों के आसपास वेलनेस और हीलिंग आधारित पर्यटन विकसित किए जाने की व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि आयुष संस्थानों को उपचार केंद्रों के साथ-साथ वेलनेस, प्रशिक्षण, अनुसंधान और रोजगार सृजन के केंद्र के रूप में विकसित किया जाए।

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में वर्तमान में 3,953 आयुष स्वास्थ्य इकाइयां, 1,034 आयुष्मान आरोग्य मंदिर, 225 योग वेलनेस सेंटर और 19 आयुष चिकित्सा महाविद्यालय संचालित हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि आयुष सेवाओं का विस्तार गुणवत्तापूर्ण और मानकीकृत स्वरूप में किया जाए। इसके लिए पीपीपी मॉडल के माध्यम से आधुनिक आयुष वेलनेस सेंटर, 100 शैय्या वाले एकीकृत आयुष चिकित्सा एवं प्रशिक्षण केंद्र तथा आयुष कॉलेजों के उन्नयन की दिशा में चरणबद्ध कार्रवाई की जाए। बैठक में प्रस्तावित नीति के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। नीति के अंतर्गत एकीकृत सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, आयुष वेलनेस एवं चिकित्सा केंद्र, प्रशिक्षण युक्त एकीकृत संस्थान तथा आयुष कॉलेज आधारित मॉडल विकसित किए जाने का प्रस्ताव है। इन केंद्रों में पंचकर्म, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, डिजिटल हेल्थ सेवाएं तथा अनुसंधान एवं नवाचार गतिविधियों को भी शामिल किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष आधारित वेलनेस इकोनॉमी को बढ़ावा देने के लिए निजी क्षेत्र की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने निवेशकों को एकल खिड़की प्रणाली के माध्यम से त्वरित स्वीकृतियां उपलब्ध कराने तथा परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए स्पष्ट समयबद्ध कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि प्रस्तावित नीति में निवेश आधारित सब्सिडी, संचालन संबंधी प्रोत्साहन, ब्याज सब्सिडी, स्टाम्प ड्यूटी में छूट तथा रोजगार सृजन आधारित प्रोत्साहन का प्रावधान किया गया है। आयुष शोध, नवाचार तथा पर्यावरण अनुकूल परियोजनाओं के लिए भी विशेष प्रोत्साहन प्रस्तावित हैं।

मुख्यमंत्री ने मीरजापुर, गोंडा, मेरठ, आगरा एवं बस्ती मंडलों में एकीकृत आयुष महाविद्यालयों की स्थापना की दिशा में तेजी से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन संस्थानों को आधुनिक आयुष चिकित्सा, प्रशिक्षण और अनुसंधान के उत्कृष्ट केंद्रों के रूप में विकसित किया जाए।

विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने आयुष चिकित्सा संस्थानों में ओपीडी सेवाओं को बेहतर बनाने, दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा पंचकर्म जैसी पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयुष सेवाओं को जनविश्वास और गुणवत्ता से जोड़ते हुए मरीजों को बेहतर उपचार एवं वेलनेस सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। मुख्यमंत्री ने महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय, गोरखपुर में शोध एवं नवाचार गतिविधियों को गति देने पर बल दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय में स्थायी फैकल्टी की नियुक्ति प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने तथा आयुष की पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के क्षेत्र में विश्वविद्यालय को उत्कृष्टता केंद्र के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए।

## यूके, यूएसए, ऑस्ट्रेलिया समेत 10 से अधिक देशों में बजा यूपी का डंका

- **एक हजार से ज्यादा देशी गायों के सहारे 10 करोड़ रुपये के सालाना कारोबार का एथिकल डेयरी मॉडल**
- **देशी गायों से बने दूध, कुकीज, लड्डू, हर्बल चाय समेत 150 प्रकार के प्रोडक्ट की दुनिया में धूम**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ह्यगो संरक्षण से समृद्धि मॉडल अब जमीन से उठकर ग्लोबल मंच पर अपनी ताकत दिखा रहा है। उत्तर प्रदेश में देशी गायों के सहारे न सिर्फ 10 करोड़ रुपये का सालाना कारोबार खड़ा हुआ है, बल्कि यूके, यूएसए, ऑस्ट्रेलिया समेत 10 से अधिक देशों में मेड इन यूपी गो उत्पादों की धूम मच गई है।

यह मॉडल सिर्फ गोसेवा तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे एक सशक्त आर्थिक ताकत में बदल दिया गया है। हेता के जरिए 1000 से ज्यादा देशी गायों पर आधारित एथिकल डेयरी सिस्टम खड़ा किया गया है, जिसने देशी नस्लों को बाजार से जोड़कर आत्मनिर्भरता की नई परिभाषा लिख दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस मॉडल से संरक्षित साहीवाल गाय की आरती और गोपूजन कर चुके हैं।

सीएम योगी की प्रेरणा से सिकंदरपुर, गाजियाबाद के असीम रावत ने इस अभियान की शुरूआत की। असीम 14 साल तक लगातार अमेरिका समेत दुनिया के तमाम देशों की दिग्गज सॉफ्टवेयर कंपनियों में इंजीनियर रहे। फिर इन्होंने गो संरक्षण की राह चुनी। आज 100 लोगों की एक स्पेशल टीम के साथ वे इस मिशन को न सिर्फ चला रहे हैं, बल्कि इसे ग्लोबल ब्रांड बना दिया है। हेता का मॉडल देशी गायों के समग्र उपयोग पर आधारित है। यहां दूध से लेकर पंचगव्य, आयुर्वेदिक उत्पाद, ऑर्गेनिक फूड और वेलनेस प्रोडक्ट्स तक करीब 150 प्रकार के प्रोडक्ट तैयार किए जा रहे हैं। अ2 दूध, बिलौना घी, ब्राह्मी घृत, शतधौत घृत, कुकीज, लड्डू, हर्बल चाय, स्किन-हेयर केयर और गोमूत्र अर्क जैसे उत्पाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेजी से अपनी जगह बना रहे हैं। इस मॉडल की सबसे खास बात यह है कि यहां वृद्ध गोवंश को भी बोझ नहीं, बल्कि जिम्मेदारी माना गया है। उन्हें छोड़ा नहीं जाता, बल्कि संरक्षण का अभिन्न हिस्सा बनाया जाता है। हेता के उत्पाद आज भारत के अलावा अमेरिका, कनाडा, यूनाइटेड किंगडम, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, यूरोप, सिंगापुर, दुबई और अन्य मध्य-पूर्व व एशियाई देशों तक पहुंच रहे हैं, जिससे यूपी की पहचान वैश्विक स्तर पर मजबूत हो रही है। पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम के अनुसार योगी सरकार इस मॉडल को व्यापक बनाने के लिए बड़े स्तर पर नीतिगत समर्थन भी दे रही है। ऑपरेशन-4 के तहत स्वदेशी गायों के पालन पर 50 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जा रही है। डेयरी मास्टर प्लान के तहत 2 से 25 गायों तक पशु पालकों को लाखों रुपये का अनुदान मिल रहा है। योजना में 15 प्रतिशत स्वयं निवेश, 35 प्रतिशत बैंक ऋण और 50 प्रतिशत सब्सिडी का स्पष्ट फामूर्ला लागू किया गया है। साहीवाल, गिर, गंगातीरी और सिंधी जैसी उच्च गुणवत्ता वाली स्वदेशी नस्लों के संरक्षण और विस्तार पर सरकार का विशेष फोकस है।

प्रदेश में लागू चार बड़ी योजनाएं मिलकर डेयरी सेक्टर को नई रफ्तार दे रही हैं। इसका नतीजा यह है कि अब किसान देशी गायों के सहारे करोड़ों की आय अर्जित कर रहे हैं और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नया उछाल देखने को मिल रहा है। योगी सरकार का यह गो-इकोनॉमी मॉडल अब सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश को वैश्विक डेयरी शक्ति बनाने की दिशा में बड़ा कदम बन चुका है।

# अलीगढ़ बनेगा प्रदेश का नया स्पोर्ट्स पावर हाउस

## सीएम योगी सौंपेंगे ओलंपिक स्टैंडर्ड कॉम्प्लेक्स, खिलाड़ियों के लिए नयी उम्मीद और नए अवसरों का बनेगा नया केंद्र

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रदेश में खेल क्रांति को नई गति देते हुए योगी सरकार अलीगढ़ मंडल को एक ऐसी सौगात देने जा रही है, जो आने वाले वर्षों में प्रदेश की खेल प्रतिभाओं की दिशा बदल देगी। 13,000 स्क्वायर मीटर में बना 57 करोड़ से अधिक की लागत से ओलंपिक स्टैंडर्ड इन्डोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स अब बनकर पूरी तरह तैयार है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जल्द ही इसे जनता को समर्पित करेंगे। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस यह परिसर अलीगढ़ ही नहीं, बल्कि पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों के लिए नई उम्मीद और नए अवसरों का केंद्र बनने जा रहा है।

नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने बताया कि यह मंडल का पहला ऐसा विश्वस्तरीय इन्डोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स है, जहां राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप खेल सुविधाएं विकसित की गई हैं। योगी सरकार की मंशा केवल स्टेडियम बनाना नहीं, बल्कि गांव, कस्बों और छोटे शहरों की प्रतिभाओं को ऐसा मंच देना है, जहां से वे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बना सकें।

इस विशाल खेल परिसर की सबसे बड़ी खासियत इसका राष्ट्रीय स्तर का स्विमिंग पूल है। अत्याधुनिक तकनीक से तैयार यह पूल भविष्य में राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के आयोजन का केंद्र बन सकता है। अब तक बड़े शहरों पर निर्भर रहने वाले अलीगढ़ मंडल के तैराकों को अपने ही शहर में उच्च स्तरीय अभ्यास और प्रतियोगिताओं का अवसर मिलेगा। कॉम्प्लेक्स में आधुनिक मल्टीपर्पज हॉल भी बनाया गया है, जहां विभिन्न इनडोर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा सकेंगी। बैडमिंटन और बास्केटबॉल कोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार किया गया है। इसके साथ ही बिलियर्ड्स रूम और हाईटेक जिम की सुविधा भी खिलाड़ियों को उपलब्ध कराई गई है। पेशेवर प्रशिक्षण और फिटनेस को ध्यान में रखते हुए तैयार यह परिसर खिलाड़ियों को बड़े शहरों जैसी सुविधाएं देगा। स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स को केवल अभ्यास केंद्र नहीं, बल्कि बड़े खेल आयोजनों के लिए एक सम्पूर्ण स्पोर्ट्स हब के रूप में विकसित किया गया है। दर्शकों की सुविधा के लिए अत्याधुनिक स्पेक्टेटर गैलरी बनाई गई है, जहां बड़ी संख्या में लोग बैठकर प्रतियोगिताओं का आनंद ले सकेंगे। इसके अलावा वीआईपी रूम, मीडिया रूम और आधुनिक लाउंज क्षेत्र भी तैयार किए गए हैं, जिससे राष्ट्रीय स्तर के आयोजन आसानी से कराए जा सकेंगे। इससे अलीगढ़ भविष्य में बड़े खेल आयोजनों की मेजबानी के लिए भी तैयार माना जा रहा है। नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने बताया कि इस कॉम्प्लेक्स के शुरू होने के बाद अलीगढ़ और आसपास के जिलों के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण के लिए दिल्ली, नोएडा या लखनऊ जैसे शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। अब स्थानीय प्रतिभाओं को अपने क्षेत्र में ही विश्वस्तरीय सुविधाएं मिलेंगी। इससे आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सबसे बड़ा लाभ मिलेगा।

आने वाले समय में यह परिसर अलीगढ़ को उत्तर प्रदेश के प्रमुख स्पोर्ट्स सेंटर के रूप में स्थापित करेगा। यहां नियमित प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं के आयोजन से राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार होने की संभावना बढ़ेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में खेल इंफ्रास्ट्रक्चर को लगातार मजबूत किया जा रहा है। गांवों में मिनी स्टेडियम, जिलों में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं के निर्माण के जरिए सरकार युवाओं को खेलों से जोड़ने की रणनीति पर काम कर रही है। अलीगढ़ का यह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स उसी विजन का बड़ा उदाहरण माना जा रहा है। कॉम्प्लेक्स के तैयार होने से खेल प्रेमियों और स्थानीय नागरिकों में उत्साह है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यह परियोजना आने वाले समय में अलीगढ़ के लिए गेम चेंजर साबित होगी। जिस अलीगढ़ की पहचान अब तक ताला उद्योग और शैक्षणिक संस्थानों से जुड़ी रही, वहीं अब यह शहर खेल प्रतिभाओं के नए केंद्र के रूप में भी उभर सकता है। वहीं, स्थानीय खिलाड़ियों का कहना है कि विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ अभ्यास का मौका मिलने से अब उनके सपनों को नई उड़ान मिलेगी।

# लखनऊ में फैलायी गयी पेपर लीक की झूठी सूचना जांच में निकली पूरी तरह फर्जी

विशेष संवाददाता (vol)

- **जांच में साफ हुआ कि प्रश्नपत्र और ओएमआर शीट पूरी तरह सीलबंद और सुरक्षित**
- **एआई, बायोमैट्रिक और हाईटेक निगरानी ने नकल माफियाओं की तोड़ी कमर**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भर्ती परीक्षाओं को लेकर वर्षों तक सक्रिय रहे पेपर लीक और नकल माफियाओं के नेटवर्क पर योगी सरकार की सख्ती लगातार भारी पड़ रही है। इसका बड़ा उदाहरण विगत दिनों आयोजित लेखपाल मुख्य परीक्षा-2025 में देखने को मिला, जहां सोशल मीडिया के जरिए पेपर लीक की अफवाह फैलाने की कोशिश हुई, लेकिन प्रशासन और आयोग की सतर्कता के आगे यह साजिश पूरी तरह नाकाम साबित हुई।

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) द्वारा आयोजित यह परीक्षा प्रदेश के 44 जिलों के 861 केंद्रों पर शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराई गई। कुल 3,66,712 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 3,01,756 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में हिस्सा लिया। उपस्थिति प्रतिशत 82.29 रहा, जो अभ्यर्थियों के भरोसे को भी दशार्ता है। परीक्षा शुरू होते ही लखनऊ के ऐशबाग स्थित गोपीनाथ लक्ष्मणदास रस्तोगी इंटर कॉलेज को लेकर कुछ लोगों ने पेपर लीक की अफवाह फैलाने की कोशिश की। सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, आयोग और निगरानी टीमों ने तत्काल जांच शुरू की। जांच में साफ हुआ कि प्रश्नपत्र और ओएमआर शीट पूरी तरह सीलबंद और सुरक्षित थीं। दरअसल, एक कक्ष के कुछ अभ्यर्थी भ्रम की स्थिति में बाहर आ गए थे, जिसे कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर पेपर लीक का रंग देने की कोशिश की। अधिकारियों ने मौके पर स्थिति स्पष्ट की, जिसके बाद अभ्यर्थी वापस परीक्षा कक्ष में पहुंचे और परीक्षा शांतिपूर्वक जारी रही। इस बार परीक्षा की निगरानी पूरी तरह तकनीक आधारित रही। आयोग मुख्यालय से लेकर सभी परीक्षा केंद्रों तक कंट्रोल कमांड रूम के जरिए लाइव मॉनिटरिंग की गई। पूरे प्रदेश में 18,883 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। इसके अलावा 7,683 बायोमैट्रिक ऑपरेटर और 6,297 फ्रिस्किंग गार्ड तैनात किए गए थे।

एआई आधारित पहचान प्रणाली के जरिए प्रतिरूपण और फजीर्वाड़े पर नजर रखी गई। यही कारण रहा कि बुलंदशहर में एक संदिग्ध अभ्यर्थी तुरंत पकड़ लिया गया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। उत्तर प्रदेश में एक समय भर्ती परीक्षाएं पेपर लीक और सॉल्वर गैंग के कारण सवालों में रहती थीं, लेकिन योगी सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह बदलने की दिशा में सख्त कदम उठाए हैं।

# राहुल गांधी का बयान जनादेश का अपमान : पंकज चौधरी

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने की राहुल गांधी के बयान की कड़ी आलोचना

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा दिए गए उस बयान की कड़ी आलोचना की है, जिसमें उन्होंने कहा है कि अगले एक वर्ष में मोदी सरकार गिर जाएगी। उन्होंने कहा कि यह बयान लोकतांत्रिक व्यवस्था और देश की जनता द्वारा दिए गए जनादेश का सीधा अपमान है।

उन्होंने कहा कि लगातार लोकतांत्रिक संस्थाओं और जनादेश पर सवाल उठाना कांग्रेस की पुरानी राजनीतिक संस्कृति का हिस्सा बन चुका है। जब-जब देश की जनता ने कांग्रेस को नकारा है, तब-तब कांग्रेस नेतृत्व ने आत्ममंथन करने के बजाय लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को कटघरे में खड़ा करने का प्रयास किया है। राहुल गांधी का यह बयान भी उसी मानसिकता का परिचायक है, जिसमें सत्ता प्राप्ति के लिए भय, भ्रम, अविश्वास और अराजकता का वातावरण तैयार करने की कोशिश की जाती है।

उन्होंने कहा कि देश की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को स्पष्ट और मजबूत जनादेश दिया है। यह जनादेश केवल सरकार बनाने का नहीं, बल्कि विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत और विश्वगुरु भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने का जनादेश है। कांग्रेस और उसके सहयोगी दल यह भलीभांति जानते हैं कि लोकतांत्रिक तरीके से भारतीय जनता पार्टी का मुकाबला करना उनके लिए लगातार कठिन होता जा रहा है, इसलिए वे जनता के विश्वास को कमजोर करने के लिए नकारात्मक राजनीति का सहारा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व मंच पर तेजी से अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आर्थिक, सामरिक, तकनीकी और वैश्विक कूटनीति के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। ऐसे समय में कांग्रेस नेताओं द्वारा विदेशी मंचों पर जाकर भारत की आलोचना करना, संवैधानिक संस्थाओं पर अविश्वास प्रकट करना और हर सकारात्मक उपलब्धि पर प्रश्नचिह्न लगाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। यह आचरण केवल राजनीतिक विरोध नहीं, बल्कि राष्ट्रहित के ऊपर सत्ता की राजनीति को प्राथमिकता देने वाली मानसिकता को दर्शाता है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस को यह समझना चाहिए कि भारत का लोकतंत्र अत्यंत मजबूत है और यहां सरकारें जनता के आशीर्वाद से बनती और चलती हैं, किसी की मनोकामनाओं या साजिशों से नहीं गिरतीं। देश की जनता ने बार-बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर विश्वास जताया है और यही कारण है कि विपक्ष निराशा और हताशा में इस प्रकार के गैर-जिम्मेदाराना बयान दे रहा है।

# भाजपा सरकार ने देश को आर्थिक संकट में फंसा दिया : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

- **सपा अध्यक्ष ने विभिन्न जिलों से आये कार्यकर्ताओं को किया सम्बोधित**

**लखनऊ।** सपा अध्यक्षा अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने देश को गंभीर आर्थिक संकट में फंसा दिया हैं। मंहगाई लगातार बढ़ती जा रही है। रोज-रोज, पेट्रोल-डीजल की मंहगाई का क्या अर्थ है? अर्थव्यवस्था अनियंत्रित क्यों हो गयी? 12 वर्ष की सरकार के हिसाब की जवाबदेही किसकी है?

पार्टी के प्रदेश मुख्यालय, लखनऊ में रविवार को प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आये नेताओं और कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा असत्य के रास्ते पर है। पूरे यूपी को अंधकार में धकेल दिया है। यूपी में समस्याओं का अम्बार है। जब से भाजपा सत्ता में आयी है, आमजन का जीना दूभर हो गया है। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम पर हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने यूपी का बंटाधार कर दिया है। अपने दो कार्यकाल में भाजपा सरकार ने पीडीए समाज के साथ सबसे ज्यादा अन्याय किया है। उन्होंने कहा कि लोक कल्याणकारी राज्य का नेतृत्व ईमानदार होना चाहिए। भाजपा में इसका नितांत अभाव है। भाजपा समाज में नफरत फैलाकर राजनीति करने का पाप कर रही है।

अखिलेश यादव ने कहा कि 2022 में सपा सरकार बनाने से चूक गयी थी। 2027 में कोई कसर नहीं छोड़नी है। जनता सपा के साथ है। सपा का लक्ष्य शत प्रतिशत सीटें जीतने का है। इस बार यूपी से भाजपा का पूरा का पूरा सफाया करना है। पीडीए जीत की गारंटी है। 2024 का लोकसभा चुनाव मिसाल है।

# महिलाओं को मिला आत्मनिर्भरता का आधार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश में आंगनबाड़ी व्यवस्था लगातार मजबूत और आधुनिक होती जा रही है। बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की योजनाओं ने प्रदेश की लाखों आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को नई पहचान, सम्मान और आर्थिक मजबूती दी है। कभी सीमित संसाधनों और कम सुविधाओं में काम करने वाली महिलाएं योगी सरकार में गांव-गांव में महिला सशक्तीकरण और सामाजिक जागरूकता की मजबूत मिसाल बनकर उभरी हैं।

प्रदेश में वर्तमान समय में 1,83,049 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां और 1,61,491 सहायिकाएं कार्यरत हैं। यानी करीब 3.44 लाख महिलाएं बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं के पोषण, स्वास्थ्य और देखभाल की जिम्मेदारी निभा रही हैं। योगी सरकार ने इन महिलाओं को केवल मानदेय आधारित कर्मचारी मानने के बजाय समाज परिवर्तन की अहम कड़ी के रूप में स्थापित करने का कार्य किया है।

योगी सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए मानदेय और प्रोत्साहन राशि में सुधार किया है। वर्तमान में कार्यकत्रियों को 8 हजार रुपये और सहायिकाओं को 4 हजार रुपये मासिक मानदेय दिया जा रहा है।

जिसमें कार्य आधारित प्रोत्साहन राशि की व्यवस्था भी लागू है। पूरक पोषण का शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने पर कार्यकत्रियों को 500 रुपये और सहायिकाओं को 400 रुपये अतिरिक्त दिए जाते हैं। इसके अलावा पोषण ट्रैकर पर लाभार्थियों की पूरी फीडिंग करने पर कार्यकत्रियों को 1,000 रुपये और सहायिकाओं को 350 रुपये अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि दी जा रही है।

बाल विकास एवं पुष्टाहार तथा राज्य पोषण मिशन की निदेशक हर्षिता माथुर ने बताया कि योगी सरकार ने आंगनबाड़ी व्यवस्था को तकनीक से जोड़कर आधुनिक स्वरूप दिया है।

पोषण ट्रैकर प्रणाली लागू होने से लाभार्थियों का रिकॉर्ड ऑनलाइन हो रहा है और योजनाओं की निगरानी अधिक प्रभावी बनी है। निदेशक हर्षिता माथुर ने बताया कि फेस रिकग्निशन सिस्टम के जरिए 98.76 प्रतिशत लाभार्थियों का पंजीकरण पूरा किया जा चुका है। इससे फजीर्वाड़े पर रोक लगी है और योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्रों तक पहुंच रहा है।

आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं की स्वास्थ्य सुरक्षा पर भी सरकार ने विशेष ध्यान दिया है। प्रदेश में 3,16,724 आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं, जिससे उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। इससे लाखों महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा का मजबूत आधार मिला है।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान संगठन को मजबूती देने का सशक्त माध्यम

## जिला प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम के समापन समारोह में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को एक रिसॉर्ट मोहनलालगंज, रायबरेली रोड, लखनऊ में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत जिला प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया।

उप मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम संगठन की मजबूती का आधार होते हैं तथा कार्यकताओं को वैचारिक रूप से सशक्त बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकताओं को बधाई देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, राष्ट्रसेवा एवं जनकल्याण के प्रति और अधिक समर्पित बनाना है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता हर परिस्थिति में जनता के बीच रहकर कार्य करता है और यही उसकी सबसे बड़ी ताकत एवं पहचान है। उन्होंने कहा कि कुछ नेता केवल आलोचना की राजनीति करते हैं, जबकि जनता विकास और सकारात्मक कार्यों को प्राथमिकता देती है। उन्होंने पं. दीन दयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उनके विचार, आदर्श और बलिदान आज भी संगठन की वैचारिक नींव को मजबूती प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने संगठन की गतिविधियों एवं आगामी रणनीतियों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर आयोजित प्रदर्शनी को देखकर उसकी सराहना की। साथ ही क्षेत्र पंचायत निधि से संपन्न विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम में अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, जिलाध्यक्ष विजय मौर्य, भाजपा के प्रदेश मंत्री शंकर लाल लोधी एवं अर्चना मिश्रा, एमएलसी रामचंद्र प्रधान, विधायकगण योगेश शुक्ला, अमरेश कुमार सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ग्रामीण विकास को नयी गति दे रही डबल इंजन सरकार

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को एक रिसॉर्ट, मोहनलालगंज, रायबरेली रोड, लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में विकास खण्ड मोहनलालगंज के ग्रामीण क्षेत्रों में केन्द्रीय वित्त आयोग एवं पंचम वित्त (राज्य वित्त आयोग) से निर्मित 32 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इन परियोजनाओं की कुल लागत लगभग 3 करोड़ रुपये है। लोकार्पित परियोजनाओं में सी.सी. रोड निर्माण, खड़ंजा निर्माण एवं मरम्मत, इंटरलॉकिंग, नाला एवं नाली निर्माण, आर.ओ. वाटर प्लांट स्थापना, तालाब निर्माण तथा पंचायत भवनों के मरम्मत कार्य शामिल हैं। इन विकास कार्यों से क्षेत्र के ग्रामीणों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा आवागमन, स्वच्छता एवं पेयजल व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उप मुख्यमंत्री ने जिन प्रमुख परियोजनाओं का लोकार्पण किया, उनमें ग्राम पंचायत सिसेंडी में बड़े शिवालय मंदिर से सोनू शुक्ला की दुकान तक सी.सी. रोड निर्माण, दयालपुर में भज्जन मऊ डामर रोड खड़ंजा निर्माण, हसनपुर में सी.सी. रोड एवं नाला निर्माण, रायभान खेड़ा में नाली निर्माण, परसपुरठ्ठा एवं गौतम खेड़ा में नाली व इंटरलॉकिंग कार्य, नन्दौली में खड़ंजा मरम्मत, सलेमपुर अचाका एवं रघुनाथ खेड़ा में इंटरलॉकिंग व सी.सी. रोड निर्माण, धतौनी में नाला निर्माण, डलौना में चन्दा ताली तालाब निर्माण, उतरावां एवं कुशमौरा में आर.ओ. वाटर कार्य सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों में अनेक विकास कार्य शामिल हैं।

# उपखनिजों के अवैध खनन एवं अवैध परिवहन के विरुद्ध प्रवर्तन अभियान : माला श्रीवास्तव

**लखनऊ।** प्रदेश में उपखनिजों के अवैध खनन, अवैध परिवहन तथा ओवरलोडिंग पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से सचिव एवं निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, उत्तर प्रदेश माला श्रीवास्तव के निर्देश पर अमित कौशिक संयुक्त निदेशक के नेतृत्व में निदेशालय स्तर से प्रदेश के प्रयागराज, फतेहपुर, बांदा, कौशाम्बी, चित्रकूट, रायबरेली, प्रतापगढ़, अमेठी, आदि जिलों में विशेष अभियान चलाया गया है। जांच में अधिकांश वाहन वैध परिवहन प्रपत्रों के साथ परिवहन करते हुए पाए गए, जबकि जिन वाहनों में अवैध परिवहन अथवा ओवरलोडिंग पायी गयी, उनके विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की गयी। इस कार्रवाई के तहत लगभग 35 वाहनों पर 12 लाख रुपये का की धनराशि अधिरोपित की गयी। यह विशेष प्रवर्तन अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए सचिव एवं निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म, उत्तर प्रदेश माला श्रीवास्तव ने अंतर्राज्यीय सीमावर्ती जिलों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अन्य राज्यों से आने वाले उपखनिजों का परिवहन आईएसटीपी के साथ ही सुनिश्चित किया जाये तथा किसी भी दशा में ओवरलोडिंग न होने दी जाये।

# शपथ लेने के बाद अखिलेश से मिले पार्षद ललित किशोर तिवारी



**लखनऊ।** सपा के पार्षद ललित किशोर तिवारी ने लम्बी कानूनी लड़ाई के बाद लखनऊ उत्तर विधानसभा क्षेत्र के फैजुल्लागंज वार्ड-73 से विजयी घोषित होकर आज अपने पद की शपथ लेने के बाद पार्टी के राज्य मुख्यालय में आकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से भेंट किया। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी एवं पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल भी मौजूद रहे।

अखिलेश यादव ने ललित किशोर तिवारी के पार्षद बनने पर बधाई दी और कहा कि यह न्यायालय की जीत है। उन्होंने तिवारी से जनसेवा करते हुए 2027 के विधानसभा चुनाव में सपा की जीत के लिए जुटने को कहा। तिवारी ने अपने चुनाव संघर्ष में सपा के समर्थन-सहयोग के लिए धन्यवाद दिया और अखिलेश यादव के मुख्यमंत्रित्व में सपा सरकार 2027 में पुनः बनाने का संकल्प लिया। ललित किशोर तिवारी के साथ नगर निगम, लखनऊ में पार्षद दल के नेता कामरान बेग, उत्तर विधानसभा पार्टी प्रभारी पूजा शुक्ला तथा पार्षद नदीम खान, गुलशन अब्बास ने भी अखिलेश यादव से भेंट की। इस अवसर पर देवी बक्स सिंह एडवोकेट, डॉ. हमजा बिलाल, शैलेंद्र वर्मा, सुधीर मौर्य, रमेश भाई, सहित एडवोकेटगण करूणेश तिवारी, सत्य नारायण, सतेन्द्र सिंह, आलोक यादव, सत्य नारायण यादव, राम सुफल, संजय पटेल, सिराज अहमद, दिलीप पाठक, प्रत्यूष तिवारी, हिमांशु शुक्ल, रमन वर्मा, अरविन्द पाठक तथा अचल तिवारी, अभिषेक तिवारी, मानस तिवारी आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

संक्षेप

## संदिग्ध परिस्थिति में महिला की मौत, कोहराम



प्रतापगढ़। संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सांगीपुर थाना क्षेत्र के टेकनियापुर निवासी श्याम लाल वर्मा की पत्नी उर्मिला वर्मा (55) रविवार को सुबह घर से चीखते चिल्लाते निकली और कुछ ही दूर पर गांव के हरकेश पाल के घर के सामने बिछी चारपाई पर गिर गयी। देखते ही देखते उर्मिला की सांसे थम गयी। उर्मिला की मौत से गांव में हड़कम्प मच गया। इधर उर्मिला की मौत की जानकारी मायके बगल के कल्यानपुर कला गांव पहुंची। सूचना मिलने पर उसका भाई अमर बहादुर रोते बिलखते पहुंचा। अमर बहादुर की सूचना पर सांगीपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा कराकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। सूत्रों के मुताबिक चार दिन पहले उर्मिला की मां की मौत हो गयी थी। वह मायके गई हुई थी। शनिवार को शाम वह मायके से ससुराल टेकनियापुर पहुंची। चर्चा के मुताबिक मृतका का पति श्याम लाल नशे का आदी है और वह ससुराल में हिस्से के लिए पत्नी से प्रायः विवाद किया करता था। उर्मिला के विरोध करने पर शनिवार की शाम भी पति और पत्नी के बीच विवाद हुआ था। रविवार की सुबह करीब साढ़े आठ बजे पति द्वारा उर्मिला के साथ मारपीट की गयी। सांगीपुर एसओ गौरव त्रिवेदी का कहना है तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जायेगी। हालांकि सांगीपुर पुलिस ने पूछताछ के लिए मृतका के पति श्याम लाल को हिरासत में ले रखा है।

## वांछित धराया, गया जेल

प्रतापगढ़। सांगीपुर पुलिस ने मुकदमें में वांछित आरोपी को हिरासत में लेकर रविवार को जेल भेज दिया। थाने के दरोगा आदित्य पाण्डेय फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। खाद्य मिलावट निवारण अधिनियम के मुकदमें में वांछित सांगीपुर निवासी पप्पू सोनी उर्फ विन्देश्वरी पुत्र लल्लन सोनी उर्फ लालता प्रसाद को पुलिस ने वांछित के तौर पर हिरासत में ले लिया। दोपहर बाद पुलिस ने आरोपी पप्पू को जेल भेज दिया।

## युवक की मौत को लेकर पत्नी के खिलाफ प्रताड़ना का केस

प्रतापगढ़। संदिग्ध दशा में युवक की हुई मौत को लेकर सांगीपुर पुलिस ने मृतक की पत्नी के खिलाफ प्रताड़ना का केस दर्ज किया है। सांगीपुर थाना के राजमतीपुर निवासी अवधेश वर्मा पुत्र उमाशंकर वर्मा की बीती इक्कीस मई को तबीयत खराब होने से मौत हो गयी थी। इस बाबत मृतक के चचेरे भाई समरजीत वर्मा पुत्र हीरालाल ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि उसके मृतक भाई ने एम्बुलेंस में पत्नी पर अवैध संबंध के चलते प्रताड़ना की बात कही थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मृतक की पत्नी के खिलाफ पति की मौत को लेकर प्रताड़ना का केस दर्ज किया है। सांगीपुर एसओ गौरव त्रिवेदी का कहना है तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया है। जांचकर आरोपिता के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

## मासूम के साथ सामूहिक दुष्कर्म, धराए बाल अपचारी

प्रतापगढ़। मासूम के साथ सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को लेकर उदयपुर पुलिस ने तीन बाल अपचारियों के खिलाफ दुष्कर्म तथा पास्को एक्ट का केस दर्ज किया है। वहीं पुलिस ने आरोपी बाल अपचारियों को हिरासत में लिया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में पीड़ित के मुताबिक बीती तेइस मई को दिन में तीन बजे शौंच को गयी छह वर्षीय मासूम के साथ तीन बाल अपचारियों ने जबरिया दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। मासूम का पिता निमंत्रण के लिए बाहर गया था। देर रात घर वापस आया तब अपनी बेटी की तबियत ठीक न देख पूछताछ की। पूछताछ में मासूम ने रोते बिलखते घटना से पिता व परिजनों को अवगत कराया। तहरीर के आधार पर उदयपुर पुलिस ने पड़ोसी गांव पथरिया बोझी गांव निवासी आरोपी सोनू पुत्र राजकुमार, सत्येन्द्र पुत्र रामसमुझ व युवराज पुत्र सूरज पाल के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म का केस दर्ज किया है। उदयपुर पुलिस द्वारा घटना में नामजद तीनों बाल अपचारियों को हिरासत में ले लिया गया है। इस बाबत उदयपुर थाना का प्रभार देख रहे टेज्नी आईपीएस आफताब आलम का कहना है तीनों बाल अपचारियों को जेजे बोर्ड भेज दिया गया है।

### 172.95 लाख की बिनैका ग्राम पंचायत पेयजल योजना का भव्य जलार्पण

# जल -जीवन मिशन महत्वाकांक्षी योजना



राम आशीष दूबे

सिद्धार्थनगर। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत जनपद सिद्धार्थनगर के विकास खण्ड उसका बाजार स्थित बिनैका ग्राम पंचायत पेयजल योजना का रविवार को भव्य जलार्पण समारोह आयोजित किया गया। डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्र के सांसद जगदंबिका पाल ने विधिवत पूजा-अर्चना एवं फीता काटकर योजना का लोकार्पण किया। इस महत्वाकांक्षी योजना का निर्माण ?172.95 लाख की लागत से कराया गया है, जिससे ग्राम पंचायत बिनैका के हजारों ग्रामीणों को अब घर-घर स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध होगा। समारोह के दौरान ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्य, निवर्तमान जिलाध्यक्ष लालजी त्रिपाठी, जिला महामंत्री फतेह बहादुर, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह, अधिशासी अभियंता संजय जायसवाल, जिला समन्वयक राजेश मिश्रा तथा डीपीएम अभिषेक यादव सहित अनेक अधिकारी, कर्मचारी एवं भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

समारोह के दौरान सांसद जगदंबिका पाल ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित अन्य पेयजल योजनाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पंप ऑपरेटरों एवं कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। योजना का निर्माण जल जीवन मिशन (फेज-2) के अंतर्गत किया गया है। वर्ष 2021-22 में स्वीकृत इस परियोजना की कुल लागत 172.95 लाख है। योजना से 2958 आबादी वाले राजस्व ग्राम बिनैका को लाभ मिलेगा। 200 किलोलीटर क्षमता एवं 12 मीटर ऊंचाई की आधुनिक पानी की टंकी का निर्माण कराया गया है। जलापूर्ति हेतु 700 छढट क्षमता का नलकूप तथा 15 ल्ढ मोटर पम्प स्थापित किया गया है। गांव में 6.586 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाकर 583 घरों को नल कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है। निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 25 ङ्ह सोलर पैनल एवं 20 डीजी सेट की व्यवस्था की गई है। योजना के संचालन एवं अनुरक्षण की जिम्मेदारी अगले 10 वर्षों तक संबंधित फर्म द्वारा निभाई जाएगी। उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) के खण्ड कार्यालय सिद्धार्थनगर के अंतर्गत कार्यदायी संस्था मेघा इंजीनियरिंग द्वारा इस परियोजना को पूर्ण कराया गया है। इस योजना के शुरू होने से ग्रामीणों को नियमित एवं गुणवत्तायुक्त पेयजल उपलब्ध होगा, जिससे क्षेत्र में जलजनित बीमारियों में कमी आएगी तथा लोगों के स्वास्थ्य और जीवन स्तर में व्यापक सुधार होगा।

# शाहपुर नवीन मंडी में लगी आग

### सात दुकानें जलकर राख, लाखों का सामान खाक



सिद्धार्थनगर- जिले के डुमरियागंज क्षेत्र स्थित शाहपुर नवीन मंडी में शनिवार शाम लगभग 5:00 बजे भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने सात दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें और धुएं का गुबार दूर तक दिखाई दे रहा था। आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों और दमकल कर्मियों ने कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक दुकानों में रखे फल, नगदी और अन्य सामान जलकर राख हो चुके थे। सातों दुकानें पूरी तरह तबाह हो गईं। पीड़ित दुकानदारों ने बताया कि वे रात में खाना खाने के लिए घर गए थे। इसी दौरान उन्हें मंडी से दुकानों में आग लगने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि दुकानों में रखा फल, नगदी और लाखों रुपये का सामान जल चुका था। व्यापारियों के अनुसार, इस घटना में लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। आग से प्रभावित दुकानदारों में वहाब और मोहम्मद उसमान सहित कई अन्य शामिल हैं। दुकानदारों ने बताया कि उनकी पूरी पूंजी इसी कारोबार में लगी हुई थी, जो आग में नष्ट हो गई। शाहपुर नवीन मंडी के सचिव राजेश कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही वह तत्काल मौके पर पहुंचे। सात दुकानें पूरी तरह जलकर खाक हो गई हैं। उन्होंने लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया है। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है और प्रशासन मामले की जांच कर रहा है।

## पालिकाध्यक्ष ने सड़क मार्ग जनता को सुपुर्द किया



भरथना, इटावा। 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कस्बा के मुहल्ला ब्रहमनगर में नवनिर्मित मार्ग की पट्टिका का पालिकाध्यक्ष ने अनावरण कर सडक मार्ग जनता को सुपुर्द किया। ताकि मुहल्लेवासियों को आवागमन में सुविधा उपलब्ध हो सके। रविवार को कस्बा के मुहल्ला ब्रहमनगर वार्ड नं.- 16 में नीटू यादव के मकान से सौरभ यादव के मकान तक नवनिर्मित नाला उच्चीकरण एवं आरसीसी पटिया निर्माण कार्य की पट्टिका का पालिकाध्यक्ष अजय कुमार यादव गुल्लू ने फीता काटकर शुभारम्भ कर उक्त मार्ग को जनता के सुपुर्द किया। ताकि मुहल्लेवासियों व राहगीरों को उक्त मार्ग से आवागमन करने में सुविधा उपलब्ध हो सके। इस मौके पर चैयरमैन अजय कुमार यादव गुल्लू ने कहा कि नगर में कराये जा रहे विकास कार्यों में उनके द्वारा गुणवत्ता का पूर्ण ध्यान रखा जा रहा है। निर्माण की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। वहीं मुहल्लेवासियों द्वारा पालिकाध्यक्ष श्री यादव का माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया गया। इस मौके पर सभासद राजीव तिवारी, अंकित यादव, राजेश यादव पण्डा, सौरभ यादव, ऋषभ यादव, भूरे गुप्ता, रोहित यादव, चरन सिंह, अनुराग शर्मा, अमन गुप्ता, अंशू चैहान, राकेश गुप्ता, शैलेन्द्र शर्मा, जीतू, शशांक, विक्की आदि की उपस्थिति रहे।

## दो शातिर चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, कब्जे से 2 ई-रिक्शा सहित 8 बैटरियां बरामद



इटावा। दो शातिर चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, कब्जे से 2 ई-रिक्शा व 8 ई-रिक्शा की बैटरियां चोरी की बरामद। क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये निर्देशों 23 मई की रात्रि को थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्ति, वाहन चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर थाना सिविल लाइन पर पंजीकृत सम्बन्धित 2 अभियुक्तों को नुमाइश मैदान के पास से गिरफ्तार किया गया। पकड़े गये व्यक्तियों से नाम पता पूछते हुये उनकी तलाशी ली गयी तो उनके कब्जे से 2 ई-रिक्शा व 8 ई-रिक्शा बैटरियां बरामद की गयी। जिसके सम्बन्ध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि हम लोग अपने साथी के साथ मिलकर ई-रिक्शा चोरी करते हैं तथा चोरी करने के बाद ई-रिक्शा व ई-रिक्शा की महंगी बैटरियों को बेचकर धन अर्जित करते थे। 19 मई को आयुष कंपनी का ई-रिक्शा उन्होंने सरैया चुंगी के पास से चुराया था। पुलिस टीम में प्रभारी निरी. कण्व कुमार मिश्र थाना सिविल लाइन, उ.नि. मंगल सिंह मौजूद रहे। पुलिस ने दीपू पुत्र गंगाराम निवासी नगला नधा थाना बसरेहर हाल निवासी ब्लॉक नं. 8/121, कांशीराम कॉलोनी, थाना सिविल लाइन्स, साजिद खान पुत्र लईक निवासी मोहल्ला शाहकमर थाना कोतवाली, हाल निवासी ब्लॉक नंबर 9 कांशीराम कॉलोनी थाना सिविल लाइन्स को गिरफ्तार किया।

## अवैध खनन पर प्रशासन सख्त, 7 ट्रैक्टर-ट्राली सीज

श्रावस्ती। प्रदेश सरकार के निर्देश पर जनपद में अवैध खनन के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में रविवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 7 ट्रैक्टर-ट्राली सीज किए। जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग के मार्गदर्शन में राजस्व विभाग और खनन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा तीनों तहसीलों में जांच अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान तहसील भिनगा क्षेत्र में 6 ट्रैक्टर-ट्राली तथा जमुनहा क्षेत्र में 1 ट्रैक्टर-ट्राली अवैध रूप से मिट्टी खनन करते हुए पकड़ी गई। मौके पर सभी ट्रैक्टर-ट्रालियों में मिट्टी लदी मिली। प्रशासन ने सभी वाहनों को सीज कर पुलिस अभिरक्षा में सौंप दिया। अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अवैध खनन के खिलाफ आगे भी लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

### नेपाल बॉर्डर क्षेत्र को मिली विकास की बड़ी सौगात

# बहराइच- ककरदरी मार्ग का शिलान्यास

श्रावस्ती। जनपद श्रावस्ती से नेपाल बॉर्डर क्षेत्र के लोगों को आज विकास की एक बड़ी सौगात मिली। बहराइचझककरदरी मुख्य राजमार्ग के सुंदरीकरण एवं चौड़ीकरण कार्य का विधिवत पूजा-अर्चना के साथ श्रावस्ती विधायक राम फेरन पाण्डेय ने शिलान्यास किया। करीब 12304 लाख की लागत से बनने वाला यह मुख्य राज्य मार्ग क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को नई मजबूती प्रदान करेगा। सड़क के चौड़ीकरण और सुंदरीकरण से बहराइच, मल्हीपुर तथा नेपाल सीमा से जुड़े क्षेत्रों के लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। लंबे समय से बेहतर सड़क संपर्क की मांग कर रहे क्षेत्रवासियों में इस परियोजना को लेकर उत्साह देखा गया। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार गांव, कस्बों और सीमावर्ती क्षेत्रों को बेहतर सड़क नेटवर्क से जोड़ने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास की रीढ़ होती हैं और बेहतर मार्ग बनने से व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में प्रदेश के हर क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। सीमावर्ती क्षेत्रों को मुख्य मार्गों से जोड़ने के लिए विशेष योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिससे आम जनता को सीधा लाभ मिल सके।



स्थानीय लोगों ने सड़क निर्माण कार्य शुरू होने पर खुशी जताते हुए इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# अनियंत्रित कार पोखरे के पास पलटी, दो की मौत

### नियंत्रण खोने से हुआ हादसा, कई बार पलटकर गड्ढे में गिरी



सिद्धार्थनगर- शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना परसा पडरिया गांव के समीप सड़क किनारे स्थित पोखरे के पास सुबह करीब 7:00 बजे हुई, जब एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, सभी लोग निजी कार से इटवा क्षेत्र से अपने गांव लौट रहे थे। रविवार सुबह पडरिया गांव के पास पहुंचने पर चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। कार सड़क किनारे कई बार पलटी और पोखरे के समीप जा गिरी।

हादसे की तेज आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और फंसे लोगों को बाहर निकालने का प्रयास किया। इस दुर्घटना में निसार अहमद (38 वर्ष) पुत्र नजीर अहमद और नौशाद अहमद (19 वर्ष) पुत्र निजाम अहमद, दोनों निवासी ग्राम धनधरी कला, पोस्ट मोहन कोला की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में रियाज अहमद (27 वर्ष) पुत्र नजीर अहमद और असद अहमद (13 वर्ष) पुत्र निसार अहमद गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों और पुलिस की सहायता से दोनों घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों के अनुसार, उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना पर शोहरतगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को कब्जे में ले लिया है और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ़ नवीन कुमार सिंह ने बताया कि हादसे में मृत दोनों लोगों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, जबकि घायलों का उपचार अस्पताल में चल रहा है। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने की व्यापारियों संग बैठक



श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रकेश सिंह ने पुलिस कार्यालय सभागार में सराफा व्यापारियों, पेट्रोल पंप संचालकों, गैस एजेंसी मालिकों, ईंट भट्ठा संचालकों व अन्य व्यवसायियों के साथ मासिक गोष्ठी की। गोष्ठी में व्यापारियों ने यातायात व्यवस्था, सड़क अतिक्रमण, बस स्टैंड पर अवैध डग्गामार वाहनों, पेट्रोल पंपों की सुरक्षा और स्कूल बसों की फिटनेस जांच जैसी समस्याएं रखीं। अपर पुलिस अधीक्षक ने इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाकर कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने बाजारों और कस्बों में रात्रि गश्त बढ़ाने, बैंक और एटीएम के आसपास संदिग्ध लोगों की चेकिंग कराने तथा व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए नियमित गोष्ठी आयोजित करने की बात कही।

सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सभी व्यापारियों से गार्डों और चौकीदारों का पुलिस सत्यापन कराने तथा बाल श्रम न कराने की अपील की गई। साथ ही चोरी और लूट जैसी घटनाओं की रोकथाम के लिए ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए प्रेरित किया गया। बैठक में व्यापारियों को साइबर अपराध से बचाव के बारे में भी जागरूक किया गया। उन्हें ओटीपी साझा न करने, अनजान लिंक पर क्लिक न करने और बैंक संबंधी जानकारी सुरक्षित रखने की सलाह दी गई।

इस दौरान सूफी सगीर अहमद, दीनानाथ गुप्ता, राजेश कुमार रस्तोगी, करुणेश कुमार द्विवेदी, आशुतोष श्रीवास्तव, खुर्शीद अहमद, अमित कुमार पाठक, सूरज जायसवाल सहित कई व्यापारी और पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# फिट इंडिया अभियान के तहत एसएसबी जवानों ने निकाली साइकिल रैली



श्रावस्ती भिनगा। 62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल भिनगा द्वारा फिट इंडिया मूवमेंट के तहत रविवार को साइकिल रैली का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संडे ऑन साइकिल के 75वें संस्करण के अवसर पर आयोजित हुआ। रैली का उद्देश्य लोगों को फिटनेस, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। इस दौरान अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी एवं जवान बड़ी संख्या में शामिल हुए और लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। साइकिल रैली 62वीं वाहिनी परिसर से शुरू होकर भिनगा बाजार और खरगोरा मार्ग से होते हुए वापस वाहिनी परिसर पहुंची। रैली के दौरान फिट रहें देश को फिट बनाएंह्व और स्वस्थ भारत, सशक्त भारत जैसे नारों के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में कहा गया कि स्वस्थ शरीर ही मजबूत समाज और सशक्त राष्ट्र की नींव है। लोगों से नियमित व्यायाम, साइकिलिंग और फिट रहने की अपील की गई। कार्यक्रम का समापन स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के संकल्प के साथ हुआ।

## महिला थाना प्रभारी भाग्यवती पांडेय की पहल से टूटने से बचे 7 परिवार



सिद्धार्थनगर। मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत महिला थाना सिद्धार्थनगर की एक सराहनीय पहल ने सात बिखरते परिवारों को फिर से एक सूत्र में बांध दिया। महिला थाना परिसर में स्थापित परिवार परामर्श केंद्र के माध्यम से विभिन्न कारणों से अलग रह रहे दंपतियों के बीच आपसी मनमुटाव दूर कराते हुए सात जोड़ों को एक साथ विदा कराया गया। यह मानवीय और प्रेरणादायी कार्य महिला थाना प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पांडेय के कुशल प्रयासों और संवेदनशील कार्यशैली का परिणाम माना जा रहा है। उनकी सकारात्मक सोच, धैर्यपूर्ण काउंसलिंग और पारिवारिक मूल्यों को बचाने की प्रतिबद्धता के चलते सात परिवार टूटने से बच गए। यह कार्यवाही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के नेतृत्व, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी विश्वजीत सौरयान के पर्यवेक्षण में संपन्न हुई। महिला थाना प्रभारी भाग्यवती पांडेय ने परिवारों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए दोनों पक्षों को समझाया और रिश्तों में आई दूरियों को समाप्त करने का सफल प्रयास किया। उनके नेतृत्व में कार्यरत काउंसलिंग टीम ने भी पूरी संवेदनशीलता और समर्पण के साथ परिवारों को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस कार्य में महिला हेड कांस्टेबल आशा गौड़, महिला हेड कांस्टेबल रीना रावत, महिला आरक्षी प्रियंबदा सिंह, महिला आरक्षी संगीता गौतम, महिला आरक्षी शिखा खरवार एवं महिला आरक्षी शिवानी सिंह का विशेष योगदान रहा। इन परिवारों के बीच हुआ समझौता बिना पत्नी अखिलेश निवासी नेबुहवा, थाना इटवा, सिद्धार्थनगर साधना पत्नी मेवा निवासी झगरववा, थाना कठेला समय माता, सिद्धार्थनगर बंदना पत्नी साधू निवासी मैलाने, थाना दुधारा, संतकबीरनगर गीता पुत्री नंदलाल निवासी गौरडीह, थाना मिश्रौलिया, सिद्धार्थनगर रंजू पत्नी नरेंद्र निवासी महादेवराय, थाना उसका बाजार, सिद्धार्थनगर पूजा पत्नी सुनील निवासी बीरपुर, थाना गोराबाजार, बलरामपुर शानिया खातून पत्नी जमशेद निवासी नेहरू नगर नरकटहा, थाना बांसी, सिद्धार्थनगर महिला थाना की इस पहल की क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है। लोगों का कहना है कि यदि इसी तरह संवेदनशीलता के साथ पारिवारिक विवादों का समाधान किया जाए, तो कई परिवार टूटने से बच सकते हैं।

## श्रद्धा व उत्साह के साथ निकली भव्य कलशयात्रा

इटावा। आयोजित श्रीमद भागवत कथा, ज्ञान यज्ञ एवं एकादशी उद्यापन कार्यक्रम के तहत रविवार को भव्य कलश यात्रा बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। कलश यात्रा सनातन धर्म इंटर कॉलेज, कोतवाली के सामने से प्रारंभ होकर कथास्थल माया मैरिज होम, रामलीला रोड तक पहुंची। यात्रा में बड़ी संख्या मं श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

कलश यात्रा में महिलाओं में खासा उत्साह दिखा। महिलाएं सिर पर सजे हुए कलश लेकर शक्ति गीतों व भगवान के जयकारों के साथ चल रही थी। पूरे रास्ते राधे राधे व जयश्री कृष्ण के जयकारों से माहौल भक्तिमय बना रहा।

# हत्या के प्रयास के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



सिद्धार्थनगर के थाना उसका बाजार पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत पुलिस ने यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार थाना उसका बाजार में दर्ज मुकदमा संख्या 83/2026, धारा 75(2)/109/118(1)/324(2)/352/351(3) बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त हिमांशु अग्रहरी उर्फ गोलु निवासी वार्ड नंबर 15, आद्या प्रसाद नगर रेहरा बाजार को 24 मई 2026 को रेलवे स्टेशन उसका बाजार से गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी के नेतृत्व में की गई। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक जयप्रकाश पाण्डेय, हेड कांस्टेबल अनिल चौहान और हेड कांस्टेबल शैलेन्द्र गिरी शामिल रहे।

# बिजली आपूर्ति को हर हाल में दुरुस्त करें भाजपा सरकार : मोना



प्रतापगढ़। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने पार्टी कार्यकताओं से भीषण गर्मी और लू के चलते बिजली की आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में न होने तथा रोज बढ़ती महंगाई को लेकर सरकार के खिलाफ संघर्ष तेज करने का आह्वान किया है। उन्होंने कार्यकताओं के साथ संवाद करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में इस समय भीषण गर्मी और लू के थपेड़े से आम आदमी परेशान है। विधायक मोना ने कहा कि इसके बावजूद सरकार मांग के अनुसार विद्युत आपूर्ति करने में अक्षम साबित हो रही है। शनिवार की देर शाम लालगंज स्थित कैम्प कार्यालय पर संगठन सृजन अभियान की समीक्षा करते हुए विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि प्रदेश के साथ प्रतापगढ़ और उनके निर्वाचन क्षेत्र में सरकार द्वारा जितने घण्टे की बिजली आपूर्ति का शिड्यूल बताया गया है उसके हिसाब से उतने घण्टे तो दूर लोगों को न के बराबर भी विद्युत आपूर्ति सही ढ़ंग से नही हो पा रही है। उन्होंने कहा कि ओवर लोडिंग के कारण ट्रांसफार्मर जल रहे हैं और फीडर जवाब दे रहे हैं। विधायक मोना ने कहा कि इसके कारण व्यापारिक क्षेत्र तथा प्रतियोगी छात्रों की शिक्षा भी प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर ठोकने वाली भाजपा सरकार आपूर्ति व्यवस्था दुरूस्त रखने के लिए अतिरिक्त बिजली नहीं खरीद पा रही है। वहीं उन्होंने डीजल तथा पेट्रोल के दामों में बढ़ोत्तरी को लेकर भाजपा पर हमलावर होते हुए कहा कि इससे बाजार में महंगाई का बोझ आम आदमी पर रोज बढ़ रहा है। उन्होंने कार्यकताओं से महंगाई तथा बदतर बिजली व्यवस्था को लेकर संघर्ष तेज करने को कहा। बैठक की अध्यक्षता ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केडी मिश्रा तथा संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने किया। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, ब्लाक प्रमुख अमित सिंह पंकज, चेयर पर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, आशीष उपाध्याय, छोटे लाल सरोज, नन्हें खां, दयाराम वर्मा, रामू मिश्रा, राजू पाण्डेय, सुधाकर पाण्डेय, भुवनेश्वर शुक्ल आदि रहे।

# गोरखपुर में श्रमजीवी महिला छात्रावास का निर्माण शुरू

- 47.38 करोड़ रुपये की आएगी लागत, 500 बेड की होगी क्षमता
- स्टिल्ट पार्किंग सहित आठ मंजिला बनेगी हॉस्टल बिल्डिंग भवन, होंगे 250 रूम
- राजकीय निर्माण निगम ने सितंबर 2027 तक निर्माण कार्य पूर्ण करने का तय किया लक्ष्य
- महिला सशक्तीकरण के संकल्प को सिद्धि में बदल रही योगी सरकार

गोरखपुर। महिला सशक्तिकरण के संकल्प को सिद्धि में बदलने के योगी सरकार के प्रयासों के क्रम में गोरखपुर में एक और श्रमजीवी महिला छात्रावास का निर्माण शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री श्रमजीवी महिला छात्रावास योजना के तहत चरगांवा के खुटहन में 6640 वर्ग मीटर भूमि पर बन रहा यह हॉस्टल 500 बेड की क्षमता होगा। महिला एवं बाल कल्याण विभाग की तरफ से बन रहे इस छात्रावास के निर्माण पर 47.38 करोड़ रुपये की लागत आएगी। मुख्यमंत्री श्रमजीवी महिला छात्रावास के लिए चयनित भूमि के सॉयल टेस्ट, सर्वे के बाद पायलिंग व प्रारंभिक निर्माण जारी है। साथ ही निर्माण का औपचारिक शिलान्यास सीएम योगी के हाथों कराने की तैयारी की जा रही है। गोरखपुर में कामकाजी महिलाओं के लिए योगी सरकार की पहल पर 75 बेड की क्षमता का एक हॉस्टल का निर्माण नगर निगम की तरफ से मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के तहत पहले से ही करवाया जा रहा है। श्रमजीवी महिला छात्रावास के निर्माण के लिए कार्यदायी संस्था के रूप में उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड, गोरखपुर इकाई को नामित किया गया है। इस हॉस्टल का निर्माण चरगांवा ब्लॉक



परिसर से सटे 6,640 वर्ग मीटर जमीन पर किया जा रहा है। महिला कल्याण अनुभाग-3 की तरफ से स्वीकृत धनराशि 47 करोड़ 38 लाख 47 हजार रुपये में से प्रथम किस्त के रूप में 16 करोड़ 58 लाख 46 हजार रुपये अवमुक्त हो चुके हैं। उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम के परियोजना प्रबंधक नीरज गुप्ता बताते हैं कि सितंबर 2027 तक गोरखपुर के श्रमजीवी महिला छात्रावास के निर्माण पूर्ण करने का लक्ष्य तय किया है। राजकीय निर्माण निगम द्वारा बनाई गई कार्ययोजना के अनुसार वर्किंग वुमेन हॉस्टल की बिल्डिंग में स्टिल्ट पार्किंग रहेगी। उसके ऊपर आठ मंजिला भवन बनाया जाएगा। इस भवन में सिंगल बेड, डबल बेल और ट्रिपल बेड क्षमता के 250 रूम बनाए जाएंगे। यहां रेन वाटर हार्वेस्टिंग की सुविधा होगी और परिसर में हॉर्टिकल्चर कार्य भी कराए जाएंगे।

छात्रावास में आधुनिक सुविधाएं होंगी। इनमें सीसीटीवी कैमरे, फायर सेफ्टी सिस्टम और शिशु सदन शामिल हैं। साथ ही जिम सेंटर, ऑडिटोरियम, लॉन्ड्री, वाहन पार्किंग, कैंटीन और डिपार्टमेंटल स्टोर भी होंगे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए गार्ड, महिला वार्डन और हाउस कीपिंग स्टाफ की नियुक्ति की जाएगी। सीएम योगी के निर्देश पर प्रदेश के सात जिलों में श्रमजीवी महिला छात्रावास बनाए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम को मेरठ, आगरा, गोरखपुर और वाराणसी में महिला छात्रावास बनाना है, जिनमें गोरखपुर में काम शुरू हो गया है। इसके अलावा सीएंडडीएस को प्रयागराज, कानपुर और झांसी में कार्यदायी संस्था चुना गया है। उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम के महाप्रबंधक डीबी सिंह के अनुसार गोरखपुर में काम शुरू करा दिया गया है। जल्द ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों औपचारिक शिलान्यास समारोह भी होगा।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नगर निगम की तरफ से एक वर्किंग वुमेन हॉस्टल पहले से निमार्णाधीन है। सहारा इस्टेट के समीप बन रहे 75 बेडेड इस हॉस्टल के निर्माण पर 18.08 करोड़ रुपये की लागत आएगी। मुख्यमंत्री इस हॉस्टल का नामकरण लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की स्मृति में करने की घोषणा कर चुके हैं।

## संक्षेप

### शाहजहांपुर में कुत्तों के हमले में 11 वर्षीय लड़की की मौत

शाहजहांपुर। जिले में खेत से घर लौट रही 11 वर्षीय लड़की पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। एक चिकित्सक ने रविवार को यह जानकारी दी। थाना सदर बाजार क्षेत्र के रहने वाले नईम अपनी 11 वर्षीय बेटी सुभालिया के साथ खेत में सब्जी तोड़ने गए थे, इस दौरान उन्होंने बेटी को घर से भाई को बुलाने के लिए भेजा। सुभालिया कुछ ही दूर पहुंची थी कि 5-6 कुत्तों ने उस पर हमला कर दिया। परिजन के मुताबिक, राहगीरों ने उसके पिता को सूचना दी और स्थानीय निवासियों की मदद से लड़की को कुत्तों से छुड़ाया गया। उन्होंने बताया कि कुत्तों ने लड़की की गर्दन और शरीर पर नोचकर 10 से 12 गंभीर जख्म कर दिए थे और वे लहूलुहान हालत में परिजन लड़की को मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। राजकीय मेडिकल कॉलेज के आपातकालीन विभाग के चिकित्सक डॉ. मेराज अहमद ने रविवार को बताया कि लड़की को गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया था, उसके शरीर पर कुत्तों के काटने के कई निशान थे और काफी खून बह चुका था। उन्होंने कहा कि तत्काल इलाज शुरू किया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। इस मामले में नगर निगम के नगर आयुक्त से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने फोन कॉल का जवाब नहीं दिया।

### यातायात नियम तोड़ने वालों पर जसवंतनगर पुलिस का शिकंजा

जसवंतनगर, इटावा। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ जसवंतनगर पुलिस ने शनिवार को सख्त अभियान चलाते हुए 130 वाहन चालकों के चालान किए, जबकि एक डंपर को सीज कर दिया। अभियान के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने, फर्जी नंबर प्लेट लगाने तथा अवैध हूटर और सायरन का प्रयोग करने वालों पर विशेष नजर रखी गई। क्षेत्राधिकारी आयुषी सिंह के निर्देशन एवं थाना प्रभारी कमल भाटी के नेतृत्व में थाना जसवंतनगर पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग और नगर क्षेत्र में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस टीम ने संदिग्ध वाहनों की गहन जांच करते हुए यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस के मुताबिक, शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध चलाए गए अभियान में 10 वाहन चालकों के चालान किए गए, जबकि एक डंपर को सीज किया गया। वहीं फर्जी अथवा नियम विरुद्ध नंबर प्लेट लगाने वाले 70 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। इसके अलावा वाहनों में अवैध रूप से हूटर और सायरन का प्रयोग करने वाले 50 वाहन चालकों के भी चालान किए गए। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे। उन्होंने वाहन चालकों से नियमों का पालन करने और सुरक्षित वाहन संचालन की अपील की। अभियान के दौरान उपनिरीक्षक ललित किशोर चतुर्वेदी, शुभम वर्मा, कृष्ण कुमार, मनीष कुमार समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### कटीले तार में फंसने से मादा तेंदुए की मौत

बलरामपुर। जिले में रविवार को करीब तीन वर्षीय मादा तेंदुए की कथित रूप से कटीले तार में फंसकर मौत हो गई। मामले की जांच के लिए उप संभागीय अधिकारी की देखरेख में टीम भेजी गई है, मृत तेंदुए का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और रिपोर्ट मिलने के बाद विस्तृत कार्वाई की जाएगी। प्रभागीय वनाधिकारी गौरव गर्ग ने रविवार को बताया कि बनकटवा रेंज के चौधरीडीह गांव के दक्षिण में स्थित एक आम के बाग में तेंदुए की मौत की सूचना मिली, जिसके बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, जहां मृत मादा तेंदुआ कटीले तार में फंसा हुआ मिला।

### हत्या के प्रयास का आरोपी धराया

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाने की मजनू चौकी पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष चिलुआताल सूरज सिंह के दिशा निर्देश पर मजनू चौकी पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित चल रहे संदीप भट्ट निवासी अजीजुल्लाह उर्फ चकिया शुक्ल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त के खिलाफ थाना चिलुआताल में बी एन एस की धारा 109, 115(2), 352, 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज है।

## सरयू में नहा रहे भाई बहन की डूबने से मौत

गोरखपुर। गोरखपुर जिले के गोला इलाके में रविवार को सरयू नदी में नहाते समय डूबने से भाई-बहन की मौत हो गई। पुलिस ने यह बताया कि सिकरीगंज थाना क्षेत्र के उसरी गांव के रहने वाले प्रिंस (11) और उसकी बहन शिवानी (13) स्कूल की छुट्टियों के दौरान मेहदा गांव में अपने ननिहाल आए थे। पुलिस ने बताया कि रविवार सुबह करीब नौ बजे वे अपनी बुआ माया (16) के साथ सरयू नदी के पास स्थित एक हनुमान मंदिर में दर्शन करने गए थे। पुलिस ने कहा कि पूजा करने के बाद वे तीनों सरयू नदी में स्नान करने के लिए उतरे और इस दौरान प्रिंस गहरे पानी में बह जाने के कारण डूबने लगा और शिवानी ने उसे बचाने की कोशिश की लेकिन वह भी नदी के तेज बहाव में फंस गई। पुलिस के अनुसार दोनों बच्चों को डूबता देख माया ने उन्हें बचाने का प्रयास किया लेकिन वह भी गहरे पानी में चली गई। पुलिस ने बताया कि चीख पुकार सुनकर पास पड़ोस में मौजूद लोग मौके पर पहुंचे और उनमें से चंद्रमा यादव नामक एक युवक ने नदी में उतरकर माया और प्रिंस को बाहर निकाला जबकि शिवानी लापता हो गई। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने प्रिंस को मृत घोषित कर दिया। शिवानी का शव करीब दो घंटे बाद गोताखोरों ने नदी से बाहर निकाला। गोला के थानाध्यक्ष प्रह्लाद सिंह ने बताया कि शवों को स्थानीय गोताखोरों की मदद से बरामद किया गया और कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

### अलीगढ़ में प्रशिक्षण विमान आपात स्थिति में उतारा गया

अलीगढ़। जिले में निजी फ्लाइंग क्लब के दो सीट वाले प्रशिक्षण विमान को रविवार कोउड़ान के दौरान तकनीकी खराबी आने के बाद यहां एक खेत में आपातकालीन स्थिति में उतार लिया गया। पायनियर फ्लाइंग क्लब का यह विमान हरदुआगंज पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले चंगेरी गांव के एक खेत में सुबह करीब 9:30 बजे सुरक्षित उतारा गया। नगर मजिस्ट्रेट अतुल गुप्ता ने पत्रकारों को बताया कि विमानन अधिकारियों को तुरंत आपातकालीन लैंडिंग के बारे में जानकारी मिली। इंस्ट्रक्टर पायलट असद और प्रशिक्षु पायलट कुणाल कसाना दोनों ही विमान से सुरक्षित बाहर निकल आए और उन्हें कोई चोट नहीं आई। गुप्ता ने बताया कि दोनों को चिकित्सा जांच के लिए अलीगढ़ के जिला अस्पताल ले जाया गया। विमान को कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। अधिकारियों ने बताया कि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने इस घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं।

### तीन साल से सूखी नल की धार कुएं के सहारे दलित बस्ती

पिपरौली, गोरखपुर। कस्बा पिपरौली बाजार के दक्षिण मोहल्ले स्थित दलित बस्ती में भीषण पेयजल संकट को लेकर रविवार को ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित महिलाओं और पुरुषों ने प्रदर्शन कर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ जमकर नाराजगी जताई। ग्रामीणों का आरोप है कि तीन वर्षों से जल निगम की सप्लाई बंद पड़ी है, जबकि इलाके में जलस्तर नीचे चले जाने के कारण हैंडपंप भी बेकार साबित हो रहे हैं। ऐसे में पूरी बस्ती कुएं के पानी के सहारे जिंदगी गुजारने को मजबूर है। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि पीने से लेकर दैनिक उपयोग तक के लिए उन्हें कुएं का पानी इस्तेमाल करना पड़ रहा है। इससे संक्रामक बीमारियों का खतरा लगातार बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना था कि कई बार जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन आज तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला। महिलाओं ने आरोप लगाया कि भीषण गर्मी में पानी की समस्या ने हालात और बदतर कर दिए हैं। सुबह से शाम तक पानी के लिए जद्दोजहद करनी पड़ रही है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। इस संबंध में जल निगम के एक्सईएन अखिल आनंद से उनके मोबाइल नंबर 9473942698 पर संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनका फोन रिसीव नहीं हुआ। वहीं समस्या को लेकर भेजे गए संदेश का भी कोई जवाब नहीं मिला।

## डीएम ने सेतु निगम के अधिकारियों के साथ चर्चित ओवरब्रिज का निरीक्षण

गोरखपुर। जिलाधिकारी गोरखपुर दीपक मीणा ने रविवार को दिन में लगभग 12 बजे सेतु निगम के अधिकारियों के साथ चौरीचौरा के पच्छिमी रेलवे समपार फाटक संख्या 147बी पर बन रहे ओवरब्रिज का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने धीमी गति से हो रहे निर्माण कार्य पर अपनी कठोर आपत्ति जताई। और सेतु निगम को निर्देश दिया कि 31 जुलाई तक ओवरब्रिज के एक हिस्से का निर्माण कार्य पूरा किसी भी कीमत पर पूरा कर उस पर आवागमन बहाल किया जाए।

उन्होंने पाया कि ओवरब्रिज का निर्माण कार्य काफी धीमा है। इस बात से नाराज डीएम ने सेतु निगम के अधिकारियों पर अपनी नाराजगी व्यक्त किया और कहा कि निर्माण कार्य में तेजी लाया जाए और 31 जुलाई तक ओवरब्रिज के एक हिस्से को हर हाल में आवागमन के लिए खोला जाए। व्यापारियों और स्थानीय जनता के द्वारा वाई मॉडल का मुद्दा उठाए जाने पर उन्होंने कहा कि पहले एक हिस्सा बनकर चालू हो जाए, उसके बाद जनता और व्यापारियों के हित को देखते हुए आगे का निर्माण कार्य कराया जाएगा। इसके लिए शासन को प्रपोजल भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि दूसरे हिस्से के निर्माण को लेकर आगे से जो भी निर्देश मिलेगा उससे यहां के लोगों को तत्काल अवगत कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि रेलवे के अधिकारी भी मौके पर आए हैं, एक हिस्सा चालू कराने के लिए रेलवे से ब्लॉक दिलाया गया है। पहले एक हिस्सा शुरू हो जाए और आवागमन बहाल हो जाए फिर जनहित में आगे का कार्य कराया जाएगा। इस ओवरब्रिज निर्माण को लेकर डीएम ने सेतु निगम और रेलवे के अधिकारियों के साथ एक बैठक भी किया। जिसमें उन्होंने कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने की बात कही। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी चौरीचौरा कुंवर सचिन सिंह, नगर अध्यक्ष सन्नी जायसवाल, प्रोजेक्ट मैनेजर के.के. सिंह, सीओ चौरीचौरा रत्नेश्वर सिंह, सहायक अभियंता रेलवे मनीष तिवारी, प्रभारी निरीक्षक चौरीचौरा वेद प्रकाश शर्मा, पूर्व नगर अध्यक्ष विनोद जायसवाल, अनूप जायसवाल, मुन्ना भुज, मोहित जायसवाल, दिनेश जायसवाल, संदीप गुप्ता, पौरुष कुमार, अवध नारायण जायसवाल, रामप्रवेश वर्मा, सहित तमाम व्यापारी और जनता उपस्थित रहे।

## बकरीद पर शांति बनाये रखने की अपील

### सड़क पर नमाज व खुले में कुर्बानी पर रोक

इटावा। बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना कोतवाली सभागार में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सिटी मजिस्ट्रेट राजेन्द्र बहादुर सिंह और क्षेत्राधिकारी नगर अभयनारायण राय ने की। इसमें मुस्लिम समाज के गणमान्य लोग, धर्मगुरु और क्षेत्र के संभ्रांत नागरिक शामिल हुए। बैठक में अधिकारियों ने लोगों से त्योहार को आपसी भाईचारे और कानून व्यवस्था का पालन करते हुए मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में सड़क पर नमाज अदा न की जाए और खुले स्थानों पर कुर्बानी न दी जाए। साथ ही कुर्बानी के बाद बचे अवशेषों को निर्धारित तरीके से जमीन में दफन कराने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने शासन और उच्चाधिकारियों की ओर से जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए उनका पालन सुनिश्चित करने को कहा।



सीओ ने कहा कि त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की।

थाना प्रभारी निरिक्षिक यशवंत सिंह ने कहा कि क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की जिम्मेदारी है, कोतवाली क्षेत्र में बीस स्थानों पर सामूहिक कुबानी होगी, कुबानी के वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड न किये जायें, हर उपद्रवी तत्व पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। उन्होंने सभी समुदायों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि त्योहार आपसी सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक हैं, इसलिए सभी लोग मिल-जुलकर शांतिपूर्ण ढंग से पर्व मनाएं। बैठक में मौजूद लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष फुरकान अहमद, व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित, ईदगाह कमेटी के मुतबल्ली हाजी अब्दुल हन्नान मंसूरी, मौलाना तारिक शम्सी, हाजी अजीम वारसी, मु. गुलशेर, हनी वारसी, चैधरी मुमताज, आफताब खान सहित शहर के प्रमुख रूप मौजूद रहे।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि.**
**अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मण्डल अयोध्या।**

ई-निविदा सूचना, वि.आ.सं. 6814 एवं दिनांकः 24.05.2026

**निविदा सं. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1. 11/EDC(Ayodhya)/ 2026-27:अधिशासी अभियन्ता, 33 केवी एण्ड पी.आर. वर्टिकल, अयोध्या धाम, अयोध्या के अधीन बिजनेस प्लान 2026-27 मद में स्वीकृति की प्रत्याशा में विभिन्न स्थानो पर 33 केवी लाइन के क्षतिग्रस्त कण्डक्टर, क्रास आर्म बदलने व इण्टरपोलिंग का कार्य। ई - निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 43000.00।
2. 12/EDC(Ayodhya)/2026-27:अधिशासी अभियन्ता 33 केवी एण्ड पी.आर. वर्टिकल, अयोध्या धाम, अयोध्या के अधीन बिजनेस प्लान 2026-27 मंद में स्वीकृति की प्रत्याशा में 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र नाका से 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र नाका दुगार्पुरी तक नई 33 केवी इण्टरकनेक्टिंग लाइन निर्माण का कार्य। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 29000.00।
3. 13/EDC(Ayodhya)/2026-27 : अधिशासी अभियन्ता 33 केवी एण्ड पी०आर० वर्टिकल, अयोध्या धाम, अयोध्या के अधीन बिजनेस प्लान 2026-27 मद में स्वीकृति की प्रत्याशा में विभिन्न 33 / 11 केवी विद्युत उपकेन्द्रों के अन्तर्गत केबल लेइंग, सिंगल सर्किट को डबल सर्किट करने व निर्मोचन घाट यार्ड में आर०एम०यू० स्थापना आदि का कार्य। ई- निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी०एस०टी० सहित तथा धरोहर राशि रू. 67100.00।
4. 14/EDC(Ayodhya)/2026-27: अधिशासी अभियन्ता, 33 केवी एण्ड पी०आर० वर्टिकल, अयोध्या धाम, अयोध्या के अधीन बिजनेस प्लान 2026-27 मद में स्वीकृति की प्रत्याशा में 220 केवी दर्शननगर से 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र, देवकाली तक नयी 33 केवी लाइन निर्माण का कार्य। ई - निविदा प्रपत्रः शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 40500.00।
5. 15/EDC(Ayodhya)/ 2026-27 : अधिशासी अभियन्ता 11 केवी एण्ड एल०टी० वर्टिकल, अयोध्या धाम, अयोध्या के अधीन बिजनेस प्लान 2026-27 मद में स्वीकृति की प्रत्याशा में विभिन्न 33/11 केर्वी विद्युत उपकेन्द्रों के अन्तर्गत विभिन्न स्थानों पर (11 अदद) जर्जर तार बदलने, एच.टी. लाइनों की इण्टरपोलिंग एवं क्षतिग्रस्त ए.बी. केबिल बदलने का कार्य। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 40800.00।
6. 16/EDC(Ayodhya)/ 2026-27 : अधिशासी अभियन्ता, 11 केवी एण्ड एल.टी. वर्टिकल, अयोध्या धाम, अयोध्या के अधीन बिजनेस प्लान 2026-27 1 मद में स्वीकृति की प्रत्याशा में विभिन्न 33 / 11 केवी विद्युत उपकेन्द्रों के अन्तर्गत विभिन्न स्थानों पर (18 अंदद) जर्जर तार बदलने, एच.टी. लाइनों की इण्टरपोलिंग एवं क्षतिग्रस्त ए.बी. केबिल बदलने का कार्य। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 47100.00।
7. 17/EDC(Ayodhya)/2026-27: अधिशासी अभियन्ता 11 केवी एण्ड एल०टी० वर्टिकल, अयोध्या धाम' अयोध्या के अधीन बिजनेस प्लान 2026-27 मद में स्वीकृति की प्रत्याशा में विभिन्न 33 / 11 केवी विद्युत उपकेन्द्रों के अन्तर्गत विभिन्न स्थानों पर (02 अदद) जर्जर तार बदलने, एच.टी. लाइनों की इण्टरपोलिंग एवं क्षतिग्रस्त ए0बी0 केबिल बदलने का कार्य। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी०एस०टी० सहित तथा धरोहर राशि रू. 10600.00।
8. 18/EDC(Ayodhya)/2026-27: अधिशासी अभियन्ता 11 केवी एण्ड एल.टी. वर्टिकल, अयोध्या धाम, अयोध्या के अधीन बिजनेस प्लान 2026-27 मद में स्वीकृति की प्रत्याशा में विभिन्न 33/11 केंवी विद्युत उपकेन्द्र चौक के अन्तर्गत 11 केवीं अंगूरीबाग फीडर, अमानीगंज के अधीनस्थ 11 केवी सी.एम. चौक एवं मुमताज नगर के अधीनस्थ 11 केवी आर.एल. फीडर-1 फीडरों के अतिभारित होने के कारण फीडरों का विभक्तीकरण का कार्य। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 50600.00।
9. 19/EDC(Ayodhya)/2026-27: अधिशासी अभियन्ता, 11 केवी एण्ड एल.टी. वर्टिकल, अयोध्या धाम, अयोध्या के अधीन बिजनेस प्लान 2026-27- मद में स्वीकृति की प्रत्याशा 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र, साकेत के अधीन यज्ञवेदी के पास स्थापित 400 केवीए वितरण परिवर्तक पर सर्किट केबल विस्तार एवं पैनल स्थापना का कार्य। ई - निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 60000.00।
10. 20/EDC(Ayodhya)/ 2026-27 : अधिशासी अभियन्ता, 11 केवी एण्ड एल.टी. वर्टिकल, अयोध्या धाम, अयोध्या के अधीन बिजनेस प्लान 2026-27 मंद में स्वीकृति की प्रत्याशा में 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र, निर्मोचनघाट के अधीन विभीषण कुण्ड से तोतादारी मठ गली तक 400 केवीए वितरण परिवर्तक पर एल०टी० सर्किट केबल विस्तार एवं पैनल स्थापना का कार्य। ई - निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 55500.00।
11. 21/EDC(Ayodhya)/2026-27 : अधिशासी अभियन्ता, 11 केवी एण्ड एल०टी० वर्टिकल, अयोध्या धाम, अयोध्या के अधीन बिजनेस प्लान 2026-27 मद में स्वीकृति की प्रत्याशा में 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र, निर्मोचनघाट के अधीन टेढी बाजार चौराहा से वर्मा गली तक 400 केवीए वितरण परिवर्तक पर एल.टी. सर्किट केबल विस्तार एवं पैनल स्थापना का कार्य। ई - निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 69500.00।
12. 22/EDC(Ayodhya)/2026-27: अधिशासी अभियन्ता, 11 केवी एण्ड एल.टी. वर्टिकल, अयोध्या धाम, अयोध्या के अधीन बिजनेस प्लान 2026-27 मद में स्वीकृति की प्रत्याशा में 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र, नियावां के अधीन नियावां चौराहा के पास व रिकाबगंज चौराहा के पास स्थापित 630 केवीए वितरण परिवर्तक पर एल.टी. सर्किट केबल विस्तार एवं पैनल स्थापना का कार्य। ई- निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 47600.00।
13. 23/EDC(Ayodhya)/ 2026-27: अधिशासी अभियन्ता, 11 केवी एण्ड एल.टी. वर्टिकल, अयोध्या धाम, अयोध्या के अधीन बिजनेस प्लान 2026-27 मद में स्वीकृति की प्रत्याशा में 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र, निर्मोचनघाट के अधीन पम्प नं. 05 से बेगमपुरा गली तक 400 केवीए वितरण परिवर्तक पर एल०टी० सर्किट केबल विस्तार एवं पैनल स्थापना का कार्य। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 51500.00।
14. 24/EDC(Ayodhya)/2026-27: अधिशासी अभियन्ता, 11 केवी एण्ड एल.टी. वर्टिकल, अयोध्या धाम, अयोध्या के अधीन बिजनेस प्लान 2026-27 मर्द में स्वीकृति की प्रत्याशा में विभिन्न 33 / 11 केवी विद्युत उपकेन्द्रों के अधीन विभिन्न स्थानों एल.टी. लाइन सुदृढ़ीकरण एवं इन्टरपोलिंग कुल (92 स्थानों पर) का कार्य। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 36500.00।
15. 25/EDC(Ayodhya)/2026-27 : अधिशासी अभियन्ता, 11 केवी एण्ड एल०टी० वर्टिकल, अयोध्या धाम, अयोध्या के अधीन बिजनेस प्लान 2026 27 मद में स्वीकृति की प्रत्याशा में विभिन्न 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्रों के अधीन विभिन्न स्थानों पर अतिरिक्त वितरण परिवर्तक स्थापना का कार्य। ई- निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. संहित तथा धरोहर राशि रू. 47900.00।
16. 26/EDC(Ayodhya)/2026-27 अधिशासी अभियन्ता, 11 केवी एण्ड एल.टी. वर्टिकल, अयोध्या धाम अयोध्या के अधीन बिजनेस प्लान 2026-27 मद में स्वीकृति की प्रत्याशा में विभिन्न 33/11 कैवी विद्युत उपकेन्द्रों, के अधीन विभिन्न स्थानों पर वितरण परिवर्तक क्षमता वृद्धि का कार्य । ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 46000.00।
17. 27/EDC(Ayodhya)/2026-27 : अधिशासी अभियन्ता, 11 केवी एण्ड एल०टी० वर्टिकल, अयोध्या धाम, अयोध्या के अधीन बिजनेस प्लान 2026-27 मद में स्वीकृति की प्रत्याशा में 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र, निर्मोचनघाट के अधीन दशरथ महल से कनक भवन गली से 400 केवीए वितरण परिवर्तक पर एल०टी० सर्किट केबल विस्तार एवं पैनल स्थापना का कार्य । ई - निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 67600.00।
18. 28/EDC(Ayodhya)/2026-27: अधिशासी अभियन्ता, 11 केवी एण्ड एल०टी० वर्टिकल, अयोध्या ाोिे, धाम, अयोध्या के अधीन बिजनेस प्लान 2026-27 मुद में स्वीकृति की प्रत्याशा में 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र, नियांवां एवं अमानीगंज के अधीन 400 केवीए वितरण परिवर्तक पर एल.टी. सर्किट केबल विस्तार एवं पैनल स्थापना का कार्य। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 26800.00।
19. 29/EDC(Ayodhya)/2026-27: अधिशासी अभियन्ता, 11 केवी एण्ड एल.टी. वर्टिकल, अयोध्या धाम, अयोध्या के अधीन बिजनेस प्लान 2026-27 मद में स्वीकृति की प्रत्याशा में 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र, निर्मोचनघाट के अधीन बिडला धर्मशाला दशरथ महल से आर.बी.एस. होटल गली तक 400 केवीए वितरण परिवर्तक पर एल.टी. सर्किट केबल विस्तार एवं पैनल स्थापना का कार्य। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 55200.00।
20. 30/EDC(Ayodhya)/2026-27: अधिशासी अभियन्ता, 11 केवी एण्ड एल.टी. वर्टिकल, अयोध्या धाम, अयोध्या के अधीन बिजनेस प्लान 2026-27 मद में स्वीकृति की प्रत्याशा में 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र, निर्मोचनघाट के अधीन जलवनपुरा पर 250 केवीए वितरण परिवर्तक पर एल.टी. सर्किट केबल विस्तार एवं पैनल स्थापना का कार्य। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 62600.00।
21. 31/EDC(Ayodhya)/2026-27 : अधिशासी अभियन्ता, 11 केवी एण्ड एल.टी. वर्टिकल, अयोध्या धाम, अयोध्या के अधीन बिजनेस प्लान 2026-27 मद में स्वीकृति की प्रत्याशा में विभिन्न 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्रों के अन्तर्गत विभिन्न स्थानों पर स्थापित वितरण परिवर्तको पर फेन्सिंग लगाने, जर्जर प्लिंथ मरम्म करने व बोरिंग टाइप अर्थिंग का कार्य। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 25800.00।
22. 32/EDC(Ayodhya)/2026-27 : अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-दर्शननगर, अयोध्या के अधीन बिजनेस प्लान 2026-27 मद में स्वीकृति की प्रत्याशा में विभिन्न 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्रों के अन्तर्गत विभिन्न स्थानों पर जर्जर कण्डक्टर को बदलने, इण्टरपोलिंग व आउटगोइंग वी.सी.वी. बदलने का कार्य। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 16100.00।
23. 33/EDC(Ayodhya)/ 2026-27 अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड- दर्शननगर, अयोध्या के अधीन बिजनेस प्लान 2026-27 मद में स्वीकृति की प्रत्याशा में विभिन्न 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्रों के अन्तर्गत विभिन्न स्थानों पर स्थापित वितरण परिवर्तको पर फेन्सिंग लगाने, जर्जर प्लिंथ मरम्मं करने व अर्थिंग का कार्य। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 6850.00।
24. 34/EDC(Ayodhya)/2026-27 अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड- दर्शननगर, अयोध्या के अधीन बिजनेस प्लान 2026-27 मद में स्वीकृति की प्रत्याशा में विभिन्न 33 / 11 केवी विद्युत उपकेन्द्रों के अन्तर्गत विभिन्न स्थानों पर स्थापित वितरण परिवर्तको पर फेन्सिंग लगाने, जर्जर प्लिथ मरम्म करने व अर्थिंग का कार्य। ई - निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 5800.00।
25. 35/EDC(Ayodhya)/2026-27: अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड - रूदौली, अयोध्या के अधीन बिजनेस प्लान 2026-27 मद में स्वीकृति की प्रत्याशा में 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्रों के अन्तर्गत विभिन्न स्थानों पर स्थापित वितरण परिवर्तको पर फेन्सिंग लगाने, जर्जर प्लिंथ मरम्म करने व अर्थिंग एवं विभिन्न स्थानों पर नई 11 केवी वी.सी.वी. लगाये जाने का कार्य। ई - निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 19000.00।
26. 36/EDC(Ayodhya)/ 2026-27 : अधिशासी अभियन्ता, 33 केवी एण्ड पी.आर. वर्टिकल, अयोध्या धाम, अयोध्या के अधीन बिजनेस प्लान 2026-27 मद में वर्णित कार्यों के स्वीकृति की प्रत्याशा में 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र निर्मोचनघाट के यार्ड की फेन्सिंग, कण्ट्रोल रूम व मेन गेट का मेंटेनेंस, पेंटिंग, अनुरक्षण आदि का कार्य। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 35500.00।
27. 37/EDC(Ayodhya)/ 2026-27 : अधिशासी अभियन्ता, 33 केवी एण्ड पी.आर. वर्टिकल, अयोध्या धाम, अयोध्या के अधीन बिजनेस प्लान 2026-27 मद में वर्णित कार्यों के स्वीकृति की प्रत्याशा में 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र राम की पैड़ी यार्ड की बाउन्ड्री वाल पर क्रास आर्म के साथ बारबेड वायर फेन्सिंग, कण्ट्रोल रूम व मेन गेट का मेंटेनेंस, पेंटिंग, अनुरक्षण आदि का कार्य। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 35800.00।
28. 38/EDC(Ayodhya)/ 2026-27 : अधिशासी अभियन्ता, 33 केवी एण्ड पी.आर. वर्टिकल, अयोध्या धाम, अयोध्या के अधीन बिजनेस प्लान 2026-27 मद में वर्णित कार्यों के स्वीकृति की प्रत्याशा में 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र साकेत पर यार्ड की फेन्सिंग व मेन गेट का मेंटेनेंस, पेंटिंग व यार्ड-फ्लोर पर आर.सी.सी. लगाने का कार्य। ई - निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 16000.00।
29. 39/EDC(Ayodhya)/ 2026-27 : अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-मिल्कीपुर, अयोध्या के अधीन बिजनेस प्लान 2026-27 मद में वर्णित कार्यों के स्वीकृति की प्रत्याशा में विभिन्न स्थानों पर नये परिवर्तक की स्थापना, इण्टरपोलिंग, एल.टी. केबल लेइंग, प्लिंथ फेंसिंग, बोरिंग टाइप अर्थिंग आदि का कार्य। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 12600.00।

ई निविदा की अंतिम तिथिः 09 जून 2026, 17.00 बजे ।

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

संक्षेप

## भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मृतकों के भेजे गये शव

मोहम्मदी खीरी। मोहम्मदी पसगवां हाईवे पर गांव कंधरापुर के पास हुए सड़क हादसे में बाइक सवार दोनों की मौत हो गई थी जिसमें जय जय राम के शव का पोस्टमार्टम शाहजहांपुर में किया गया और दूसरे मृतक राम औतार का पोस्टमार्टम लखीमपुर में किया गया भारी सुरक्षा के बीच दोनों शवों को उनकी ससुराल के गांव रैंग है भेज कर परिजनों को सौंपा गया है। वहीं हादसे में जख्मी सीओ अरुण कुमार सिंह, गनर कपिल और गाड़ी चालक राहुल यादव का पसगवां सीएचसी पर इलाज चल रहा है। शनिवार को सीओ अरुण कुमार अपने सरकारी वाहन से संपूर्ण थाना दिवस पसगवां में सम्मिलित होने जा रहे थे उनके वाहन में बाइक सवार रामऔतार और जय जय राम निवासी अनांवा पुवाया जिला शाहजहांपुर टकरा गए थे जिसमें दोनों की मौत हो गई थी। दोनों मृतकों के शवों को उनकी ससुराल के गांव रैंगई भेजा पिहानी जिला हरदोई को भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच भेजा गया है। दोनों मृतकों के रिश्तेदार और परिजनों ने अंतिम संस्कार सोमवार को करने की बात कही है। पुलिस की आला अधिकारी अंतिम संस्कार होने तक किसी अनहोनी घटना को लेकर नजर बनाए हैं।

## इलाज का खर्च न देने पर मुकदमा दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल के बेटे की तहरीर पर पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम गोपालापुर निवासी ओम प्रकाश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि चार मई की शाम उसके पिता रूदा अपने खेत की ओर पैदल जा रहे थे। आरोप है कि तभी भंडेरा गांव निवासी रंजीत तेज रफ्तार और लापरवाही से बाइक चलाते हुए आया और पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए तथा उनके पैर की हड्डी टूट गई। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि दुर्घटना के बाद आरोपी इलाज कराने का भरोसा देता रहा, लेकिन बाद में इलाज और खर्च देने से मुकर गया। इसके बाद पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## घर में घुसकर मारपीट और धमकी देने का आरोप

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र में एक महिला ने गांव के चार लोगों पर घर में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ग्राम मुड़वारा निवासी रिंकी पत्नी राजेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पति मजदूरी करने के लिए बाहर रहता है। आरोप है कि 17 मई की शाम करीब चार बजे गांव के ही मनोज कुमार, प्रकाश तिवारी, सुरजन और राम स्वरूप उसके घर में घुस आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का कहना है कि घटना के बाद उसने अपने पति को पूरी जानकारी दी, जिसके बाद वह उसे लेकर थाने पहुंची और पुलिस से कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# व्यावहारिक ज्ञान सफलता के लिए बेहद जरूरी: आशुतोष



सिधौली (सीतापुर)। पंडित गणेश प्रसाद शुक्ला स्मृति सेवा समिति के तत्वावधान में संचालित इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर एंड मल्टीमीडिया टेक्नोलॉजी द्वारा मिश्रिख मार्ग स्थित एक गेस्ट हाउस में एक दिवसीय बूट कैम्प का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए करीब 300 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को आधुनिक शिक्षा, कैरियर मार्गदर्शन और व्यक्तित्व विकास से जोड़ना रहा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मोटिवेशनल स्पीकर आशुतोष शुक्ला ने छात्रों को लक्ष्य निर्धारण, सकारात्मक सोच और निरंतर अभ्यास के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में स्किल डेवलपमेंट और व्यवहारिक ज्ञान सफलता के लिए बेहद जरूरी है। बूट कैम्प में ब्रेन साइंस, वैदिक गणित, कैरियर जागरूकता और स्किल डेवलपमेंट जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने जानकारी दी। छात्रों को सीखने और याद रखने की वैज्ञानिक तकनीकों के साथ तेज गणना के आसान तरीके भी सिखाए गए। कैरियर सत्र में डिजिटल शिक्षा, कंप्यूटर ज्ञान और संचार कौशल के महत्व पर जोर दिया गया। इस मौके पर भास्कर तिवारी, मुख्तार अली और विनय शुक्ला ने भी विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति जागरूक रहने और समय का सदुपयोग करने की सलाह दी। संस्था के जॉइंट डायरेक्टर राकेश शुक्ला ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। सह-संस्थापक साधना शुक्ला तथा मार्केटिंग हेड ज्ञानेंद्र अवस्थी ने भी छात्रों को प्रेरित किया।

## सात दिवसीय भारतीय भाषा समर कैंप का अंताक्षरी के साथ हुआ शानदार समापन



हरगांव (सीतापुर)। शैक्षिक गुणवत्ता से भरपूर आदर्श नगर पंचायत हरगांव में स्थित बिड़ला विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में चल रहे सात दिवसीय भारतीय भाषा समर कैंप का आज पारंपरिक खेल अंताक्षरी के साथ शानदार समापन हुआ।

सप्ताह भर चले कैंप का मुख्य उद्देश्य विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से छात्र-छात्राओं को भारतीय और क्षेत्रीय भाषाओं की समृद्ध विरासत से परिचित कराना था। जिसमें अन्तिम दिन आयोजित अंताक्षरी प्रतियोगिता में पलक अवस्थी, अरुण, मयंक जोशी, फिजा खां, पिंकी, अंकित और शैलेश कुमार का बेहद सराहनीय प्रदर्शन रहा। पूरे आयोजन को सफल बनाने में गाइड छात्राओं आराध्या तिवारी, भूमिका सिंह, लक्ष्मी, अंकिमा, प्रिया राठौर और सोनी ने विशेष योगदान दिया। जबकि कैंप का कुशल संचालन शिक्षक अंशू कुमार वर्मा, डॉ. अनिल कुमार, राजेश कुमार गुप्त, ज्ञान प्रकाश पाण्डेय, संजीव कुमार बाजपेई, सीमा मिश्रा, प्रज्ञा शुक्ला और पूजा श्रीवास्तव द्वारा किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि और विद्यालय के प्रधानाचार्य रामचेत सिन्हा ने कैंप के सफल आयोजन के लिए पूरी टीम की सराहना की और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी शिक्षकों व छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र वितरित कर सम्मानित किया। अपने सम्बोधन में प्रधानाचार्य ने भाषाई ज्ञान के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी विद्यार्थियों व स्टाफ से सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न रचनात्मक एवं शैक्षिक कार्यक्रमों में भविष्य में भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की।

## ईद उल अजहा को लेकर बैठक



धौरहरा खीरी। कोतवाली परिसर में रविवार को एस एच ओ की देख-रेख में बकरीद त्योहार को लेकर शान्ति कमेटी की बैठक संपन्न हुई ।बैठक मे मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कोतवाल ने कहा कि नमाज मस्जिद व ईदगाहों में होगी। जानवरों की कुबार्नी खुले स्थान पर नहीं होगी शासन के निदेशों के तहत शान्ति से त्योहार मनाऐ ।इस दौरान मौजूद लोगों द्वारा धौरहरा कस्बे का उदाहरण देते हुए सीख लेने की नसीहत दी ।क्षेत्र के बदनाम गांव लहबडी को लेकर कई तरह के बदनामी के चलते नसीहत देते हुए कहा कि खुले में कुबार्नी किसी भी दशा में नही होगी। इस दौरान चेयरमैन नफीस खान, पूर्व चेयरमैन राजीव जायसवाल, सिसैया पूर्व प्रधान सहित महराज नगर, केशवापुर, लहबडी, लाखीपुर, जुगुनू पुर आदि ग्राम पंचायतों के प्रधानों के साथ भगवती प्रसाद शुक्ल, सहित दोनों धर्मों के लोगों की मौजूदगी रही।

## बाबा साहेब की भव्य प्रतिमा का विधायक ने किया अनावरण




सेउता (सीतापुर)। क्षेत्र के ग्राम चन्द्रसेनी में शनिवार को एक ऐतिहासिक गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वसमाज की उपस्थिति में बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की भव्य प्रतिमा का अनावरण मुख्य अतिथि विधायक ज्ञान तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत तथागत बुद्ध की वंदना के साथ अत्यंत शांतिपूर्ण और आध्यात्मिक माहौल में हुई। संकल्प प्रतिमा का अनावरण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक ज्ञान तिवारी ने बाबासाहेब के विचारों और समाज निर्माण में उनके योगदान को याद किया। उन्होंने ग्रामीणों से वादा किया कि भविष्य में इस अंबेडकर पार्क को और अधिक भव्य और सुसज्जित रूप दिया जाएगा। जिसके लिए प्रशासनिक और वित्तीय स्तर पर हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

इस विशेष अवसर पर विख्यात कथावाचक संतोष बौद्ध द्वारा बौद्ध कथा का शानदार आयोजन किया गया। देर रात तक चली इस ज्ञानवर्धक कथा को सुनने के लिए भारी संख्या में लोग डटे रहे। कथा के माध्यम से समाज में समता, शिक्षा और बंधुत्व का संदेश दिया गया। इस गौरवपूर्ण पल के गवाह क्षेत्र के हजारों लोग बने। कार्यक्रम में मुख्य रूप से निम्नलिखित गणमान्य नागरिक और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे महंत (बांकुंणनपुरवा) नंदराम गौतम (प्रधान) गोविंद भार्गव (प्रधान) सुरेंद्र भार्गव डॉ. रामतीर्थ भार्गव, सहजराम गौतम, सुशील यादव, श्याम सुंदर, गौतम कुमार क्षेत्रीय नागरिकों ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि बाबासाहेब की प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों को हमेशा समानता और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती रहेगी।

## हमको न भेदभाव का व्यवहार चाहिए

जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। सुप्रसिद्ध साहित्यिक सामाजिक संस्था अनुरंजनी द्वारा अवधी लोक कवि फारूक सरल की स्मृति में पुरानी गल्ला मंडी स्थित सुभाष पार्क में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन व मुशायरा का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें भारत के जाने-माने कवियों तथा शायरों ने अपनी रचनाओं से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। लोकप्रिय समाजसेवी कुमार रवि प्रताप सिंह के संरक्षण में आयोजित इस कार्यक्रम का संयोजन हास्य कवि कमलेश दीक्षित धुरंधर ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉक्टर रवि शंकर त्रिवेदी द्वारा मां सरस्वती तथा कवि फारूक सरल के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता प्रमुख समाजसेवी तथा साहित्य प्रेमी जनाब अनस रशीद ने की। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ कवि राजेंद्र प्रसाद तिवारी कंटक, बुजुर्ग शायर कादिर लखीमपुरी, प्रमुख समाजसेवी ज्ञान स्वरूप शुक्ला, अर्बन कोऑपरेटिव बैंक, पलिया के प्रबंधक रामाधार यादव तथा महिला नेता तृप्ति अवस्थी आदि का नागरिक अभिनंदन किया गया ।इसके बाद मंचासीन सभी कवियों को माल्यार्पण, शाल्यार्पण तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम का संचालन फरुर्खाबाद से पधारे वरिष्ठ कवि शिव ओम अंबर ने किया ।सबसे पहले डॉक्टर आलोक मिश्रा द्वारा वाणी वंदना प्रस्तुत की गई - मां हमें प्रीति का व्याकरण दीजिए।।

कवि संजीव मिश्रा व्योम ने गांधी जी के तीन बंदरों के माध्यम से देश की वर्तमान स्थिति का अपनी कविता में चित्रण किया। बाराबंकी से पधारे हास्य कवि विकास बौखल ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को खूब हंसाया। सतना मध्य प्रदेश से पधारी कवयित्री कृपा संगम ने अपनी रचना प्रस्तुत करते हुए कहा कोई ऐतबार में नहीं आया*।

जनार्दन प्रसाद पांडे नाचीज ने अपनी यह गजल प्रस्तुत की *दिल में थोड़ी नमी जरूरी है पत्थरों पर शजर नहीं लगता राजेंद्र प्रसाद तिवारी कंटक ने अपनी श्रृंगार रस की रचनायें तथा कादिर लखीमपुरी ने अपनी हास्य रचनाएं प्रस्तुत कीं।

मंजर पुरी सीतापुरी की गजलों ने दर्शकों का मन मोह लिया। गीतकार महेश चंद्र जायसवाल ने कौमी एकता पर अपना यह गीत प्रस्तुत किया- हमको ना भेदभाव का व्यवहार चाहिए इंसान है इंसानियत और प्यार चाहिए।

कार्यक्रम संयोजक कमलेश दीक्षित धुरंधर ने कवियों तथा संयोजकों की वर्तमान स्थिति पर अपनी हास्य रचना सुन कर दर्शकों को लोटपोट कर दिया। बाराबंकी से पधारे श्रृंगार रस के सुप्रसिद्ध कवि गजेंद्र प्रियांशु की श्रृंगार रस की रचनाएं सुनकर दर्शक झूम उठे, वहीं हास्य रस के सुप्रसिद्ध कवि सर्वेश अस्थाना लखनऊ ने अयोध्या जाते समय भगवान रामचंद्र पर लिखी गई अपने जीवन की सबसे अच्छी रचना सुनाकर सभी श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। अंत में मुख्य अतिथि के वक्तव्य के बाद कार्यक्रम अध्यक्ष महोदय द्वारा सभी के प्रति आभार प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम के स्थगन की घोषणा की गई।

## रामलला के दर्शन को उमड़ा आस्था का सैलाब, 12 बसों से रवाना हुए श्रद्धालु



गोला गोकर्णनाथ, खीरी ।वीओएल। अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए नगर पालिका परिषद की ओर से आयोजित धार्मिक यात्रा में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बना। पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू की पहल पर शुक्रवार को 12 बसों के माध्यम से श्रद्धालुओं को अयोध्या रवाना किया गया। यात्रा को लेकर नगर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

रामलला दर्शन यात्रा के लिए करीब 800 श्रद्धालुओं का पंजीकरण किया गया था, लेकिन यात्रा के समय बड़ी संख्या में श्रद्धालु अतिरिक्त रूप से पहुंच गए। महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। जय श्रीराम के उद्घोष और भक्ति गीतों के बीच श्रद्धालु बसों में सवार होकर अयोध्या के लिए रवाना हुए। भीड़ को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गईं। उपलब्ध बसों में सभी श्रद्धालुओं को समायोजित करने का प्रयास किया गया ताकि किसी को असुविधा न हो। यात्रा के दौरान पेयजल और अन्य जरूरी सुविधाओं का भी प्रबंध किया गया। पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू स्वयं मौके पर मौजूद रहकर व्यवस्थाओं की निगरानी करते रहे। उन्होंने कहा कि नगरवासियों की आस्था और धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए यात्रा का आयोजन कराया गया है। उनका प्रयास है कि श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित यात्रा का अनुभव मिल सके। श्रद्धालुओं ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सामूहिक रूप से रामलला दर्शन का अवसर मिलना उनके लिए सौभाग्य की बात है। यात्रा को लेकर नगर में पूरे दिन धार्मिक और उत्सवी माहौल बना रहा।

## दो गांवों में लगी आग घरेलू सामान राख,बेजुबान जानवर झुलसे

पसगवां खीरी। उचौलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत दो अलग-अलग गांवों में अचानक आग लग जाने से घरेलू सामान सहित बेजुबान जानवर झुलस गए ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। पहली घटना ग्राम मोहिद्दीनपुर निवासी मुकेश पुत्र डालचंद्र के घर में रविवार की दोपहर उनकी पत्नी द्वारा खाना बनाते समय चूल्हे की चिंगारी से झोपडी में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया ।लेकिन जब तक ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया तब तक घर में रखा गेहूं, भूसा और कपड़े जलकर रख हो गए। वहीं दूसरी घटना ग्राम सुरतियापुर की है, यहां दोपहर में लू के साथ चल रही तेज हवा के कारण घूरे से निकली चिंगारी से प्रभु पुत्र मेढ़ई की झोपडी में आग लग गई,जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक प्रभु का झोपडी में रखा हुआ अनाज,कपड़े और घरेलू सामान जलकर राख हो गया और उनके छह बेजुबान जानवर दो भैंस,एक गाय,एक बछड़ा,दो भैंस के पड्डु आग की चपेट में आकर झुलस गए ।सूचना मिलते ही उचौलिया थाना प्रभारी गोपाल नारायण सिंह ने मौके पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया है।

## गन्ना नियंत्रण आदेश में बदलाव की तैयारी पर भड़के किसान

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा ने केंद्र सरकार पर गन्ना किसानों के हितों की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार गन्ना किसानों की सुरक्षा के लिए बनाए गए केंद्रीय गन्ना नियंत्रण आदेश में बदलाव कर चीनी मिलों को फायदा पहुंचाने की तैयारी कर रही है। यदि किसानों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो देशव्यापी आंदोलन शुरू किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चैहान तथा केंद्रीय उपभोक्ता एवं खाद्य सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रहलाद जोशी को भेजे गए छह सूत्रीय मांग पत्र में संगठन ने कई अहम मुद्दे उठाए हैं। संगठन का कहना है कि वर्तमान गन्ना नियंत्रण आदेश में 14 दिन के भीतर भुगतान न होने पर किसानों को 15 प्रतिशत ब्याज देने का प्रावधान है, लेकिन अधिकांश किसानों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। किसान संगठन ने मांग की है कि ब्याज सहित भुगतान न करने वाली चीनी मिलों के मालिकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाए। प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा ने सरकार के उस प्रस्ताव का भी विरोध किया जिसमें चीनी मिलों के 15 किलोमीटर के दायरे को बढ़ाकर 25 किलोमीटर किए जाने की बात सामने आई है। उनका कहना है कि ऐसा होने पर किसान एक ही चीनी मिल पर निर्भर हो जाएंगे और भुगतान में देरी के बावजूद दूसरी मिल या खांडसारी उद्योग को गन्ना नहीं बेच सकेंगे। संगठन ने मांग की कि किसानों को अपनी सुविधा के अनुसार किसी भी चीनी मिल में सट्टा बनवाने और गन्ना आपूर्ति करने की स्वतंत्रता मिलनी चाहिए। संगठन ने सहकारी गन्ना विकास समितियों के माध्यम से ही खांडसारी उद्योग संचालित करने और निर्धारित मूल्य से अधिक भुगतान पर रोक लगाने के प्रस्ताव को भी किसानों और छोटे उद्योगों के खिलाफ बताया है। किसान नेताओं का कहना है कि इससे खांडसारी उद्योग धीरे-धीरे समाप्त हो जाएंगे और किसानों के सामने विकल्प कम हो जाएंगे। संगठन ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चैधरी चरण सिंह द्वारा लागू किए गए चीनी उपक्रम प्रबंध ग्रहण अधिनियम को दोबारा लागू करने की मांग भी उठाई है। संगठन का कहना है कि जो चीनी मिलें किसानों का भुगतान समय पर नहीं करतीं, उन्हें बंद करने के बजाय सरकार अपने नियंत्रण में लेकर किसानों के हित में संचालित करे।

## कागजों में चल रही गांवों की सफाई कूड़ा कचरा से पटी नालियां



पहला (सीतापुर)। तहसील महमूदाबाद अंतर्गत विकासखंड पहला के ग्राम बजेहरा गांव में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। गांव के लोग गंदगी, दुर्गंध और संक्रामक बीमारियों के खतरे के बीच जीवन यापन करने को मजबूर हैं। जबकि सरकारी अभिलेखों में गांव में सफाई कर्मी की तैनाती दर्शाई जा रही है। स्थिति यह है कि ग्राम पंचायत सचिवालय के आसपास भी गंदगी का अंबार लगा हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि नियुक्त सफाई कर्मी दुलारेलाल महीनों तक गांव में दिखाई नहीं देते। सफाई के नाम पर कभी-कभार किसी दूसरे गरीब मजदूर को भेज दिया जाता है, जिससे केवल औपचारिकता पूरी होती है। ग्रामीणों के अनुसार जब वे सफाई की मांग को लेकर ग्राम प्रधान से संपर्क करते हैं तो उन्हें यह कहकर टाल दिया जाता है कि सफाई कर्मी गांव में आता ही नहीं, ऐसे में वह स्वयं क्या कर सकते हैं। ग्रामीणों ने सवाल ल मगर बात नहीं हो पाई अब देखना यह है कि क्या इन सफाई कर्मियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही होती है या यू ही कमीशन के दम पर घर बैठे वेतन निकलता रहेगा।

## प्रचंड गर्मी से राहत के लिए परिषद के पदाधिकारियों ने किया शर्बत वितरण

सीतापुर। राष्ट्रीय सेवा परिषद के पदाधिकारियों ने समाजसेवी आकाश अग्रवाल के सहयोग मे प्रचंड गर्मी से जनता, ठेलिया रिक्शा चालकों को राहत देने के लिए नर सेवा नारायण सेवा के तहत लालबाग मे शर्बत वितरण किया गया। समाजसेवी आकाश अग्रवाल ने पूरे ज्येष्ठ माह में जनता को सर्बत व पानी पिलाने का बीड़ा उठाया। इस जनहित कार्य के लिए राष्ट्रीय सेवा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश राय व जिला अध्यक्ष सचिन त्रिपाठी ने समाजसेवी आकाश अग्रवाल को पटका पहनाकर सम्मानित किया। वितरण में सहयोगी की भूमिका में परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश राय, प्रदेश अध्यक्ष रत्नेश द्विवेदी, प्रदेश महासचिव आशुतोष शुक्ला, जिलाध्यक्ष सचिन त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष डॉ शांति स्वरुप रस्तोगी, जिला उप सचिव डॉ विकास जैन, जिला कोषाध्यक्ष अंबरीश दीक्षित, विधि परामर्श केंद्र की सदस्य नीतू गुप्ता, न्यायपीठ सदस्य अंकित श्रीवास्तव, शिवाशु मिश्रा, मनोज तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## बिजली, खाद और गन्ना भुगतान को लेकर भड़के किसान




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। शहर की पंजाबी कॉलोनी में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की समीक्षा बैठक जिला अध्यक्ष कुलवंत सिंह जोसन की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में किसानों से जुड़ी विभिन्न ज्वलंत समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई और जल्द समाधान की मांग उठाई गई।

बैठक में किसानों ने क्षेत्र में लगातार बनी बिजली संकट की समस्या पर नाराजगी जताई। किसानों का कहना था कि लो वोल्टेज और पर्याप्त बिजली आपूर्ति न होने से सिंचाई कार्य प्रभावित हो रहा है, जिससे खेतों में खड़ी फसलें सूखने लगी हैं। किसानों ने आरोप लगाया कि भीषण गर्मी के बीच बिजली कटौती से खेती-किसानी पर गंभीर असर पड़ रहा है। इसके अलावा किसानों ने यूरिया की भारी किल्लत का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। किसानों ने कहा कि सहकारी समितियों और केंद्रों पर समय से खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है। घंटों लाइन में लगने के बाद भी किसानों को पर्याप्त मात्रा में यूरिया नहीं मिल रही, जिससे खेती का कार्य प्रभावित हो रहा है। बैठक में बजाज ग्रुप पर किसानों का बकाया गन्ना भुगतान लंबित रखने का आरोप लगाते हुए शीघ्र भुगतान कराने की मांग की गई। किसानों ने कहा कि भुगतान में देरी के कारण उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही अंश निर्धारण समेत किसानों से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

जिला अध्यक्ष कुलवंत सिंह जोसन ने कहा कि यदि किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो संगठन आंदोलन करने को बाध्य होगा। उन्होंने प्रशासन और संबंधित विभागों से किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेकर तत्काल कार्रवाई करने की मांग की।

बैठक में युवा जिला अध्यक्ष सर्वजीत सिंह सैनी, जिला महासचिव रेशम सिंह, संगठन मंत्री संजय सिंह, जिला सचिव प्रसन्नदीप सिंह, तहसील अध्यक्ष गोला अनुराग मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष बांकेगंज राहुल वर्मा, कोषाध्यक्ष राजेश शुक्ला सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## युवाओं ने श्रमदान कर नदी की सफाई की



मोहम्मदी खीरी। कस्बा के युवाओं ने भीषण गर्मी के बीच गोमती के शीतल जल में रहकर श्रमदान आंदोलन चलाकर साफ सफाई करने की मिशाल पेश की आंदोलन को समर्थन मिलने पर जोश के साथ साफ सफाई कर लोगों को संदेश दिया है।

प्रत्येक रविवार को चलाए जाने वाले आंदोलन के प्रमुख अश्वनी राजपूत, योगेश त्रिवेदी, गौरव गुप्ता, प्रवीण मेहरोत्रा, आलोक मेहरोत्रा, विजय कटियार,शिवम भारद्वाज, शांतनु त्रिवेदी, धर्म सिंह, शेखर राठौर, गोपाल मिश्रा, शिबू शुक्ला, अनुज सिंह, अमित कुशवाहा, राजकरण सिंह, अंकुल राठौर, सोहित सिंह, हरि गोविंद, वीरेंद्र गुप्ता, अनुभव गुप्ता एवं अनुगृह गुप्ता समेत बड़ी संख्या में आंदोलन में सम्मिलित हुए कार्यकर्ताओं ने नदी की अविरल धारा में रूकावटों को दूर करने में श्रमदान किया है। घाटों की साफ सफाई से नदी की धारा को स्वच्छ और जीवंत बनाने का संकल्प लिया है। इसी कार्य को लेकर सरकार ने आंदोलन चलाया था जो असफल रहा वही समाजसेवियों ने श्रमदान कर सफलता के झंडा गाड रहे हैं। अभियान में बड़ी संख्या में लोगों ने सम्मिलित होकर कार्यकताओं का उत्साह वर्धन कर रहे हैं।

## सेउता में एकता क्रिकेट नाइट टूर्नामेंट का समापन

जिला संवाददाता(vol)

सेउता (सीतापुर)। शनिवार को सेउता में चल रहे तीन दिवसीय एकता क्रिकेट नाइट टूर्नामेंट का समापन भव्य समारोह के साथ हुआ। इस समापन समारोह के मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक ज्ञान तिवारी उपस्थित रहे। खेल मैदान में पहुंचकर विधायक ज्ञान तिवारी ने सबसे पहले फीता काटकर मैच का शुभारंभ किया। इसके बाद खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों की विशेष मांग पर विधायक ने स्वयं पिच पर उतरकर बैटिंग की और गेंद का सामना कर सेमीफाइनल व फाइनल मैचों की शुरूआत कराई। मैच शुरू होने से पहले खिलाड़ियों और आयोजन समिति के सदस्यों ने मुख्य अतिथि विधायक ज्ञान तिवारी तथा ग्राम प्रधान नंदराम गौतम को स्मृति चिन्ह भेंट किया। साथ ही कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का माला पहनाकर और बैच लगाकर भव्य स्वागत किया गया। देर रात्रि तक चले रोमांचक मुकाबलों के बाद विजेता और उप-विजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।



- **विधायक ज्ञान तिवारी ने दिया स्टेडियम बनवाने का आश्वासन**

खेल प्रेमियों और स्थानीय युवाओं की मांग पर मंच से बोलते हुए विधायक ज्ञान तिवारी ने एक बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि हम सेउता में एक बेहतरीन खेल स्टेडियम बनाने का पूरा प्रयास करेंगे। खेल मैदान और स्टेडियम बनने से ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभावान बच्चों को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। वह खेल सीखकर ग्राम स्तर से जिला और प्रदेश स्तर तक अपनी पहचान बना सकेंगे। खेल से हमारा शरीर और सेहत दोनों सुधरते हैं। इस खेल महोत्सव और समापन समारोह के अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। जिनमें मुख्य रूप से महेश राजपूत (मंडल अध्यक्ष), ज्ञानेश शुक्ल, संतोष कुमार यादव, एराज खान, प्रदीप कुमार अवस्थी, कन्हैयालाल वाल्मीकि, अंजय जायसवाल, संतोष जायसवाल आदि शामिल थे।

संक्षेप

## नौटंकी का प्रोग्राम करने गये युवक की बाइक चोरी

**परशदेपुर, रायबरेली।** डीह थाना क्षेत्र में नौटंकी का प्रोग्राम करने गए युवक की मोटरसाइकिल चोरी हो गई। मामले की तहरीर परशदेपुर पुलिस चौकी में दी गई है। नसीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम रमसापुर मजरे लहंगा निवासी भारत लाल पुत्र रम्पत ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि वो डीह थाने की परशदेपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम घोरहा मजरे बरावां में नौटंकी का प्रोग्राम करने गया था जहां से उसकी हीरो स्प्लेंडर प्लस बाइक चोरी हो गई। चौकी प्रभारी मोहित कुमार भारद्वाज ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## मां से मारपीट व संपत्ति हड़पने के आरोप में बेटे-बहू पर मुकदमा

**कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने वृद्ध मां से मारपीट और प्रताड़ना के आरोप में बेटे एवं बहू के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला कोतवाली क्षेत्र के सातनपुर गांव का है। गांव निवासी फूलकली ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि उनके पति राकेश कुमार का निधन 25 फरवरी 2026 को हो गया था। पति की मृत्यु के बाद से बेटा सतीश और बहू संगीता आए दिन छोटी-छोटी बातों को लेकर उनके साथ मारपीट और अभद्रता करते हैं। पीड़िता का आरोप है कि 18 मई को दोनों ने गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट की और घर छोड़कर जाने की धमकी दी। फूलकली ने बताया कि बहू घर में ताला बंद कर मायके चली गई है, जिससे उन्हें रहने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बेटा और बहू उनकी संपत्ति हड़पने की नीयत से उन्हें परेशान कर रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक दीपेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर बेटे सतीश और बहू संगीता के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## तीन वारंटी अभियुक्त किये गये गिरफ्तार

**गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)।** पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर के निर्देशन में चलाए जा रहे वारंटी अभियुक्त गिरफ्तारी अभियान के तहत गोसाईगंज पुलिस ने तीन वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है। अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी जयसिंहपुर के पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी गोसाईगंज के नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चला रही है। इसी क्रम में पुलिस ने छापेमारी कर तीन वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों में मखन्चु उर्फ जयसराज पुत्र परसुराम पाल निवासी रामदासपुर इनायतपुर थाना गोसाईगंज, ओमप्रकाश पुत्र शोभनाथ निवासी बाबूगंज खेड़ी थाना गोसाईगंज तथा विजय बहादुर पुत्र रामनिहोर निवासी बाबूगंज खेड़ी थाना गोसाईगंज शामिल हैं। पुलिस ने तीनों को हिरासत में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी की और बाद में न्यायालय सुलतानपुर भेज दिया। गिरफ्तारी अभियान में उपनिरीक्षक कैलाश सिंह, हेड कांस्टेबल लाल बहादुर लोधी तथा कांस्टेबल ओम प्रकाश की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अपराध और अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा, ताकि क्षेत्र में कानून व्यवस्था मजबूत बनी रहे।

# तहरीर न बदलने पर चौकी इंचार्ज ने पीड़ित को दी जेल भेजने की धमकी

### सिर फूटा, गंभीर हमले में एफआईआर की जगह एनसीआर दर्ज होने पर उठे सवाल

**डलमऊ, रायबरेली।** कानून का पहला काम पीड़ित की सुनवाई है, लेकिन यदि घायल व्यक्ति को ही अपनी शिकायत बदलने के लिए मजबूर होना पड़े तो सवाल केवल एक मुकदमे का नहीं, पूरी प्रक्रिया की निष्पक्षता का खड़ा होता है। डलमऊ थाना क्षेत्र की मुराईबाग चौकी एक बार फिर गंभीर आरोपों और चर्चाओं के केंद्र में है। इस बार मामला केवल मारपीट का नहीं, बल्कि घायल पीड़ित से कथित तौर पर तहरीर बदलवाने, नाम हटवाने, एफआईआर दर्ज न करने और पुलिसिया दबाव के आरोपों तक पहुंच गया है। छतग्वा निवासी रामनरेश सोनकर, जो बैटरी रिक्शा चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं, ने आरोप लगाया 19 मई की सुबह करीब 10:30 बजे वह रेलवे क्रॉसिंग के पास सवारी बैठा रहे थे। इसी दौरान कुछ लोग कथित तौर पर उनकी सवारी अपने वाहन में बैठाने लगे। विरोध करने पर विवाद बढ़ा और मारपीट शुरू हो गई। पीड़ित के अनुसार वह वहां से किसी तरह निकला, लेकिन थोड़ी दूर छोटी भागीरथी के पास आरोपितों ने अन्य साथियों के साथ उसे घेर लिया। आरोप है कि लोहे की रॉड और धारदार हथियार से हमला किया गया, जिसमें उसके सिर पर गंभीर चोटें आईं और वह बेहोश होकर गिर पड़ा। मामले का सबसे गंभीर पक्ष पुलिस कार्रवाई को लेकर सामने आए आरोप हैं। पीड़ित का आरोप है कि मुराईबाग चौकी इंचार्ज ने उससे तीन बार तहरीर बदलवाई। आरोप के मुताबिक उससे कहा गया कि कुछ नाम हटाओ और जैसा बताया जा रहा है वैसा लिखो अन्यथा उसे भी जेल भेज दिया जाएगा। पीड़ित का यह भी आरोप है कि जब घायल की बहन ने आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए न्याय की गुहार लगाई तो उसे कथित तौर पर असंवेदनशील टिप्पणी सुननी पड़ी। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है, लेकिन यदि ऐसा हुआ है तो यह पुलिस व्यवहार व संवेदनशीलता दोनों पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। सबसे बड़ा सवाल इस बात को लेकर उठ रहा है कि सिर पर गंभीर चोट के आरोप के बावजूद मामला एफआईआर की बजाय एनसीआर में क्यों दर्ज किया गया? स्थानीय स्तर पर यही चर्चा है कि क्या मेडिकल परीक्षण और चोटों की प्रकृति का परीक्षण किया गया था या नहीं। घटना के अगले दिन पीड़ित दोबारा थाने पहुंचा। उसका आरोप है उस समय मुराईबाग चौकी इंचार्ज थाने में मौजूद थे, लेकिन उसे उनसे मिलने नहीं दिया गया। मामले ने इसलिए भी तूल पकड़ा है क्योंकि मुराईबाग चौकी क्षेत्र पहले भी विवादों में चर्चा में रह चुका है। बीते दिनों चौकी से चंद कदम दूर पुलिस की मौजूदगी में दबंगई और हंगामे का वीडियो भी चर्चा में आया था। उस समय भी पुलिस की सक्रियता और नियंत्रण क्षमता को लेकर सवाल उठे थे। अब कम अंतराल में सामने आई दूसरी घटना ने पुलिस की कार्यशैली को फिर बहस के केंद्र में ला दिया है। अब पूरे प्रकरण में कई महत्वपूर्ण सवाल खड़े हो रहे हैं। यदि पीड़ित के सिर पर गंभीर चोटें थीं तो मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर संज्ञेय धाराओं में मुकदमा क्यों नहीं दर्ज हुआ? एक घायल व्यक्ति से बार-बार तहरीर बदलवाने की जरूरत क्यों पड़ी? क्या पुलिस का दायित्व शिकायत दर्ज करना है या शिकायत की दिशा तय करना...?

- मुराईबाग चौकी पर पीड़ित से 3 बार तहरीर बदलवाने का आरोप सीओ से मिलने तक नहीं दिया गया

## दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत एलआईसी एजेंट की मौत

**कादीपुर, सुलतानपुर।** कोतवाली क्षेत्र के कटसारी गांव में रविवार को दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को सीएचसी कादीपुर लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। रास्ते में एक अधेड़ की मौत हो गई। कटसारी गांव निवासी एवं भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के एजेंट आलोक शंखधर (50) अपनी पुत्री रिया (24) को परीक्षा दिलाकर बाइक से घर लौट रहे थे। गांव के पास कादीपुर-धोपाप मार्ग पर सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई। दूसरी बाइक पर बरवारीपुर गांव निवासी मुन्ना निषाद (23) और गोलू (32) सवार थे। टक्कर इतनी तेज थी कि चारों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर सभी को सीएचसी कादीपुर पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए चारों को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज ले जाते समय आलोक शंखधर ने रास्ते में दम तोड़ दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

- हादसे में तीन अन्य गंभीर घायल, जिला मेडिकल कॉलेज रेफर

## सेल्फ फाइनेंस कॉलेज एसो. का विवि में प्रदर्शन

**आगरा।** सेल्फ फाइनेंस कॉलेज एसो. के पदाधिकारियों का कहना है कि विवि छात्रहित में कार्य करने के बजाय हठधर्मिता पर चल रहा है, जिससे छात्रों व महाविद्यालय संचालकों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। डॉ. भीमराव आंबेडकर विवि में सेल्फ फाइनेंस कॉलेज एसो. ने शनिवार को प्रदर्शन किया। परीक्षा नियंत्रक, कुलसचिव व वित्त अधिकारी कार्यालय पर ताले लगा दिए। पदाधिकारियों ने परीक्षा तिथियों में बदलाव, जून में परीक्षाएं कराने, शुल्क बढ़ोतरी और विषय संबद्धता पर लगे जुर्माने का विरोध किया। मीडिया प्रभारी बृजेश शर्मा ने बताया कुछ दिन पूर्व परीक्षा नियंत्रक को ज्ञापन सौंपा था, जिसमें परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि बढ़ाने सहित कई मांगें रखी गई थीं। अब तक कोई निर्णय नहीं लिया। परीक्षा फॉर्म की तिथि समाप्त होने के बाद विलंब शुल्क लागू कर दिया गया। अध्यक्ष कृपाल सिंह ने कहा विवि छात्रहित में कार्य करने के बजाय हठधर्मिता पर चल रहा है, जिससे छात्रों और महाविद्यालय संचालकों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

## कायस्थ समाज को राजनीति में हाशिए पर रखना दुर्भाग्यपूर्ण : अरविंद




**रायबरेली।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की एक महत्वपूर्ण बैठक प्रभुदाऊन आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव, एडवोकेट ने की। बैठक में संगठन की वर्तमान गतिविधियों, सामाजिक सहभागिता एवं भविष्य की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के उपरांत जिला अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव ने मौजूदा जिला कमेटी को तत्काल प्रभाव से भंग करने की घोषणा की। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव ने कहा कि रायबरेली कायस्थ बाहुल्य क्षेत्र होने के बावजूद विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा कायस्थ समाज को आबादी के अनुपात में उचित प्रतिनिधित्व और सम्मान नहीं दिया जा रहा है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं चिंतनीय विषय है। उन्होंने कहा कि कायस्थ समाज सदैव अपनी बौद्धिक क्षमता, प्रशासनिक दक्षता एवं सामाजिक योगदान के लिए जाना जाता रहा है, लेकिन इसके बावजूद समाज की उपेक्षा होना दुर्भाग्यपूर्ण है। कायस्थ महासभा, पूर्वी के अरविंद श्रीवास्तव ने कहा कि संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से वर्तमान जिला कमेटी को भंग किया गया है तथा शीघ्र ही नई जिला कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि महासभा द्वारा पूरे जिले में व्यापक स्तर पर संपर्क अभियान चलाया जाएगा तथा नए, कर्मठ और ऊर्जावान युवाओं को संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां देकर समाज को एक नई दिशा देने का कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष अनूप श्रीवास्तव, एडवोकेट, जिला संरक्षक नागेंद्र श्रीवास्तव, प्रदेश महिला अध्यक्ष सीमा श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष रमेश चंद्र श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## नगर पंचायत नसीराबाद में सफाई के नाम पर खोले गये नाले दे रहे गंभीर बीमारियों को दावत

**नसीराबाद,रायबरेली।** नगर पंचायत नसीराबाद में लगभग 20 दिन पहले वार्ड नंबर 2 एवं वार्ड नंबर 14 में नालों की सफाई का हवाला देकर नालों के



ढक्कन को खोल दिया गया था, हालांकि नालों की सफाई भी हुई, परंतु 20 दिन बीत जाने की बात भी नाले को पूरी तरह से बंद नहीं किया गया। इस भीषण गर्मी में नाले का ढक्कन खुला होना और ढक्कन खुले होने की वजह से मच्छरों की पैदावार ज्यादा होना और भीषण दुर्गंध किसी गंभीर बीमारी को आमंत्रित कर रही है। सोचने की बात यह है कि नाले की सफाई हुए लगभग 20 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक नालों के ढक्कन क्यों नहीं बंद किए गए, सफाई विभाग के अधिकारियों को किसी गंभीर बीमारी के आने का इंतजार है या फिर किसी बच्चे या बुजुर्ग के नाले में गिर जाने का इंतजार है। हाल ही में वार्ड नंबर 2 में स्थित डेला माता मंदिर के पास नाले में एक कुत्ता गिरा और डूब कर मर गया। तो क्या अब नगर पंचायत नसीराबाद के सफाई विभाग को किसी इंसान के गिरकर मर जाने का इंतजार है या फिर किसी गंभीर बीमारी के आने का इंतजार है। इस भीषण गर्मी में सफाई को लेकर के इस तरह की अनदेखी और लापरवाही नगर पंचायत नसीराबाद के सफाई अधिकारियों पर सवाल खड़े करती है। इस सम्बन्ध में जब अधिशाषी अधिकारी राजभान शुक्ला से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे बात नहीं हो सका।

# सपा विधायक ने किया इंटरलॉकिंग सड़क का लोकार्पण व शिलान्यास



**महराजगंज, रायबरेली।** आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर जहां राजनीतिक सरगर्मियां तेज होती जा रही हैं। वहीं जनप्रतिनिधियों द्वारा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने का सिलसिला लगातार जारी है। बछरावां विधानसभा क्षेत्र के सपा विधायक श्याम सुंदर भारतीय क्षेत्रीय विकास को प्राथमिकता देते हुए गांव-गांव बुनियादी सुविधाओं के विस्तार में जुटे हुए हैं। विधायक निधि से सोलर लाइट, हाईमास्ट लाइट, खड़ंजा, इंटरलॉकिंग सड़क एवं विद्यालय भवन निर्माण जैसे अनेक विकास कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को अमावां विकासखंड अंतर्गत बछरावां विस क्षेत्र की ग्राम पंचायत बैखरा में विधायक श्याम सुंदर भारतीय ने विधानमंडल क्षेत्र पंचायत निधि वर्ष 2023-24 के अंतर्गत निर्मित 200 मीटर इंटरलॉकिंग सड़क का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। यह सड़क एबी पब्लिक स्कूल से जगराना के घर तक बनाई गई है, जिससे ग्रामीणों को सहूलियत मिलेगी।

लोकार्पण कार्यक्रम ग्राम प्रधान अमरनाथ द्विवेदी के संयोजन में आयोजित किया गया, जिसमें क्षेत्र के बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने विधायक द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की सराहना कर इसे क्षेत्र के लिए लाभकारी बताया। इस अवसर पर विधायक श्याम सुंदर भारतीय ने कहा कि, जनता ने जिस विश्वास के साथ उन्हें अपना प्रतिनिधि चुना है, उस भरोसे पर खरा उतरना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। बछरावां विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव तक विकास पहुंचाना उनका संकल्प है। उन्होंने कहा कि, सड़क, शिक्षा, बिजली व बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। आने वाले समय में क्षेत्र में और बड़े विकास कार्य कराए जाएंगे, ताकि ग्रामीणों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। प्रदेश में समाजवादी विचारधारा हमेशा गांव, गरीब, किसान व आम आदमी के विकास की पक्षधर रही है तथा इसी सोच के साथ क्षेत्र में विकास योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है।

## हीट वेव अलर्ट : डीएम ने जारी की एडवाइजरी दोपहर में बाहर निकलने से बचने की अपील

**रायबरेली।** जनपद में लगातार बढ़ रहे तापमान एवं भीषण गर्मी को देखते हुए डीएम सरनीत कौर ब्रोका द्वारा जनहित में लू से बचाव हेतु एडवाइजरी जारी की गई है। डीएम ने आमजन से सतर्कता बरतने तथा आवश्यक सावधानियां अपनाने की अपील की है। डीएम ने बताया कि मौसम विभाग के अनुसार लगातार कई दिनों तक सामान्य से अधिक तापमान रहने पर हीट वेव की स्थिति उत्पन्न होती है, जो स्वास्थ्य के लिए अत्यंत गंभीर एवं खतरनाक साबित हो सकती है। जिलाधिकारी द्वारा जारी एडवाइजरी में आमजन से अधिक मात्रा में पानी पीने, हल्के रंग के सूती कपड़े पहनने तथा धूप में निकलते समय छाता, टोपी एवं धूप के चश्मे का प्रयोग करने की अपील की गई है। साथ ही ओआरएस, नींबू पानी, छाछ, लस्सी एवं अन्य तरल पदार्थों का नियमित सेवन करने की सलाह दी गई है।

## बावन बुजुर्ग बल्ला में तैनात एएनएम की कथित मनमानी व लापरवाही को लेकर ग्रामीणों में रोष

**महराजगंज, रायबरेली।** ग्राम पंचायत बावन बुजुर्ग बल्ला में तैनात एएनएम प्रियंका सिंह की कथित मनमानी और लापरवाही को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। आरोप है कि, गांव बबुरिहा में आंगनबाड़ी केंद्र एवं सरकारी विद्यालय उपलब्ध होने के बावजूद सरकारी भवनों में टीकाकरण न कराकर सुजातगंज गांव के एक निजी स्थान पर नवजात शिशुओं और गर्भवती महिलाओं को बुलाया जाता है। इससे ग्रामीणों को भीषण गर्मी में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक 23 मई को भी एएनएम द्वारा बबुरिहा गांव के लोगों को बच्चों को लेकर सुजातगंज पहुंचने के निर्देश दिए गए। जब कुछ परिजनों ने सरकारी भवन में टीकाकरण कराने की मांग की तो एएनएम ने कथित रूप से अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए कहा, ॖमेरी मर्जी, जहां बुलाऊं वहीं आओ। हम तुम्हारे नौकर नहीं हैं जो वहां गर्मी में आकर टीकाकरण करेंगे ॖ इस कथित बयान के बाद ग्रामीणों में आक्रोश और बढ़ गया। ग्रामीणों का कहना है कि, कई बच्चों का 9 माह में होने वाला अनिवार्य टीकाकरण अब तक नहीं किया गया है, जबकि 15 माह के टीकाकरण के लिए अचानक बुलाया जा रहा है। लोगों ने आरोप लगाया कि स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही और एएनएम की कार्यशैली के चलते बच्चों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है।

## अवैध खनन व परिवहन मामले में 28 वाहन सीज

**रायबरेली।** डीएम सरनीत कौर ब्रोका व एसपीरवि कुमार के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जनपद में अवैध खनन एवं अवैध परिवहन के विरुद्ध गठित टास्क फोर्स द्वारा बीती रात्रि विशेष सघन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान जनपद के बछरावां, लालगंज एवं डलमऊ क्षेत्र में व्यापक स्तर पर जांच एवं चेकिंग की गई। कार्यवाही के दौरान अवैध खनन सामग्री के परिवहन में संलिप्त पाए गए कुल 28 वाहनों को सीज किया गया। प्रशासन एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा संबंधित क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखते हुए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की गई। इस विशेष अभियान में एसडीएम महराजगंज चन्द्र प्रकाश गौतम एवं लालगंज राजेश श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी महराजगंज प्रदीप कुमार एवं लालगंज अमित सिंह सहित तहसीलदार लालगंज, नायब तहसीलदार डलमऊ, संबंधित थाना प्रभारीगण तथा खनन अधिकारी उपस्थित रहे। एडीएम (प्रशासन) सिद्धार्थ ने बताया कि जनपद में अवैध खनन एवं अवैध परिवहन के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार निरंतर एवं कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। जनपद की सीमा का उपयोग किसी भी प्रकार के अवैध खनन परिवहन के लिए नहीं होने दिया जाएगा।

# कुशभवनपुर रत्न 2026 से सम्मानित हुई युवा इन्फ्लुएंसर स्तुति दुबे




- शिक्षा, तकनीक व सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान पर मिला सम्मान

**सुलतानपुर (वीओएल)।** बल्दीराय क्षेत्र के पूरे चैपाई उपाध्याय का पुरवा निवासी एवं कक्षा 9 की छात्रा स्तुति दुबे को शिक्षा, तकनीक और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए कुशभवनपुर रत्न 2026 सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान कटका क्लब सामाजिक संस्था द्वारा आयोजित भव्य समारोह में प्रदान किया गया। कम उम्र में ही अपनी प्रतिभा और मेहनत से पहचान बनाने वाली स्तुति दुबे ने वर्ष 2025 में अपना यूट्यूब चैनल शुरू किया था। अंग्रेजी बोलने की कला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू हुआ उनका प्रयास धीरे-धीरे लोगों के बीच लोकप्रिय हो गया। उनके शैक्षिक, प्रेरणादायक और जागरूकता से जुड़े वीडियो को लोगों ने खूब सराहा। इसके बाद उन्होंने इंस्टाग्राम पर भी शिक्षा, व्यक्तित्व विकास और सकारात्मक सोच से जुड़े वीडियो साझा कर युवाओं के बीच खास पहचान बनाई। विद्यालयी जीवन में भी स्तुति लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करती रही हैं। अंग्रेजी भाषण, वाद-विवाद, निबंध लेखन व अन्य बौद्धिक प्रतियोगिताओं में उन्होंने कई बार प्रथम स्थान हासिल किया है। स्काउटिंग और कोडिंग के क्षेत्र में भी उन्हें कई पुरस्कार मिल चुके हैं। समारोह में मुख्य अतिथि एवं अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक इंद्रेश कौशिक ने उन्हें सम्मानित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की बेटियां आज शिक्षा और तकनीक के माध्यम से नई ऊंचाइयों को छू रही हैं।

## विधायक ने किया विद्युत उपकेंद्र का शुभारंभ




**सुलतानपुर (वीओएल)।** शहर विधायक एवं पूर्व मंत्री विनोद सिंह ने पुलिस लाइन विद्युत उपकेंद्र का शुभारंभ किया। इस उपकेंद्र के शुरू होने से पुलिस लाइन, विवेक नगर, निराला नगर, करौंदिया समेत आसपास के क्षेत्रों के लोगों को लो वोल्टेज और बार-बार बिजली आपूर्ति बाधित होने की समस्या से राहत मिलेगी। शुभारंभ कार्यक्रम में विधायक विनोद सिंह ने कहा कि नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए यह विद्युत उपकेंद्र स्थापित कराया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जन समस्याओं का समयबद्ध तरीके से समाधान किया जाए और विद्युत व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाए। स्थानीय लोगों ने नए उपकेंद्र के शुरू होने पर खुशी जताई और उम्मीद व्यक्त की कि अब क्षेत्र में बिजली आपूर्ति सुचारु रूप से होगी। कार्यक्रम के दौरान विद्युत विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे।

- नये उपकेंद्र से लो वोल्टेज और बिजली समस्या से मिलेगी राहत

## हरचंदपुर उद्योग व्यापार मंडल की बैठक संपन्न, नयी कार्यकारिणी का गठन



**हरचंदपुर, रायबरेली।** कस्बा हरचंदपुर स्थित इंटर कॉलेज में उद्योग व्यापार मंडल इकाई की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समसामयिक समस्याओं के साथ संगठन की सक्रियता बढ़ाने पर चर्चा हुई। अध्यक्ष सरदार मनजीत सिंह ने पदाधिकारियों को प्रेरित किया और युवा कार्यकताओं को संगठन से जोड़ा। सर्व सम्मति से रिक्त पदों पर नियुक्तियां की गईं। महामंत्री आशीष अवस्थी, कोषाध्यक्ष उबैद अली खान, युवा व्यापार मंडल प्रकोष्ठ महामंत्री देवा गुप्ता, युवा प्रकोष्ठ कोषाध्यक्ष रोहित गुप्ता, उपाध्यक्ष मुकेश एवं गिरिधारी सोनी, विधिक सलाहकार सुनील श्रीवास्तव, सह कोषाध्यक्ष विक्रम चैरसिया, मंत्री बिपिन साहू, मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी अनिल कुमार श्रीवास्तव को सौंपी गयीं हैं। बैठक में प्रमुख निर्णय सर्व सम्मति से साप्ताहिक बंदी पर निर्णय लिया जाएगा। किराना ट्रेड से सुनील साहू ने अपने सुझाव व अनुभव साझा किए। क्षेत्र में चल रही विद्युत समस्या को लेकर बुधवार को सुबह 10 बजे अध्यक्ष सरदार मनजीत सिंह के नेतृत्व में सभी व्यापारी उप केंद्र पर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। मोबाइल ट्रेड के प्रतिनिधि आलोक सिंह ने सुझाव दिया कि व्यापार मंडल के पास व्यापारियों द्वारा एकत्र किया गया श्आपदा कोषश अवश्य होना चाहिए। बैठक में उपाध्यक्ष विजय गुप्ता, होटल ट्रेड से संजय यज्ञसैनी, पेंट्स ट्रेड से मनोज मिश्रा, फोटोग्राफर ट्रेड से धर्मेंद्र शुक्ला, लीगल एडवाइजर आदित्य गुप्ता, युवा अध्यक्ष तेज बहादुर सिंह कल्लू, बिपिन गुप्ता, कौशल मिश्रा, शेषराम गुप्ता, हर्ष बाजपेयी, अमित पटवा, प्रमोद सोनी, सोनू सोनी, ज्वेलर्स ट्रेड से लक्ष्मी शंकर सोनी, साइकिल ट्रेड से प्रदीप कुमार, बर्तन ट्रेड से पंकज गुप्ता आदि व्यापारी मौजूद रहे।

## पथरी रोगियों को नि:शुल्क आयुर्वेदिक दवा का वितरण




**रायबरेली।** श्री सर्वेश्वरी समूह औघड़ आश्रम शाखा मुंशीगंज में प्रत्येक रविवार की सैकड़ों पथरी रोगियों को निःशुल्क आयुर्वेदिक दवा का वितरण किया गया। दवा वितरण करने वाले रामप्यारे मौर्य ने मरीजों को दवा लेने का तरीका बताएं, तथा दवा लेते समय किस-किस चीज का परहेज करें इसे कैसे खाएं इन सब चीजों के विषय में आए हुए मरीजों को विस्तार से बताया गया। आए हुए मरीजों में कई पुराने मरीज थे जो इससे पहले यहां से दवा ले जाकर उसे खाकर अपनी बीमारी में राहत महसूस कर रहे थे और उनके साथ ही नए मरीज भी दवा लेने आश्रम आए। उल्लेखनीय है कि औघड आश्रम मुंशीगंज में हर रविवार को दवा वितरण का यह कार्यक्रम सुचारु रूप से चलता रहता है। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सहयोग करने वालों में बाबा मगहीया राम जी, छोटे साधु, मार्शल बाबा, बृजेश सिंह, रमेश सिंह, सेवादारों में गोलू सिंह, विनोद जायसवाल, गोविंद सिंह एडवोकेट, शैलेश सिंह, रामचंद्र आदि लोग मौजूद रहे।

# गोमती मित्रों ने सीताकुंड धाम पर चलाया सफाई अभियान

**सुलतानपुर (वीओएल)।** भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के बावजूद गोमती मित्र मंडल का सेवा और स्वच्छता का संकल्प रविवार को भी जारी रहा। सीताकुंड धाम पर आयोजित साप्ताहिक श्रमदान अभियान में गोमती मित्रों ने लगातार तीन घंटे तक सफाई अभियान चलाकर परिसर और नदी तट को स्वच्छ बनाया। अभियान के दौरान गोमती मित्रों ने सीता उपवन, घाट परिसर और नदी के भीतर उतरकर बड़ी मात्रा में कूड़ा-करकट, प्लास्टिक, फटे कपड़े और सड़ रही पूजन सामग्री को बाहर निकाला। एकत्रित कचरे का उचित निस्तारण भी कराया गया। भीषण गर्मी के बावजूद कार्यकताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। वरिष्ठ पदाधिकारी राजेश पाठक ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन के नेतृत्व में गोमती को स्वच्छ और निर्मल बनाने का अभियान निरंतर चलाया जा रहा है।



उन्होंने कहा कि मौसम चाहे जैसा भी हो, गोमती मित्रों का यह सेवा संकल्प कभी नहीं रुकेगा। श्रमदान अभियान में रमेश माहेश्वरी, सेनजीत कसौधन, डॉ. कुंवर दिनकर प्रताप सिंह, अरुण गुप्ता, विकास यादव, सौरभ गुप्ता, अजीत शर्मा, राकेश मिश्रा समेत बड़ी संख्या में गोमती मित्र मौजूद रहे।

### पीस कमेटी बैठक के बहिष्कार से गरमाई लम्भुआ की सियासत

**लम्भुआ, सुलतानपुर (वीओएल)।** गंगा दशहरा और बकरीद को लेकर लम्भुआ थाने में आयोजित पीस कमेटी की बैठक रविवार को विवादों में घिर गई। क्षेत्रीय पत्रकारों ने पुलिस मीडिया सेल पर सूचना न देने का आरोप लगाते हुए बैठक का बहिष्कार कर दिया। पत्रकार थाने के बाहर मौजूद रहे, लेकिन बैठक में शामिल नहीं हुए। पत्रकारों का कहना था कि पुलिस विभाग अक्सर हर जानकारी के लिए मीडिया सेल का हवाला देता है, लेकिन महत्वपूर्ण बैठकों की सूचना समय पर नहीं दी जाती। उन्होंने आरोप लगाया कि पीस कमेटी जैसी अहम बैठकों को केवल औपचारिकता बनाकर छोड़ दिया गया है। जानकारी के अनुसार उपजिलाधिकारी प्रीति जैन सुबह 11:03 बजे बैठक में पहुंचीं और 11:14 बजे बैठक समाप्त हो गई। महज 11 मिनट चली बैठक को लेकर पत्रकारों और स्थानीय लोगों में नाराजगी देखने को मिली। पत्रकारों ने कहा कि त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए संवाद और समन्वय जरूरी है, लेकिन बैठक केवल फोटो सेशन तक सीमित रही। वहीं पुलिस के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि सूचना न पहुंचने की जानकारी उन्हें नहीं है। उन्होंने कहा कि बैठक में त्योहारों के मद्देनजर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

संक्षेप

## चोरी की बड़ी घटना को हजम करने में जुटी इनायतनगर पुलिस

मिल्कीपुर-अयोध्या। इनायत नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत डीली गिरधर के पूरे प्रगास में चार दिन पूर्व हुई चोरी की बड़ी घटना के मामले में इनायत नगर पुलिस मुकदमा दर्ज नहीं कर सकी है। पीड़ित मामले में मुकदमा दर्ज करने के लिए थाने का चक्कर लगाने को विवश है और इनायत नगर पुलिस है कि चोरी की बड़ी घटना को हजम करने पर तुली है। बताते चलें कि पूरे प्रगास गांव निवासी सुरेंद्र प्रताप सिंह के घर बीते 20 मई की रात अज्ञात चोरों ने घर में रखी अलमारी का लाकर तोड़कर सोना एवं चांदी के आभूषण सहित नकदी पार कर दिए थे। घटना की जानकारी होने के बाद पीड़ित गृह स्वामी ने इनायत नगर पुलिस को मामले में मुकदमा दर्ज किए जाने हेतु तहरीर दी थी।

किन्तु पुलिस द्वारा अब तक मामले में न तो प्राथमिक की दर्ज की गई और न ही घटना के पदार्फाश के संबंध में कोई पुलिसिया कार्यवाही ही अमल में लाई गई।

# खेत से खंडा-बोल्डर चोरी, तार फेंसिंग तोड़कर ट्रैक्टर-ट्रॉली में भर ले गए चोर

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** थाना जखौरा क्षेत्र के ग्राम कल्यानपुरा में खेत की मेड़ पर रखे कीमती खंडा-बोल्डर चोरी होने का मामला सामने आया है। अज्ञात चोर रात के अंधेरे में ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर पहुंचे और खेत की मेड़ पर रखे पत्थरों को भरकर ले गए। इस दौरान खेत की सुरक्षा के लिए लगाई गई तार फेंसिंग को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। पुलिस ने पीड़ित अधिवक्ता की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम कल्यानपुरा निवासी एवं वर्तमान में ग्राम बांसी में रह रहे अधिवक्ता अवनीश कुमार उपाध्याय पुत्र रूपनारायण उपाध्याय ने थाना जखौरा में दी गई शिकायत में बताया कि ग्राम कल्यानपुरा में प्रतीक्षालय के पास उनकी कृषि भूमि स्थित है, जिसे स्थानीय लोग सेता के नाम से जानते हैं। खेत की मेड़ के किनारे उन्होंने लंबे समय से खंडा-बोल्डर सुरक्षित रखे हुए थे। पीड़ित के अनुसार 20 मार्च 2026 की रात अज्ञात चोर ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर खेत पर पहुंचे और मेड़ पर रखे सभी खंडा-बोल्डरों को चोरी कर ले गए। चोरी की वारदात को अंजाम देते समय आरोपियों ने खेत की तार बाड़ी भी तोड़ डाली, जिससे खेत की सुरक्षा व्यवस्था को नुकसान पहुंचा। घटना की जानकारी मिलने के बाद पीड़ित ने पुलिस को लिखित शिकायत दी। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना जखौरा पुलिस ने 23 मई 2026 को अज्ञात चोरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस क्षेत्र में सक्रिय चोर गिरोहों और ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से हुई चोरी की जांच कर रही है। थाना प्रभारी जखौरा स्वयं मामले की विवेचना कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि आसपास के लोगों से पूछताछ और अन्य साक्ष्यों के आधार पर जल्द ही आरोपियों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

## महापौर ने की शिक्षकों एवं खेल संगठनों संग बैठक

अयोध्या। शनिवार की शाम महापौर ने सर्किट हाउस में शिक्षक संगठनों एवं खेल संगठनों के प्रतिनिधियों संग बैठक की और उनसे 31 मई के स्वच्छता अभियान में भागीदार होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नगर को सफाई के पैमाने पर देश में टॉप टेन स्थान में लाने के लिए समाज के सभी जागरूक वर्ग का सहयोग आवश्यक है। इस मौके पर शिक्षक नेता संजीव चतुर्वेदी, चक्रवर्ती सिंह, पूर्व सैनिक संख्या जिला आदि उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत हुआ प्रेरणा कैंटीन का शुभारंभ



**कसया, कुशीनगर।** पंडित दीन दयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत दर्पण प्रेरणा महिला स्वयं सहायता समूह, मैनपुर द्वारा कसया ब्लॉक परिसर में खोले गए प्रेरणा कैंटीन का शुभारंभ अतिथियों ने किया।

आयोजक- ब्लॉक मिशन प्रबंधन इकाई कसया ब्लॉक के सहयोग से खुले दर्पण मॉडल प्रेरणा कैंटीन का शनिवार को उपयुक्त स्व रोजगार फैसल आफताब, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि मंदीप यादव, बीडीओ राम खेलावन सेठ आदि ने फीता काटकर शुभारंभ किया। एडीओ पंचायत नीरज कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि इस कैंटीन से ग्राहकों को काफी सुविधा मिलेगी। सरिता गुप्ता सहायक विभाग अधिकारी ने बताया कि इस शॉप से स्वदेशी खाद्य का स्वाद लोग पा सकेंगे। कैंटीन की संचालिका प्रियंका कुशवाहा पत्नी राजन कुमार कैंटीन में समूहों के हाथ के बने खाद्य और पेय पदार्थों की बिक्री होगी। संचालिका प्रियंका कुशवाहा और राजन कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान एनआरएल एम के बीएमएम अरविंद कुमार गुप्ता, डीएमएम असीम कुमार, पंकज सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## रक्तदान कर पुष्प फाउंडेशन की टीम ने सकारात्मक संदेश दिया



पाटन, उन्नाव। विधानसभा भगवन्तनगर क्षेत्र के समाजसेवी राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह की प्रेरणा से उनकी टीम के सदस्यों ने रक्तदान कर एक जीवन बचाने के लिये बहुत ही सराहनीय योगदान किया। कल विधानसभा क्षेत्र भगवन्तनगर के चोटिहा गाव निवासी समाजसेवी शिवबहादुर लोधी की पत्नी के ऑपरेशन में ब्लड की आवश्यकता थी, उन्होने राष्ट्रीय अध्यक्ष से यथास्थित की जानकारी दी। कृपालु हृदय के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह की टीम के सदस्य भी राष्ट्रीय अध्यक्ष की तरह ही सेवा भावना प्रदर्शित की। राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह की टीम के चार सदस्य आशू सिंह, सेनू यादव, राघवेंद्र सिंह, रामजी यादव ब्लड देने पहुचे जिनमें सिर्फ दो यूनिट की आवश्यकता होने पर टीम के सदस्य आशू सिंह धनकोली व महेंद्र यादव ऊर्फ सेनू यादव ने रक्तदान कर योगदान दिया। इस अवसर पर टीम के वरिष्ठ सदस्य राघवेंद्र सिंह ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह की ओर से आर्थिक सहयोग भी दिया, रक्तदान करके राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह की टीम के सदस्यों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि रक्तदान करने व दूसरों की मदद करने की प्रेरणा हमें पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह से मिली है। ईश्वर से प्रार्थना है कि बहन जल्द स्वस्थ हो, भविष्य में अगर किसी को रक्त की जरूरत होगी तो हम रक्तदान अवश्य करेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से सूबेदार राम सिंह यादव, शिवबहादुर लोधी, सेनू यादव, आशू सिंह, राघवेंद्र सिंह रामजी यादव, रामबहादुर आदि उपस्थिति रहे।

## आरोग्य मेला का आयोजन, 21 मरीजों का उपचार



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र की ऊगू पीएचसी में रविवार को आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में डॉ. रीता सिंह ने सुबह से मरीजों को देखना शुरू किया और दोपहर एक बजे तक करीब 21 मरीजों का परीक्षण कर उनका उपचार किया। मरीजों ने बताया कि उन्हें आवश्यक दवाएं अस्पताल से ही उपलब्ध कराई गईं। मेले में गैस, त्वचा रोग, बुखार, डायबिटीज एवं आंखों से संबंधित समस्याओं के मरीज अधिक संख्या में पहुंचे। गर्मी एवं पेट संबंधी समस्याओं से पीड़ित मरीजों को ओआरएस घोल और ग्लूकोज भी वितरित किया गया। मरीजों की सुविधा के लिए अस्पताल परिसर में पेयजल की व्यवस्था भी की गई। आयोजन के दौरान अन्य अस्पताल कर्मी भी मौजूद रहे।

## लेखपाल संघ उप्र के अध्यक्ष बने नीलेश रंजन राव



**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के लखनऊ गांधी प्रेक्षा गृह में हुए सम्मेलन में जनपद कुशीनगर के जिलाध्यक्ष निलेश रंजन राव को संगठन का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर लेखपालों और गणमान्य जनों ने खुशी व्यक्त किया है।

लेखपाल संघ जनपद इकाई कुशीनगर के जिलाध्यक्ष श्री राव लेखपाल हितों को लेकर काफी सक्रिय और संघर्षशील रहे हैं तथा संगठन के माध्यम से लेखपालों के हक और सम्मान के लिए आवाज बुलंद करते आ रहे है। बीते शुक्रवार को लखनऊ में हुए सम्मेलन में प्रदेश के नए पदाधिकारियों का चुनाव हुआ और श्री राव को प्रदेश अध्यक्ष की कमान सौंपी गई। नवागत प्रदेश अध्यक्ष श्री राव ने कहा कि प्रदेश संगठन द्वारा दिए गए दायित्व को पूरी निष्ठा और ईमानदारी निभाऊंगा और संगठन की मजबूती के साथ लेखपालों के हक और सम्मान की रक्षा करूंगा। श्री राव के लेखपाल संघ का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर जिला मंत्री संजय कुमार, हृदया नन्द वर्मा, रविकांत, तहसील अध्यक्ष कसया शैलेन्द्र कुमार दूबे, नंदलाल पाठक, सुनील कुमार कुशवाहा, अंग ध्वज पासवान, राजन पांडेय, गौरव प्रताप सिंह, गुलक्सा खातून, गिरिराज किशोर, अनिल कुमार, कालिंदी कला यादव सहित जनपद और तहसील के पदाधिकारियों ने बधाई और शुभकामनाएं दी है।

## लू, आकाशीय बिजली व नदी में नहाने के दौरान बरतें विशेष सावधानी

जिला संवाददाता

- पांच दिनों तक रेड अलर्ट, दोपहर 12 से 3 बजे तक अनावश्यक रूप से बाहर न निकलें
- डीएम की अपील

**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने बढ़ते तापमान एवं आगामी पांच दिनों तक जारी रेड अलर्ट को देखते हुए जनपदवासियों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी, लू, आकाशीय बिजली एवं नदी में डूबने की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए सभी नागरिक सावधानी बरतें, ताकि किसी प्रकार की जनहानि न हो।

जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान समय में तापमान लगातार बढ़ रहा है, जिससे डिहाइड्रेशन, लू लगने एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि दोपहर 12 बजे से अपराह्न 3 बजे तक अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें। लगातार पानी पीते रहें, हल्के रंग के सूती कपड़े पहनें तथा बाहर निकलते समय सिर को गमछा, टोपी अथवा कपड़े से ढककर रखें। यात्रा के दौरान पानी साथ रखें और शरीर में पानी की कमी न होने दें। उन्होंने बताया कि लू लगने पर शरीर का तापमान अचानक बढ़ जाना, तेज सिरदर्द, त्वचा का लाल एवं शुष्क हो जाना, उल्टी होना तथा बेहोशी जैसी समस्याएं सामने आ सकती हैं। ऐसी स्थिति में प्रभावित व्यक्ति को तुरंत छायादार स्थान पर ले जाएं, शरीर पर पानी का छिड़काव करें, पंखा या कपड़े से हवा करें तथा यदि व्यक्ति होश में हो तो उसे ठंडा पानी पिलाएं। गंभीर स्थिति होने पर तत्काल 108 एंबुलेंस सेवा की सहायता लेकर निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाएं।

जिलाधिकारी ने मजदूरों एवं श्रमिकों से भी अपील की कि अधिक गर्मी में लगातार कार्य न करें तथा बीच-बीच में विश्राम अवश्य करें। उन्होंने कहा कि बच्चों एवं पालतू जानवरों को धूप में खड़े वाहनों में न छोड़ें, क्योंकि इससे शरीर का तापमान तेजी से बढ़ सकता है।

आकाशीय बिजली से होने वाली घटनाओं को लेकर जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधानों, पंचायत सचिवों एवं पंचायत सहायकों से पंचायत भवनों, विद्यालयों एवं सार्वजनिक भवनों पर लाइटनिंग अरेस्टर लगाने की अपील की।

उन्होंने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण सुरक्षा उपकरण है, जिससे आकाशीय बिजली से होने वाले नुकसान को काफी हद तक रोका जा सकता है। इसके लिए पंचायत निधि से भी व्यवस्था की जा सकती है।

जिलाधिकारी ने सभी तहसील एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि आकाशीय बिजली अथवा प्राकृतिक आपदा से जनहानि, पशुहानि या मकान क्षति की सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंचें तथा शासन की मंशा के अनुरूप त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि राहत वितरण की प्रक्रिया समयबद्ध ढंग से पूरी कराई जाए।

उन्होंने जनपद की राप्ती, घाघरा एवं सरयू नदियों में बढ़ती डूबने की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए लोगों से गहरे पानी में न जाने की अपील की। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधानों एवं संबंधित अधिकारियों को नदी किनारे चेतावनी बोर्ड लगाने के निर्देश दिए, ताकि लोगों को सुरक्षित दूरी की जानकारी मिल सके और दुर्घटनाओं को रोका जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि तेज आंधी-तूफान के दौरान कच्चे एवं जर्जर मकानों में रहने वाले लोग सुरक्षित स्थानों पर चले जाएं।

साथ ही संबंधित अधिकारियों को ऐसे परिवारों की सूची तैयार कर शासन की योजनाओं से लाभान्वित कराने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि जनपद प्रशासन पूरी तरह सतर्क है तथा किसी भी आपात स्थिति में आमजन की सहायता के लिए तत्पर रहेगा।

जिलाधिकारी ने सभी नागरिकों से अपील की कि प्रशासन द्वारा जारी सावधानियों का पालन करें तथा अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करें, ताकि भीषण गर्मी एवं प्राकृतिक आपदाओं से जनहानि को रोका जा सके।

## पोथी पूजन एवं कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारम्भ



**पाटन, उन्नाव।** परमपिता परमेश्वर की असीम अनुकंपा एवं पूर्वजों के आशीर्वाद से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन पोथी पूंजन एवं कलश यात्रा के साथ सम्पन्न हुआ। तहसील बीघापुर के मुख्यालय पाटन के अंतर्गत ग्राम हिंदूपुर में सात दिवसीय कथा के शुभारंभ अवसर पर शनिवार को कथा के परीक्षित कल्पना तिवारी एवं प्रेम शंकर तिवारी द्वारा पोथी पूंजन के बाद कलश यात्रा निकालकर गांव के देवी मंदिरों में पहुंचकर पूंजा अर्चना की गई। कलश यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में मात्र शक्ति व कन्याएं मौजूद रही। देर शाम कथा वाचक आचार्य विपिन मिश्रा जी महाराज द्वारा श्रीमद् भागवत कथा की महिमा, ज्ञान, प्रकाश का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भागवत एक कथा मात्र ही नहीं अपितु जीवन में प्रेरणा देने वाला एक महान ग्रंथ है जिसके श्रवण मात्र से ही सुख शांति के साथ पापों का नाश होता है यही नहीं पितरों को मुक्ति मिलती है और जीवन में भक्ति का संचार होता है। इस मौके पर विद्या शंकर बाजपेई मामा विजय तिवारी अनिल तिवारी हृदय शंकर सुनील तिवारी सुभाष अजय तिवारी शिवांश देवांश जान्हवीं, शिवांशी आदि बड़ी संख्या में उपस्थित श्रोताओं ने कथा का श्रवणानंद किया।

# गोवंश तस्करी में दो गिरफ्तार, एक फरार; तमंचा व कारतूस बरामद

भटनी (देवरिया)। स्थानीय थाना में गोवंश तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक पिकअप वाहन से 05 राशि गोवंशीय पशुओं के साथ एक बाल अपचारी समेत दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक अपाचे मोटरसाइकिल, एक अवैध तमंचा 315 बोर तथा दो जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं। जबकि एक आरोपी अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम दबिश दे रही है।

पुलिस अधीक्षक देवरिया अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन में अपराध एवं अवैध गो-तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) सुनील कुमार सिंह तथा क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी अंशुमन श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में थाना भटनी पुलिस द्वारा संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक पिकअप वाहन में गोवंशीय पशुओं को बिहार ले जाया जा रहा है तथा आगे-आगे एक अपाची मोटरसाइकिल से दो युवक लाइनर का कार्य कर रहे हैं।

सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर वाहनों को रोकने का प्रयास किया तो मोटरसाइकिल सवार युवकों ने पुलिस टीम पर फायर करने का प्रयास किया, हालांकि फायर नहीं हो सका। वहीं पिकअप चालक ने वाहन को पुलिस पर चढ़ाने की कोशिश की, जिससे कुछ पुलिसकर्मियों को हल्की चोटें आईं। इसके बाद पुलिस ने पीछा कर वीरसिंहपुर के पास दोनों वाहनों को रोक लिया।

कार्रवाई के दौरान पिकअप चालक हेमराज यादव पुत्र विजय मल्ल यादव निवासी जजवलिया थाना विजयपुर जनपद गोपालगंज, बिहार अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। वहीं पुलिस ने अजय कुमार बैठा पुत्र नागेंद्र बैठा निवासी जजवलिया थाना विजयपुर जनपद गोपालगंज, बिहार उम्र करीब 19 वर्ष तथा एक बाल अपचारी को गिरफ्तार कर लिया।

तलाशी के दौरान अजय कुमार बैठा के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पिकअप वाहन में पांच गोवंशीय पशुओं को बेरहमी से रस्सियों से बांधकर लादा गया था, जिन्हें पुलिस ने मुक्त कराया।

इस संबंध में थाने पर मुकदमा अपराध संख्या 130/2026 धारा 109(1) बीएनएस, 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम, 11 पशु क्रूरता अधिनियम तथा 3/25 आयुध अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की गयी है।

## स्टेशन मार्ग पर चौड़ीकरण के लिए महीनों पहले खोदी गई सड़क जनता के लिए परेशानी का सबब

- खुदी पड़ी सड़क के कारण स्टेशन मार्ग पर रोज लग रहा है जैम, लोग हो रहे हैं चोटिल

**ललितपुर।** आज स्थानीय कम्पनी बाग में बुन्देलखण्ड विकास सेना का साप्ताहिक धरना प्रदर्शन केन्द्रीय प्रमुख हरीश कपूर टीटू नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। धरना प्रदर्शन में ललितपुर शहर की व्यस्ततम स्टेशन रोड को चैड़ीकरण के नाम पर महीनों पहले खोदे जाने के बाद काम पूरा ना करने पर गहरा रोष व्यक्त किया गया। केन्द्रीय प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने कहा कि ठेकेदार की अदूरदर्शिता के चलते ललितपुर के व्यस्ततम स्टेशन मार्ग को चैड़ीकरण के नाम पर महीनों पहले खोद दिया गया है जिस कारण स्टेशन रोड पर आये दिन जैम स्थिति हो जाती है। कभी कभी तो जैम के कारण यात्रियों की ट्रेन तक छूट जाती है। उन्होंने कहा कि खुदी पड़ी सड़क के कारण लोग दुर्घटनाग्रस्त होकर लोग चोटिल हो रहे है। उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशन से लेकर गेंदालाल पेट्रोल पंप तक सड़क का चैड़ीकरण प्रस्तावित है। यह निर्णय स्वागतयोग्य है परंतु ठेकेदार की अदूरदर्शी सोच और हठधर्मिता के चलते उक्त सड़क को महीनों पहले खोद कर बगैर काम किए ऐसे ही अधूरा छोड़ दिया गया है जो कि जनता के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। इसके अलावा उड़ने वाले धूल के गुबार से लोगों का जीना दूभर हो रहा है। बु. वि. सेना प्रमुख ने कहा कि यदि इस प्रमुख सड़क को समय रहते ठीक नहीं किया गया तो अन्यथा की स्थिति में बुन्देलखण्ड विकास सेना उग्र आन्दोलन झेड़ने को बाध्य हो जायेग। धरना प्रदर्शन के दौरान राजकुमार कुशवाहा, अमर सिंह बुंदेला, मूलचंद रजक, प्रदीप पंडित, परवेश पठान, बलराम चैहान, प्रकाश पेंटर, लालचंद रजक, राम सहाय राठौर, रामप्रकाश झा, जगदीश झा, कमल विश्वकर्मा मोनू रजक, प्रदीप साहू, नंदराम कुशवाहा, विनोद साहू आदि मौजूद रहे।



## डीएम सख्त, 24 घंटे सातों दिन कंट्रोल रूम शुरू रहेगा

उन्नाव। डीएम घनश्याम मीना ने जिले में लगातार बढ़ रही विद्युत समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए बिजली व्यवस्था सुधारने के लिए 247 कंट्रोल रूम शुरू कराया है। अब उपभोक्ता 9415710542 नंबर पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे। रविवार को बिजली आपूर्ति, ट्रिपिंग और फाल्ट की बढ़ती शिकायतों पर डीएम सख्त नजर आए। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को व्यवस्था में तत्काल सुधार के निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी स्वयं कंट्रोल रूम में आने वाली शिकायतों की मॉनिटरिंग करेंगे, जिससे लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर कार्रवाई की संभावना भी बढ़ गई है।

## बीएसए ने बैठायी जांच, 25 मई को तलब

उन्नाव। बेसिक शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार, वेतन रोके जाने और मानसिक उत्पीड़न जैसे गंभीर आरोपों की शिकायत पर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय ने जांच शुरू कर दी है। उच्च प्राथमिक विद्यालय मरौंदा मझवारा, ब्लॉक सिकंदरपुर सरोसी में तैनात सहायक शिक्षक गोपाल बाबू द्वारा जिलाधिकारी से की गई शिकायत के बाद यह कार्रवाई की गई है। जारी पत्र के अनुसार शिक्षक ने विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार, अवैध धन उगाही, शिकायतों का निस्तारण न होने तथा प्रतिशोधात्मक भावना से कार्य किए जाने जैसे आरोप लगाए हैं। मामले की सुनवाई गत 7 मई को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में हुई थी, जहां शिकायतकर्ता ने अपना पक्ष रखा। जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा एक सप्ताह के भीतर जांच कर आख्या प्रस्तुत करने के आदेश दिए गए हैं। इसी क्रम में 25 मई 2026 को पूर्वाह्न 11:30 बजे संबंधित अधिकारियों और शिकायतकर्ता को सुनवाई हेतु उपस्थित होने के निर्देश जारी किए गए हैं। पत्र में खंड शिक्षा अधिकारी सिकंदरपुर सरोसी एवं संबंधित को समय से उपस्थित रहने के निर्देश दिए है।

# कनोडिया इंटर कॉलेज से फर्जीवाड़े की फाइल पहुंची डीआईओएस दफ्तर

जिला संवाददाता

- एरियर घोटाले के आरोपी नियम विरुद्ध विनियमितीकरण व चयन वेतनमान का लाभ लेने शिक्षक की अब प्रमोशन पर नजर, विभागीय मिलीभगत का आरोप।
- एरियर घोटाले के बाद अब पदोन्नति का खेल

**कुशीनगर।** श्री गंगा बक्श कनोडिया इंटर कॉलेज कप्तानगंज एक बार फिर विवादों के भंवर में है। सबब यह है कि यह विद्यालय अब पढ़ाई से ज्यादा फजीर्वाड़े, नियमों की धज्जियां उड़ाने और विभागीय सांठगांठ की वजह से चर्चा में है। बिना कार्य किए लाखों रुपये एरियर लेने, विनियमितकरण से पहले चयन वेतनमान का लाभ उठाकर सरकारी खजावा लूटने और बर्खास्तगी के बाद भी नौकरी करने जैसे गंभीर आरोपों से घिरे शिक्षकों का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ था कि अब एक नया ॠखेलॠ शुरू हो गया है, नियम विरुद्ध पदोन्नति का खेल।सूत्रों के मुताबिक विवादों में घिरे सहायक अध्यापक विरेन्द्र पाण्डेय ने अब पदोन्नति पाने के लिए विभागीय गलियारों में फाइलें दौड़ानी शुरू कर दी हैं। हैरत की बात यह है कि सहायक अध्यापक श्याम नरायण पाण्डेय, देवेन्द्र पाण्डेय और विरेन्द्र पाण्डेय के खिलाफ वित्तीय अनियमितता, सेवा नियमों के उल्लंघन और तथ्य छिपाने जैसे आरोप पहले से लगे है, उन्हीं मे से एक सहायक अध्यापक विरेन्द्र पाण्डेय है जिनको नियम विरुद्ध तरीके से पदोन्नति का लाभ पहुंचाने की कोशिशें तेज हो गई हैं।

### दो साल काम नहीं, फिर भी लाखों का वेतन

शिक्षा विभाग के सूत्र बताते हैं कि श्याम नारायण पाण्डेय, देवेन्द्र पाण्डेय और विरेन्द्र पाण्डेय पर आरोप है कि उन्होंने करीब दो वर्षों तक बिना कार्य किए फर्जी तरीके से लाखों रुपये एरियर के रूप में प्राप्त किए। इतना ही नहीं, विनियमितकरण से पहले ही चयन वेतनमान का लाभ लेकर सरकारी धन की बंदरबांट की है। विभागीय जानकार बताते हैं कि यदि किसी शिक्षक की सेवा नियमित होने से पहले चयन वेतनमान जारी हुआ है तो यह सीधे वित्तीय अनियमितता और शासनादेशों के उल्लंघन का मामला बनता है। सवाल यह है कि आखिर किन अधिकारियों के संरक्षण में यह सब संभव हुआ?

### बर्खास्तगी के बाद भी नौकरी

मामले का सबसे चौंकाने वाला पहलू सहायक अध्यापक देवेन्द्र पाण्डेय को लेकर सामने आ रहा है। आरोप है कि बर्खास्तगी के बाद भी तथ्य छिपाकर नौकरी जारी रखी गई। सूत्र बताते है कि भ्रष्टाचार के के खिलाफ कार्य करने वाली दिल्ली की एक संगठन इस मामले मे जनहित याचिका दाखिल करने की योजना बना रही है यदि यह आरोप प्रमाणित हो जात हैं तो यह केवल विभागीय लापरवाही नहीं बल्कि सरकारी अभिलेखों के साथ गंभीर धोखाधड़ी का मामला माना जाएगा। स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि पूरे प्रकरण में कई महत्वपूर्ण तथ्य जानबूझकर दबाए गए ताकि संबंधित लोगों को सेवा में बनाए रखा जा सके।



### लोकायुक्त जांच में फंसे डीआईओएस पर फिर उठे सवाल

पूरा मामला इसलिए भी बेहद संवेदनशील माना जा रहा है क्योंकि जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार पहले से ही संबंधित शिक्षकों के एरियर भुगतान प्रकरण को लेकर लोकायुक्त जांच की जद में बताए जा रहे हैं। ऐसे में यदि विवादित सेवा अभिलेख वाले शिक्षक विरेन्द्र पाण्डेय को नियम विरुद्ध पदोन्नति दी जाती है तो यह जिला विद्यालय निरीक्षक के लिए बड़ा प्रशासनिक संकट खड़ा कर सकता है। शिक्षा विभाग में चर्चा है कि पदोन्नति से पहले सेवा अभिलेख, नियुक्ति की वैधता, दंड प्रविष्टि और वित्तीय स्थिति की जांच अनिवार्य होती है। बावजूद इसके सहायक अध्यापक विरेन्द्र पाण्डेय को पदोन्नति का लाभ पहुंचाने की कोशिश हो रही है तो यह केवल नियमों की अनदेखी नहीं बल्कि पूरे सिस्टम पर सवाल खड़े करता है।

### फाइल मैनेजमेंट के दम पर चल रहा खेल

शिक्षा विभाग के गलियारों में यह चर्चा भी जोरो पर है कि कुछ विवादित शिक्षकों और कार्यालय के लिपिको को वर्षों से विभागीय संरक्षण प्राप्त है। यही वजह है कि गंभीर शिकायतों और जांचों के बावजूद न वसूली हुई, न कार्रवाई और न ही जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की गई। अब सवाल यह है कि आखिर किस ताकत के भरोसे बार-बार नियमों को रौंदने की कोशिश की जा रही है? क्या शिक्षा विभाग में शासनादेश सिर्फ दिखावे के लिए रह गए हैं?

### शासन की चुप्पी बनी सबसे बड़ा सवाल

यदि समय रहते शासन और माध्यमिक शिक्षा विभाग ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच नहीं कराई तो यह प्रकरण आने वाले दिनों में बड़े वित्तीय घोटाले का रूप ले सकता है। क्योंकि जिन शिक्षकों की सेवा और वेतन तक विवादों में हो, उन्हें नियम विरुद्ध पदोन्नति देना कहा तक सही होगा?

## वन दरोगा पर लकड़ी ठेकेदार का हमला

**कुशीनगर।** जिले के पडरौना शहर की छावनी में एक नोटिस देने पहुंचे वन दरोगा पर लकड़ी ठेकेदार और उसके साथियों ने कथित तौर पर हमला कर दिया। वन दरोगा ने दो नामजद समेत पांच लोगों के खिलाफ तहरीर दी है और मामले की जांच की जा रही है।पुलिस सूत्रों के अनुसार पडरौना ब्लॉक में तैनात वन दरोगा दिवाकर यादव शनिवार दोपहर छावनी में एक आरा मिल में अग्निशमन उपकरण लगाने संबंधी नोटिस देने पहुंचे थे और इसी दौरान उन्हें वहां लकड़ी से लदी एक ट्रॉली खड़ी दिखी।

उन्होंने बताया कि वन दरोगा ने ठेकेदार से लकड़ी का परमिट दिखाने को कहा तो दोनों में कहासुनी हो गई।आरोप है कि विवाद बढ़ने पर ठेकेदार ने अपने साथियों के साथ मिलकर वन दरोगा पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया और यादव किसी तरह वहां से जान बचाकर निकले। मैं नोटिस देने गया था। मैंने ट्रॉली पर लकड़ी देखकर परमिट मांगा तो मुझ पर हमला कर दिया गया। दो नामजद समेत पांच लोगों के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी है।पडरौना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि वन दरोगा की तरफ से तहरीर मिली है। उन्होंने बताया कि पुलिस घटनास्थल एवं आसपास की सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। दूसरे पक्ष ने वन दरोगा पर वसूली का आरोप लगाया है और घटना की जांच जारी है।

# कारोबारी रिश्तों में मजबूती

प्रधानमंत्री की हालिया विदेश यात्रा नॉर्डिक देशों के साथ कूटनीतिक और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिहाज से ऐतिहासिक कही जा सकती है। ओस्लो में संपन्न भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन यूरोप के नॉर्डिक क्षेत्र के साथ भारत के रिश्तों को व्यापक बनाने के मामले में अहम रहा है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिरकत की। नॉर्डिक में उत्तरी यूरोप के डेनमार्क, फिनलैंड, आइसलैंड, नॉर्वे और स्वीडन जैसे देश शामिल हैं और अब भारत इनके साथ पारंपरिक कूटनीतिक रिश्तों के बजाय कहीं अधिक गहन रणनीतिक साझेदारी की दिशा में बढ़ रहा है। इसमें पर्यावरण के अनुकूल तकनीक, नवाचार, रक्षा विनिर्माण और दीर्घकालिक पूंजी प्रवाह आदि शामिल है। शिखर सम्मेलन में कई अहम परिणाम सामने आये। इनमें हरित तकनीक और नवाचार रणनीतिक साझेदारी, जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए सहयोग में इजाफा, आर्कटिक और पोलर शोध, समुद्री अर्थव्यवस्था तथा विद्यार्थियों और शोधकताओं की आवाजाही शामिल है। नॉर्डिक देशों ने अगले 15 वर्षों में भारत में 100 अरब डॉलर का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है। बदले में भारत ने इन देशों की रक्षा कंपनियों को रक्षा उद्योग गलियारे में 100 फीसदी विदेशी निवेश पहुंच प्रदान करने का वादा किया है। यह भारत की विदेश नीति में व्यापक बदलाव को दर्शाता है जो भूआर्थिक और प्रौद्योगिकी-आधारित साझेदारियों की ओर अग्रसर है। इस संदर्भ में नॉर्डिक देश वे क्षमताएं प्रदान करते हैं जिनकी भारत को तत्काल आवश्यकता है। भारत और नॉर्डिक क्षेत्र के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगभग 19 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है जबकि 700 से अधिक नॉर्डिक कंपनियां पहले से ही भारत में काम कर रही हैं। ऑफशोर विंड, कार्बन कैप्चर और स्टोरेज तथा सॉवरिन वेल्थ



कैपिटल में नॉर्वे की ताकत भारत की कार्बन घटाने की महत्त्वाकांक्षाओं को पूरा करती हैं। डेनमार्क की नवीकरणीय ऊर्जा, बंदरगाह लॉजिस्टिक्स और साइबर सुरक्षा में विशेषज्ञता, स्वीडन का उन्नत विनिर्माण और रक्षा तकनीकें, तथा फिनलैंड की दूरसंचार और डिजिटल अधोसंरचना क्षमताएं भारत की औद्योगिक और तकनीकी प्राथमिकताओं से काफी मेल खाती हैं। यह शिखर सम्मेलन भारत के इस प्रयास को भी रेखांकित करता है कि वह बढ़ती वैश्विक अनिश्चितता के बीच अपनी रणनीतिक साझेदारियों को विविध बनाना चाहता है। आपूर्ति श्रृंखलाएं अब भी चीन और पूर्वी एशिया में अत्यधिक केंद्रित हैं। इसलिए, भारत की यह पहल इस क्षेत्र की उन्नत और नवाचार-संचालित अर्थव्यवस्थाओं के साथ भरोसेमंद तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र और सुदृढ़ आर्थिक नेटवर्क के निर्माण पर केंद्रित है। इस साझेदारी का स्वच्छ ऊर्जा संबंधी पहलू सबसे अहम है। भारत के उद्योगों को पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए बहुत बड़े पैमाने पर प्रौद्योगिकी, अधोसंरचना, वित्तपोषण और विशेषज्ञता की जरूरत होगी। नॉर्डिक देश ऑफशोर विंड, हरित हाइड्रोजन, टिकाऊ नौवहन, चक्रीय अर्थव्यवस्था मॉडल और जलवायु प्रतिरोधी अधोसंरचना में दुनिया में अग्रणी हैं। नॉर्वे का 2.1 लाख करोड़ डॉलर का सॉवरेन वेल्थ फंड, जो दुनिया का सबसे बड़ा है, पहले से ही कई भारतीय कंपनियों में 34 अरब डॉलर से अधिक का निवेश रखता है और भारत की अधोसंरचना तथा ऊर्जा बदलाव परियोजनाओं के वित्तपोषण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस प्रकार, भारत की नॉर्डिक क्षेत्र के साथ सहभागिता तेजी से आर्कटिक भू-राजनीति, जलवायु विज्ञान और समुद्री रणनीति से जुड़ रही है। नॉर्डिक देशों के साथ सहयोग भारत को ध्रुवीय अनुसंधान विशेषज्ञता, समुद्री प्रौद्योगिकियों और आर्कटिक क्षेत्र से संबंधित उभरती शासन चचाओं तक पहुंच प्रदान करता है। प्रधानमंत्री की यात्रा का इटली वाला हिस्सा भी इसी रणनीतिक दिशा को मजबूत करता है। भारत और इटली ने आपसी रिश्तों को विशेष रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक आगे बढ़ाया जो कि बड़ी उपलब्धि है।

### विचार

किसी के बहुत सताने पर भी, उसे सताने का प्रयास नहीं करना चाहिए, क्योंकि दुखी प्राणी का शोक ही सताने वाले का नाश कर देता है।

–महाभारत.

धर्म–कर्म, सत्य–सदाचार, शक्ति एवं लक्ष्मी सभी शील पर आश्रित हैं। शील ही इन सबकी जड़ है।

–वेदव्यास.

इतिहास, पुराण साक्षी हैं कि मनुष्य के संकल्प के सम्मुख देव, दानव सभी पराजित होते हैं।

–इमर्सन.

संतोष को कभी नहीं छोड़ना चाहिए। इस मंत्र से कठिन से कठिन समय में मन विचलित नहीं होता।

–प्रेमचंद.

पूंजी तो मृत श्रम है जो जीवित श्रम का शोषण करते समय पिशाच की भांति जीवित रहती है और जितना अधिक जीवित रहती है, उतना ही अधिक शोषण करती है।

–कार्ल मार्क्स.

# प्रतियोगी परीक्षाओं को बनायें फूलप्रूफ



मनोज बाजपेयी




नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने 3 मई 2026 को अपनी कारस्तानी से देश को शर्मसार ही नहीं किया है, बल्कि लाखों किशोरों के सपनों और संकल्पों के बीच दुःस्वप्न बन गया है। एक बार कोई गलती हो, तो उसे चूक माना जा सकता है, लेकिन नीट पेपर लीक एक घटना नहीं बल्कि यह सिलसिला है। हर साल कहीं न कहीं पेपर लीक होता है और नीट अपनी कारस्तानी पर सिर्फ लीपापोती करता हुआ नजर आता है। इसलिए अब समय आ गया है कि नीट को पूरी तरह बदल दिया जाये। परीक्षा प्रणाली, परीक्षा मोड, पेपर सेटिंग से लेकर नीट की प्रशासनिक व्यवस्था तक, सब कुछ बदल देना चाहिए ताकि डॉक्टर बनने का सपना लेकर जिन 22 लाख से अधिक छात्रों ने नीट की परीक्षा दी और पेपर आउट से हताशा और कुंठा में हैं। उनके दिलोदिमाग में नीट संस्था और नीट परीक्षा की विश्वसनीयता फिर से प्रतिष्ठित हो सके।

फिलहाल बीते 3 मई को आयोजित हुई नीट यूजी परीक्षा को कथित पेपर लीक और परीक्षा में गड़बड़ी के कारण पूरी तरह रद्द कर दिया है। यूं तो इस कांड ने पूरे देश के शिक्षा जगत को हिला दिया है और इस पूरे मामले को केंद्र सरकार ने भी गंभीरता से लिया है। इसलिए इस गड़बड़ी की पूरी जांच सीबीआई को सौंपी गई है। इस जांच में रोज नये तथ्य उजागर हो रहे हैं। नीट-यूजी भारत की एकमात्र एकीकृत मेडिकल प्रवेश परीक्षा है, जो देशभर में स्नातक मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश सुनिश्चित करती है। पहले होने वाली कई राज्य स्तरीय मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की जगह इस मानकीकृत परीक्षा ने ले ली थी, जो सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मान्य है। साल 2024 में भी नीट परीक्षा पेपर लीक और ग्रेस मार्क्स देने में अनियमितताओं के आरोपों में घिरी रही थी, जिसके बाद हजारों अभ्यर्थियों को असामान्य रूप से अधिक नंबर मिलने पर देश भर में विरोध प्रदर्शन हुए थे। एनटीए से पहले केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) मेडिकल के लिए नीट और इंजीनियरिंग के लिए जेईई जैसी परीक्षाएं आयोजित करता था, जबकि राज्य बोर्ड और विश्व विद्यालय अपनी अलग प्रवेश परीक्षाएं कराते थे। एनटीए की स्थापना नवंबर 2017 में भारत की उच्च शिक्षा प्रवेश परीक्षा व्यवस्था में सख्ती, मानकीकरण और विश्वसनीयता लाने और स्टूडेंट्स को कई परीक्षाओं के बोझ से राहत देने के उद्देश्य से की गई थी। यह एजेंसी 15 से अधिक परीक्षाएं आयोजित कराती है। लेकिन एनटीए लगातार समस्याओं से घिरी रही है और उस पर पारदर्शिता और सार्वजनिक जवाबदेही की कमी के आरोप लगे हैं। इस पर एक बड़े मंथन की जरूरत है। साल 2024 में प्रशासन को 'परीक्षा की शुद्धता प्रभावित होने' का हवाला देते हुए यूजीसी-नेट परीक्षा भी पूरी तरह रद्द करनी पड़ी थी। इसी दौरान पेपर लीक के आरोप भी सामने आए। शिक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि प्रवेश परीक्षा के आयोजन में सबसे बड़ी समस्या परीक्षा केंद्रों, निरीक्षकों और कर्मचारियों के लिए आउटसोर्सिंग पर एजेंसी की भारी निर्भरता है, क्योंकि प्रवेश परीक्षा का आयोजन करने वाली एजेंसी अपने परीक्षा ढांचे के बड़े हिस्से पर सीधे नियंत्रण नहीं रखती, जिससे कमजोरियां पैदा होती हैं। इसमें सुधार किया जाना चाहिए।

विमर्श

आज तो इंजीनियरिंग की जेईई जैसी परीक्षाएं अब ऑनलाइन हो चुकी हैं और कई शिफ्टों में आयोजित होती हैं, जबकि इसके उलट नीट अब भी पारंपरिक पेन-और-पेपर परीक्षा है। इससे भारी लॉजिस्टिक संबंधी चुनौती पैदा होती है। हजारों प्रश्नपत्र असुरक्षित तरीके से वाहनों से देशभर के हजारों सैंकड़ों परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने पड़ते हैं, जिससे पूरी परिवहन श्रृंखला सुरक्षा उल्लंघन के लिए संवेदनशील हो जाती है। एनटीए के सामने तो आज भी लॉजिस्टिक चुनौतियां बनी हुई हैं। इस सिस्टम को सुधारना होगा। नीट जैसी परीक्षा के लिए करीब 5500 केंद्रों और 550 शहरों में दो लाख के करीब वॉलंटियर्स, वेंडर्स और अधिकारी शामिल होते हैं। इतने बड़े पैमाने पर परीक्षा कराने से खामियों की संभावना बढ़ जाती है। विशेषज्ञों का कहना है कि नीट अब भी पेन और पेपर से इसलिए होता है ताकि सभी आर्थिक और भौगोलिक पृष्ठभूमि के छात्रों को समान अवसर मिले, क्योंकि कंप्यूटर गरीब या ग्रामीण छात्रों के लिए आसानी से उपलब्ध नहीं हो सकते। लेकिन इस तर्क पर अब सवाल उठ रहे हैं। इसरो के पूर्व अध्यक्ष के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता वाले सात सदस्यीय पैनल ने पेन और पेपर से होने वाली परीक्षा से कंप्यूटर आधारित परीक्षा की ओर बढ़ने की सिफारिश की थी। इस परीक्षा की प्रक्रिया में सुधार के सुझाव देने के लिए बनी कमेटी ने एनटीए के पुनर्गठन और एक सुरक्षित परीक्षा प्रशासन तंत्र निर्मित करने के लिए राज्य और जिला प्राधिकारियों के साथ एक मजबूत संस्थागत जुड़ाव बनाने की सिफारिश की थी। इनके अलावा उसने बहु-चरणीय परीक्षा, कागज और कंप्यूटर के हाइब्रिड इस्तेमाल और सेंध व कदाचार रोकने के उपायों की श्रृंखला की भी सिफारिश की, इस पर काम किया जाना जरूरी है। सवाल यह भी है कि क्या कंप्यूटर आधारित परीक्षा ग्रामीण छात्रों के साथ अन्याय करेगी। कुछ शिक्षा विशेषज्ञ मानते हैं कि केंद्रीकृत परीक्षा प्रणाली एक त्रुटिपूर्ण मॉडल है। यह सत्य है कि एक इज्जत के सवाल वाली नीट जैसी परीक्षा भारत के विशाल और महंगे कोचिंग उद्योग के पक्ष में माहौल बना देती है और उन छात्रों को नुकसान पहुंचाती है जो इसका खर्च नहीं उठा सकते। ऐसी प्रवेश परीक्षा उन छात्रों के खिलाफ काम करती है जो कोचिंग का खर्च नहीं उठा सकते। आज सबसे बड़ा सवाल अब सिर्फ प्रवेश परीक्षा पर नहीं, बल्कि इसको संचालित करने वाले सिस्टम की विश्वसनीयता पर खड़ा हो गया है। क्यों न छात्रों के भविष्य को एक ही प्रवेश परीक्षा पर निर्भर रहने से दूर किया जाए? स्कूल परीक्षाओं के प्रदर्शन का भी क्या महत्व नहीं है? केंद्रीकृत परीक्षाएं उन बच्चों को फायदा देती हैं जो कोचिंग का खर्च उठा सकते हैं और हजारों गरीब और मेधावी छात्र संसाधनों की कमी के कारण डाक्टर बनने से रह जाते हैं। हमें इस बात पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। वैसे तो एनटीए का अस्तित्व जरूरी है, लेकिन उसकी परीक्षा प्रक्रियाओं में तत्काल सुधार की जरूरत है, जिसमें परीक्षा के संचालन का विकेंद्रीयकरण, अधिक स्थायी कर्मचारी, मजबूत संस्थागत क्षमता, परीक्षा प्रबंध की आउटसोर्सिंग कम से कम रखना और कंप्यूटर आधारित परीक्षा की ओर गंभीर कदम शामिल हैं।

हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि सिर्फ डिजिटल हो जाना ही सभी समस्याओं का निदान नहीं। पहले भी प्रबंधों में भ्रष्टाचार रोकने के नाम पर डिजिटलीकरण के प्रयास किए गये, लेकिन भ्रष्टाचारी हर बार कोई नया रास्ता निकाल ही लेते हैं। तकनीक के प्रसार से कम्प्यूटर सिस्टम में सेंधमारी अब सिर्फ विशेष प्रकार के कौशल की बात रह गई है। इसलिए मजबूत साइबर सिक्योरिटी प्रोटोकॉल बना कर उसका पालन सुनिश्चित करना होगा। देश में डिजिटल विभाजन पाटने के प्रयासों में भी तेजी लानी होगी। नीट जैसी परीक्षाओं में दूरदराज के ऐसे अभ्यर्थी भी शामिल होते हैं जो सुविधा संपन्न क्षेत्रों के विद्यार्थियों की तरह कम्प्यूटर पर अभ्यस्त नहीं होते। ऐसे छात्रों को परीक्षा से पूर्ण मॉक टेस्ट आयोजित कर परीक्षा देने के लिए तकनीकी तौर पर तैयार करना चाहिए।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

> एनटीए का अस्तित्व जरूरी है, लेकिन उसकी परीक्षा प्रक्रियाओं में तत्काल सुधार की जरूरत है, जिसमें परीक्षा के संचालन का विकेंद्रीयकरण, अधिक स्थायी कर्मचारी, मजबूत संस्थागत क्षमता, परीक्षा प्रबंध की आउटसोर्सिंग कम से कम रखना और कंप्यूटर आधारित परीक्षा की ओर गंभीर कदम शामिल हैं।

### सोशल मीडिया

प्रदेश भर में सुचारू एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को पूर्ण संवेदनशीलता, तत्परता व जवाब देही से कार्य करने को निर्देशित किया है। सीएम योगी.



महाकुंभ के नाम पर प्रयागराज में 50 हजार करोड़ से भी अधिक पैसा हड़पा गया लेकिन लोग आज भी बूंद-बूंद के लिए तरस रहे हैं। पानी की टंकियां यूं ही गिर रही हैं। अखिलेश यादव



हम सीना तानकर कह सकते हैं कि भारत अब नक्सल मुक्त हो चुका है, बस्तर में सुरक्षा कैंप अब जनसेवा के केंद्र बन रहे हैं और यह क्षेत्र अपनी कला संस्कृति सहेज रहा है। अमित शाह.



# अध्यात्म की शक्ति

### अंतर्दृष्टि

आध्यात्म की शक्तियां असाधारण हैं। जीव विज्ञान के अनुसार मनुष्य बंदर जाति का एक प्राणी माना गया है। पर उसके अंतराल में परमात्मा ने इतनी विशिष्ट शक्तियों का जखीरा भर रखा है कि उसे सृष्टि का मुकुट मणि कहा जाना बहुत अंशों में सही है। शरीर संरचना में प्रयुक्त हुए असख्यों जीवकोशों में से प्रत्येक घटक ऐसा है जो नन्हें नन्हें गोलक जैसे प्रतीत होते हुए भी असाधरण क्षमता सम्पन्न है। पदार्थ के परमाणु का वैज्ञानिक विधि से नाभिकीय विस्फोट करने पर उससे निकलने वाली प्रचण्ड ऊर्जा समूचे क्षेत्र को प्रभावित करती है। ठीक इसी प्रकार जीवकोशों को सम्मिलित शक्ति भी एक आयन मण्डल बनाती है जिसे अंग्रेजी में आरा कहते हैं और संस्कृत में तोजोवलय। यह विद्युत प्रकाश यंत्र उपकरणों से स्थलूतः तो प्रायः एक जैसा ही दिखता है। उनमें रंगों भर का अंतर पाया जाता है, किन्तु सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाये तो उसमें रंगों का ही नहीं शक्ति का भेद भी पाया जाता है। इसमें जैव चुम्कत्व के गुण भी होते हैं। मोटे तौर से बिजली दो प्रकार की होती है। एक खींचने वाली, दूसरी धकेलने वाली। प्रकारान्तर से इसे उसका गुण कह सकते हैं। इलेक्ट्रोमैग्नेटिज्म के रूप में यह दूसरों के शरीर, मन आदि को अपनी ओर आकर्षित करती है। धक्का मारने वाली दूसरी शक्ति त्रास पहुंचाती है। यह जैव विद्युत सामने वाले को तोड़ती व पतन के गर्व में गिरा देती है। तांत्रिकों और मांत्रिकों में यही भेद होता है। वेद मंत्रों की दिव्य ध्वनियों का गुंजन मनुष्य को मोहित झंगृत, प्रसन्न और प्रफुल्लित करता है। इससे शक्ति बलिष्ठता मिलती है। जिससे वह आत्मिक प्रगति के क्षेत्र में ऊंचा उठता व आगे बढ़ता है। शक्ति के आदान प्रदान का यह क्रम मित्रों, बालकों, अभिभवकों के बीच भी चलता है, पर सबसे अधिक सामर्थ्य गुरु के शक्तिपात में होती है। जिसने तप साधना द्वारा अपने में शक्ति का भण्डार एकत्रित किया है। वह उसका अनुदान भी किसी को दे सकता है। जिसकी कमाई का आधर रोटी भर है, अपना खर्च ही मुश्किल से चला पाता है, वह क्या किसी को दे सकता है? लिया तो किसी से, कहीं से भी जा सकता है किन्तु दे पाना उन्हीं के लिए संभव है जिनके पास कुछ जमा पूंजी हो। यह जमा पूंजी अध्यात्म क्षेत्र में तप साधना संयम सेवा के आधर पर ही कमाई गयी होती है। अपने को पवित्र बनाकर, अनगढ़ से सुगढ़ बनाकर मनुष्य निरोग बनता है और पुण्य की प्रखरता से बलिष्ट बनता है। यों साधना से जप तप भी करना पड़ता है। किन्तु सबसे बड़ी बात है आत्मशोधन, स्व का परिमार्जन, परिष्कार। यह जितना अधिक गहरा बन पड़ता है, मनुष्य उतना ही गुण, कर्म, स्वभाव से शक्तिशाली होता जाता है।

# बाथरूम के बड़े-बड़े फायदे


### व्यंग्यलोक

आजकल लगभग मैं बाथरूम में ही पाया जाता हूँ। मैंने बाथरूम से बाहर रूम में रहकर देख लिया, सिवाय परेशानियों के और कुछ नहीं है। बाथरूम के बड़े फायदे हैं। पत्नी का यह तकिया कलाम स्थायी हो गया है कि मैं बाथरूम में हूँ। मेरे कई भय है। जिनके कारण मुझे इसमें जाना पड़ा है। खासतौर से जब से फोन लगा है, तब से मैं इसमें समाहित हो गया हूँ। सुबह-सुबह मेरे एक प्रकाशक मित्र का फोन आता है, जिनसे सिवाय वाहियात वार्तालाप के अलावा कुछ हासिल नहीं हो पाता। रायल्टी का हिसाब-किताब करीब-करीब क्लीयर-सा है, ऐसी स्थिति में मेरा बाथरूम में चले जाना ही श्रेष्ठ है-सो से मिलते हैं तो यही शिकायत प्रमुखता से करते हैं कि मैं बाथरूम में क्यों चला गया हूँ। उनसे तो असलियत क्या बताऊँ, यही कह पाता हूँ कि डॉक्टर ने साफ-सफाई के प्रति जागरूक रहने को कहा है, सो ज्यादा समय वहीं रहना पड़ता है। वे रहस्यमयी मुस्कान के साथ कहते हैं-थोड़ा लिखना-पढ़ना रेगुलर करो। इस तरह कैसे चलेगा। इस तरह तो आपका लेखक मर जायेगा। मैं मन में सोचता हूँ कि उनकी बकवास से मरने की एवज बिना लिखे-पढ़े मर जाना ज्यादा बेहतर है। उधार माँगने वालों से पूरी तरह सुरक्षित हूँ। वे फोन पर ही -चिल्लाते हैं-उन्हें निकालिये बाथरूम से। पूरा एक साल गुजर गया-कब देंगे हमारी उधारी? पत्नी घाघ हो गयी है, कहती है-उन्हें पहले बाथरूम से बाहर आने दो, पता करती हूँ कि उन्होंने आप जैसे अव्यावहारिक आदमी से उधार क्यों ली? उधार ली है तो मर थोड़े ही रहे हैं हम। एक-एक पाई चुका देंगे, लेकिन बातचीत ढंग से किया करो। थोड़ी तमीज सीखो। उधार उगाहने वाले दुर्जन ठण्डे पड़ जाते हैं-वह क्या था? जब भी फोन करता हूँ, तब वे बाथरूम में होते हैं। कभी बाहर भी तो मिलें। पत्नी कह देती है-अब आप फोन ही तब करते हैं, जब वे बाथरूम में होते हैं। वे कहते हैं- अच्छा थोड़ी देर बाद में फोन कर लूँगा। वे पुनः फोन करते हैं, तब तक मैं ऑफिस चला जाता हूँ। कुछ लोग मुझे मेरे दफ्तर के काम से फोन करते हैं। उन्हें भी मैं बाथरूम में मिलता हूँ। उनकी माँग होती है कि उन्हें जरूरी काम था। पत्नी कहती है कि जरूर होगा आपको जरूरी काम अन्यथा आप टेलिफोन करते ही क्यों। वे कहते हैं-कब तक बाहर आयेंगे वे। पत्नी कहती है कि बाहर आ गये तो बीमार हो जायेंगे तथा ऑफिस नहीं जायेंगे। इस तरह की पहेलीबाजी से मैं इनसे बचा रहता हूँ। यही क्यों और भी शुभचिंतक हैं, जो मुझे कुछ लिखवाना चाहते हैं, माँगना चाहते हैं, सलाह मशविरा करना चाहते हैं अथवा यों ही गप्प मारकर समय जाया करना चाहते हैं। उन सबके लिए मैं बाथरूम मैं हूँ।



पूरन सरमा

# वन्यजीवों पर सबसे बड़ा संकट है अवैध शिकार



वन्य जीवन

के.पी.सिंह

वन्य जीवों का अवैध शिकार इनके अस्तित्व के लिए बड़ा संकट बन गया है। इस संदर्भ में अवैध शिकार के आंकड़े स्थिति की गंभीरता को प्रकट करते हैं:

- साल 2025 में 166 बाघों की मौत हुई, जिनमें 52 मामलों में उनके शिकार की आशंका और पुष्टि हुई। 2024 में 26, 2023 में 56, 2022 में 39 बाघ अज्ञात अवैध शिकारियों द्वारा मौत के घाट उतार दिए गए।
- साल 2021 से 2025 के बीच 157 से ज्यादा हाथी बिजली का करंट लगने से या ट्रेन की दुर्घटना से अथवा अन्य तरीकों से मारे गये। इनमें भी बड़ी संख्या में अवैध शिकारियों के द्वारा या तो मारे गये या उसके लिए स्थितियां बनायी गईं।
- काजीरंगा, असम में अकेले साल 2000 से 2021 के बीच 191 गैंडे अवैध शिकारियों द्वारा मारे गये।
- अगर साल 2020 से 2024 के दौरान वन्यजीव अपराध में दर्ज हुए मामलों को देखें तो 2700 से ज्यादा अपराध दर्ज हुए जिसमें सबसे ज्यादा 2020 में 820 मामले थे। अगर दुनियाभर के आंकड़े देखें तो साल 2000 से अब तक अकेले 3800 से ज्यादा बाघ ही अवैध शिकारियों के हत्थे चढ़ चुके हैं। ये आंकड़े बताते हैं कि भारत या दुनिया के घने जंगलों में जब रात उतरती है, तो सिर्फ जानवरों की हलचल ही नहीं होती, कहीं दूर बंदूक की धीमी आवाज, बिछाये गये जाल के फंदे और अंधेरे में छिपे सक्रिय शिकारी भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराते हैं।

वन्य जीव समस्या का सबसे बड़ा सच है, अवैध शिकार। वन्यजीव दिवस जैसे अवसर हमें बार-बार याद दिलाते हैं कि जंगलों का संकट केवल पेड़ों के कटने तक सीमित नहीं है, असली खतरा उन नेटवर्क से हैं, जो जानवरों को उत्पाद में बदल देते हैं। हर साल छोटे-बड़े सभी जीवों के अवैध शिकार को गिना जाए तो एक अनुमान के मुताबिक 10 लाख से ज्यादा जानवर चोरी छुपे अवैध शिकारियों के द्वारा मारे जाते हैं। भारत में बाघ, गैंडा, हाथी, तेंदुआ जैसे जानवर हमेशा से शिकारियों के हत्थे चढ़ते रहे हैं। बाघ की खाल और हड्डियां, गैंडे का सींग और हाथी के दांत हमेशा अंतर्राष्ट्रीय काले बाजार में भारी कीमत पर बिकते रहे हैं। यही कारण है कि कई तरह के कड़े कानून बनाने और निगरानी की कई तरह की व्यवस्थाएं करने के बाद भी, न देश में, न दुनिया में वन्यजीवों के सिर पर मंडरा रहा अवैध शिकार का खतरा नहीं टल रहा। दुनियाभर के काले बाजार में अवैध शिकार किये गये जानवरों के विभिन्न अंगों की भारी मांग है, जिसके कारण सरकारें और वनजीव संगठन तरह-तरह की कोशिशों के बाद भी वन्यजीवों को अवैध शिकारियों से नहीं बचा पा रहे। आज चाहे दुनिया का कोई गरीब देश हो या अमीर देश, हर जगह यह एक बड़ी समस्या है। हाल के सालों में भारत में बाघों की संख्या बढ़ने के बावजूद अवैध शिकार की घटनाएं पूरी तरह खत्म नहीं हुईं। कई मामलों में तो शिकार अब और अधिक संगठित तथा तकनीकी हो चुका है। जीपीएस, ड्रोन और एन्क्रिप्टेड तकनीकों का इस्तेमाल तक होने लगा है। वास्तव में वन्यजीवों का अवैध शिकार किसी एक देश की समस्या नहीं है। यह अंतर्राष्ट्रीय समस्या है, क्योंकि वन्यजीवों को अवैध शिकार करके इसके कारोबार का जाल पूरी दुनिया में फैला हुआ है। यह एक अंतर्राष्ट्रीय अपराध उद्योग बन चुका है, जिसकी जड़ें एशिया, अफ्रीका और यूरोप तक फैली हुई हैं। यही कारण है कि वन्यजीव जहां एक तरफ जलवायु परिवर्तन और तमाम दूसरी प्राकृतिक आपदाओं का लगातार शिकार बन रहे हैं, उसी तरह वो अवैध शिकारियों के चंगुल में भी फंसे हुए हैं। इस व्यापार को नियंत्रित करने के लिए कई तरह की संधियां हैं, फिर भी वन्यजीवों को शिकार से नहीं बचाया जा पा रहा। दुनिया के नक्शे में हर साल तकरीबन 10 लाख विभिन्न छोटे-बड़े वन्यजीव अवैध शिकारियों के हत्थे चढ़ जाते हैं और यह संकट दिन पर दिन गहराता जा रहा है।

सवाल है आखिर जब दुनिया के ज्यादातर देश वन्यजीवों की संरक्षण की बात कर रहे हैं, तो फिर इनके अवैध शिकार को क्यों नहीं रोक पा रहे? इसके पीछे सबसे बड़ा कारण वन्यजीव क्षेत्रों पर बड़े पैमाने में फैली गरीबी और स्थानीय दबाव हैं। कई ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के सीमित संसाधन हैं और लोग शिकारियों के नेटवर्क का हिस्सा बन जाते हैं। भारत में विशाल वन क्षेत्र हैं, लेकिन वन रक्षकों की संख्या बेहद सीमित है। इस कमी को दूर करने की जरूरत है।

## आप की बात

### गरीबों का जीवन स्तर उठायें

विकास की समावेशी नीतियों के जरिए गरीबों के जीवन में बदलाव लाना और उन्हें बेहतर जीवन यापन मुहैया कराना देश और सरकार का पहला कर्तव्य होना चाहिए। शहरी गरीबों को घर उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना एक ऐसा मिशन बन गयी है जिसे आवास एजेंसियां अगर ईमनदारी से लागू करें तो वास्तव में अगले कुछ वर्षों में सबको आवास का सपना साकार हो सकता है। प्रदेश में इस साल करीब डेढ़ लाख आवास इस योजना के तहत बनाने का फैसला किया गया है। अगर सरकार इस योजना के तहत गरीबों को आवास देने में सफल होती है तो बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। वैसे इस योजना के तहत जो सरकारी एजेंसियां घर बनाती हैं उसमें करीब ढाई लाख रुपये की छूट मिल जाती है और इससे गरीबों को बहुत फायदा होता है। प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी क्षेत्रों में एक करोड़ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दो करोड़ नये घर बनाकर सरकार सबको घर उत्पलब्ध कराना चाहती है, लेकिन आवास विकास करने वाली एजेंसियों की कार्यप्रणाली इतनी सुस्त रही है कि इनके बलपर गरीबों को आवास मिलना बहुत चुनौतीपूर्ण रहा है। पीएम आवास योजना पूरे देश में अपने लक्ष्य से बहुत पीछे चल रही है। उत्तर प्रदेश में आवास विकास, सूडा व विकास प्राधिकरणों की कार्यप्रणाली में इतनी लचरता है कि पात्रों के चयन से लेकर घर बनाने और गरीबों को देने में इतना विलंब होता है कि कई बार बने हुए घर पजीशन देते-देते जर्जर स्थिति में आ जाते हैं। एक-एक प्रोजेक्ट पांच-पांच, छह-छह साल तक निर्माणाधीन स्थिति में पड़े रहते हैं। यह स्थिति अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। वह भी तब जब निर्माण गतिविधियों से रोजगार में भारी वृद्धि होती है और अर्थव्यवस्था को भी बल मिलता है तब हाउसिंग प्रोजेक्ट में इतनी देरी समझ से परे है। घरों के निर्माण में इतनी ही देरी होती रही तो लक्ष्य प्राप्त करना असंभव है। अगर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत देश में हर साल 50 लाख घरों का निर्माण होता रहे तो अगले चार-पांच साल में सभी को घर मिल सकता है। उत्तर प्रदेश में फिलहाल हाल के वर्षों में इस योजना काम तेज हुआ है और लाखों गरीबों को घर मिला है। यह अच्छी बात है लेकिन जिस तरह से सरकारी एजेंसियों नेकी कार्यप्रणाली है उससे लोगों को निराश होना पड़ता है।

**विजय कुमार मिश्र, लखनऊ.**

### अस्पतालों की दशा सुधारें

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर चाहे जितने दावे किये जायें, लेकिन हकीकत यह है कि प्राथमिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों से लेकर जिला अस्पतालों तक में लोगों को ठीक से इलाज नहीं मिल पाता है। इसके कारण ही लोगों को लखनऊ तक दौड़ भाग करनी पड़ती है। अगर स्वास्थ्य सेवा के शुरुआती चरण में बेहतर इलाज का इंतजाम हो जाये तो राजधानी में लोग इलाज के लिए भटकते नहीं मिलेंगे। लेकिन जिस तरह से अस्पतालों में भीड़ उमड़ती है उससे स्पष्ट है कि प्राथमिक स्तर पर चिकित्सा सेवा पूरी तरह बदहाल हो चुकी है। सरकारी अस्पतालों की दुर्दश का आलम यह है कि यहां अधिकांश मरीजों को बिना उचित इलाज के ही लौटना पड़ता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा के नेटवर्क में जिला स्तर पर जिला अस्पताल, तहसीलों में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं ब्लाक स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित हैं, लेकिन इन प्राथमिक स्तर पर चिकित्सा सेवाओं की बदहाली के कारण प्रायः बड़े अस्पतालों में जहां गंभीर मरीजों का इलाज होना चाहिए वहां छोटी-मोटी बीमारियों का इलाज कराने के लिए मरीजों का रेला उमड़ता रहता है। इससे .बड़े अस्पतालों में साधारण मरीजों का ही इतना भार रहता है कि ठीक से इलाज मुश्किल हो जाता है। प्राइवेट चिकित्सा सेवा इतनी महंगी है कि यहां कोई फीस ही तय नहीं है। यहां इलाज कराना आम आदमी के हैसियत की बात नहीं है। प्राइवेट अस्पतालों में इलाज बहुत ही महंगा होता है।

**प्रेम कुमार सिंह, लखनऊ.**

## संक्षेप

### मंत्री नंदी और अपर मुख्य सचिव आज जनपद में

**ललितपुर।** प्रदेश सरकार के मंत्री औद्योगिक विकास निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई तथा निवेश प्रोत्साहन विभाग नंदगोपाल गुप्ता नंदी आज जनपद में आयेंगे। वह सुबह 10.30 बजे बल्क ड्रग फार्मा पार्क का स्थलीय निरीक्षण करते हुये समीक्षा बैठक करेंगे। वहीं प्रदेश सरकार के अपर मुख्य सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग आज जनपद में आ रहे हैं। वह भी बल्क ड्रग फार्मा पार्क, सैदपुर में आयोजित होने वाली समीक्षा बैठक में भाग लेंगे एवं मंत्री नंदगोपाल गुप्ता के साथ स्थलीय निरीक्षण करेंगे।

### युवक की सड़क हादसे में मौत, परिवार में कोहराम

**बांदा।** थाना जसपुरा क्षेत्र के झंझरीपुरवा गांव निवासी एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई झंझरीपुरवा निवासी देवीदयाल (37) पुत्र भगवानदीन शनिवार रात करीब 10 बजे अपनी मोटरसाइकिल से बारात में शामिल होने के लिए बांदा जा रहे थे। गांव के पास ही अचानक उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और देवीदयाल गंभीर रूप से घायल हो गए। चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### कांग्रेस का बूथ मतदाता सूची सत्यापन पर जोर

**बांदा।** कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष ने जसपुरा ब्लॉक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की मीटिंग की। जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने बताया कि ब्लॉक अध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, ब्लॉक कमेटी पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बूथ मतदाता सूची का वितरण कर सत्यापन कराया जा रहा है। पदाधिकारी गांव-गांव जाकर बूथ स्तर पर सत्यापन कर रहे हैं। जो सही नाम काटे गए हैं उनको जोड़ने का काम किया जाएगा, और जो गलत नाम जोड़े गए हैं उनको हटवाने का काम किया जाएगा। युवा कांग्रेस जनों ने स्मृति चिन्ह देकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित व महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीमा खान को सम्मानित किया। बैठक में संतोष कुमार द्विवेदी, भागवत प्रसाद द्विवेदी, शशिकांत अवस्थी, दीपेंद्र सिंह एडवोकेट, राजबहादुर सिंह, धर्मराज सिंह, राजेंद्र दुबे, आतम सिंह, अंकित साहू, शैलेंद्र सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजाराम सिंह व संचालन जिला महासचिव कालीचरण निगम ने की।

### शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का आगमन कल

**बांदा।** गौ माता को राष्ट्र माता घोषित किए जाने की मांग को लेकर देशभर में जनजागरण अभियान चला रहे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती 26 मई को बांदा पहुंचेंगे। उनके आगमन को लेकर धार्मिक संगठनों और श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है शंकराचार्य शाम करीब 5 बजे अतर्रा चुंगी रोड स्थित गणेश भवन, रामलीला मैदान में आयोजित धर्मसभा, आशीर्वाद एवं धर्म मार्गदर्शन कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। धर्मसभा के दौरान सनातन धर्म, राष्ट्रहित, सामाजिक समरसता, गौ संरक्षण, भारतीय संस्कृति एवं जनजागरण जैसे विषयों पर श्रद्धालुओं को संबोधित किया जाएगा। आयोजकों का कहना है कि गौ रक्षा और गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने के मुद्दे को लेकर व्यापक जनसमर्थन जुटाने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम के बाद 27 मई को शंकराचार्य तिंदवारी मार्ग से फतेहपुर जनपद के लिए प्रस्थान करेंगे।

### शिक्षक को बाइक सवार ने मारी टक्कर, घायल

ललितपुर। जनगणना ड्यूटी से लौट रहे शिक्षक को बाइक सवार ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। घटना 22 मई 2026 की सुबह करीब 11.30 बजे विरधा बायपास के पास हुई। इस मामले में आजादपुरा निवासी देव कौशिक पुत्र मुकेश बाबू कौशिक ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। शिकायतकर्ता के मुताबिक उनके पिता मुकेश बाबू कौशिक प्राथमिक विद्यालय सलैया में शिक्षक हैं और वर्तमान में जनगणना 2026-27 में प्रगणक के रूप में ड्यूटी कर रहे हैं। अपनी मोटरसाइकिल से लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से गलत दिशा में आ रहे मोटरसाइकिल चालक मानवेन्द्र ठाकुर निवासी पाह, ललितपुर ने अपनी बाइक संख्या यू.पी. 94 ए.ए. 9720 से जोरदार टक्कर मार दी।

# प्रदेश के एक-एक व्यक्ति की जान हमारे लिए महत्वपूर्ण है, आपदा की स्थिति में न हो जान-माल की हानिः मुख्यमंत्री





जिला संवाददाता

**ललितपुर।** आपदा की स्थिति से निपटने के लिए आपदा मित्रों को तैयार करें और पुराने राजस्व वादों को चिन्हीकृत कर करायें प्रभावी निस्तारण- जिलाधिकारी ललितपुर। प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रदेश में राजस्व, आपदा प्रबंधन और अर्ली वार्निंग सिस्टम के संबंध में बैठक कर जिले के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। ललितपुर से जिलाधिकारी सत्य प्रकाश, डीएफओ नवीन प्रकाश शाक्य, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, अपर जिलाधिकारी वि0रा0 दिनेश कुमार सहित अन्य अधिकारी भी बीसी में जुड़े। बैठक के दौरान डोपलर वेदर रेडार, एडब्ल्यूएस और एआरजी स्टेशनों, सेटेलाइट इमेज, लाइटनिंग सेंसर आदि के माध्यम से प्रदेश में मौसम में आये बदलावों के बारे में बताया गया और आईएमडी द्वारा जारी मौसम पूर्वानुमान और चेतावनियों के बारे में प्रजेन्टेशन दिया गया। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रयागराज, मिर्जापुर, भदोही और फतेहपुर में हाल ही में प्राकृतिक आपदा में हुई जनहानि, पशु हानि, मकान हानि पर संवेदनाएं व्यक्त करते हुए जनपद स्तर पर आपदा प्रबंधन तंत्र को और मजबूत करने के निर्देश दिए, उन्होंने आपदा मित्रों को सक्रिय करते हुए पूर्व चेतावनियों को और अधिक प्रभावी करने के निर्देश दिये।

**• मुख्यमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेन्स के माध्यम से जिले में आपदा प्रबंधन को सुदृढ़ करने व राजस्व वादों को निस्तारित करने के दिये निर्देश**

उन्होंने जनपदों में आपदा सम्बंधी हर चेतावनी को गंभीरता से लेने, आमजनों को समय से सूचित करने, राहत आयोग और मौसम विभाग के साथ मिलकर कार्य करने के साथ ही जनपदों में सार्वजनिक स्थलों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम को सुदृढ़ करते हुए आपदा की सूचना देने के लिए उसका उपयोग करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आपदा की स्थिति में तत्काल राहत और बचाव कार्य होना चाहिए, एक एक व्यक्ति की जान महत्वपूर्ण है। आपदा प्रभावित व्यक्ति के पास यदि मकान नहीं है तो उसे प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना में आवास उपलब्ध कराए, यदि उसके पास जमीन नहीं है तो उसे जमीन का पट्टा दिलाएं।

उन्होंने राजस्व विभाग को समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि पैमाईश, धारा 80, सीमांकन के मामलों की जिलाधिकारी स्वयं समीक्षा करते हुए संबंधित लेखपाल और अपने अधीनस्थओं की जिम्मेदारी तय करें, इसके साथ ही मण्डलायुक्त भी जिलों की समय-समय पर समीक्षा करें। उन्होंने सभी जिले के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि आपदा की स्थिति में किसी के भी जानमाल की हानि नहीं होनी चाहिए, इसके लिए जनपद स्तर पर आपदा प्रबंधन के संसाधन सुदृढ़ होने चाहिए, लोगों को आपदा से पहले सही तरीके से सूचना मिलनी चाहिए, ताकि वे सुरक्षित स्थान पर जा सकें। मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने जिले स्तर पर आपदा प्रबंधन और राजस्व वादों के त्वरित निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि आपदा की स्थिति से निपटने के लिए सभी आपदा मित्रों को तैयार किया जाए और समय-समय पर उनकी रिहर्सल करायी जाए, वहीं उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक समय से लंबित राजस्व वादों को चिन्हित करते हुए उनका त्वरित निस्तारण कराया जाए।

## सीएम से मिले राज्यमंत्री कृष्णा पासवान



**फतेहपुर।** लखनऊ शनिवार को लखनऊ में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री व खागा विधायक कृष्णा पासवान ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान कृष्णा पासवान ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्हें और उनके साथियों को सरकार में शामिल करने का अवसर प्रदान करने के लिए वे आभारी हैं। भेंट के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की जनता की सेवा को संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ निभाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना ही जनप्रतिनिधियों का प्रमुख कर्तव्य है। मुख्यमंत्री ने कृष्णा पासवान तथा उनके साथ मौजूद सभी नेताओं को स्नेहिल शब्दों में आशीर्वाद और शुभकामनाएं भी दीं। कृष्णा पासवान ने अपनी ओर से मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन की सराहना करते हुए आश्वस्त किया कि वे दिए गए मार्गदर्शन और जिम्मेदारी के अनुरूप अपने क्षेत्र व समाज के विकास के लिए अथक प्रयास जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों व कल्याणकारी परियोजनाओं को अपनी विधानसभा क्षेत्र में प्रभावी रूप से लागू कराने में पूरी जागरूकता और परिश्रम दिखाया जाएगा। इस अवसर पर खागा क्षेत्र के स्थानीय नेता भी मुख्यमंत्री के साथ बैठक में मौजूद रहे। फतेहपुर से ब्लॉक प्रमुख हंसवा विकास पासवान, प्रधान सुमन पासवान तथा अनामिका भी इस मौके पर उपस्थित रहीं। स्थानीय नेताओं ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों और आगामी योजनाओं पर चर्चा करते हुए।

## जमीन की रजिस्ट्री से इनकार किया तो बुजुर्ग पर हमला

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** थाना बानपुर क्षेत्र के ग्राम खंजौरा कैलगुवां में जमीन की रजिस्ट्री अपने नाम कराने का दबाव बनाकर एक बुजुर्ग के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। आरोप है कि दबंगों ने बुजुर्ग को गालियां देते हुए

**• कट्टा लहराकर दी जान से मारने की धमकी**

लात-घूंसों से बेरहमी से पीटा तथा कट्टा लहराकर दहशत फैलाते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार नामजद आरोपियों सहित कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम खंजौरा कैलगुवां निवासी 68 वर्षीय गुलाब पुत्र परमानन्द पं. समेले ने थाना बानपुर में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 18 मई 2026 की सुबह करीब 10 बजे वह अपने घर के बाहर बैठे हुए थे। तभी ग्राम मौगान निवासी गोरी शंकर, अवध, बृजनन्दन पुत्रगण सीताराम, विनय पुत्र गोरी शंकर तथा उनके साथ कुछ अन्य लोग वहां पहुंचे और उनसे जमीन की रजिस्ट्री अपने नाम करने का दबाव बनाने लगे। पीड़ित के अनुसार जब उन्होंने जमीन की रजिस्ट्री करने से साफ इंकार कर दिया तो आरोपी आगबबूला हो गए और गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर सभी आरोपियों ने मिलकर उनके साथ मारपीट करने लगे। आरोप है कि हमलावरों ने बुजुर्ग को लात-घूंसों से पीटा, जिससे वह घायल हो गए। शोर-शराबा सुनकर जब आसपास के ग्रामीण मौके की ओर दौड़े तो आरोपी वहां से भाग निकले। जाते समय आरोपियों ने बुजुर्ग को जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपी विनय के हाथ में अवैध कट्टा भी था, जिसे लहराकर वह भय पैदा कर रहा था। घटना के बाद पीड़ित ने थाना बानपुर पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 191(1), 115(2), 352 एवं 351(3) के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक मानवेंद्र सिंह परमार को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## हीटवेव से बचाव को मंडलायुक्त ने सक्रिय रहने के दिए निर्देश

बांदा। मंडलायुक्त अजीत कुमार ने लोगों से विशेष सतर्कता बरतने, सुरक्षा उपायों का पालन करने की अपील की है। लोगों को स्वयं से सावधानी बरतने को कहा है। मण्डलायुक्त ने कहा कि हीट वेव लू ऐसी स्थिति है, जब तापमान अत्यधिक बढ़ जाता है। गर्म हवाएं चलती हैं, जो स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। इसके कारण डिहाइड्रेशन, चक्कर आना, अत्यधिक थकान, उल्टी, सिरदर्द, बेहोशी एवं हीट स्ट्रोक जैसी गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। ऐसे में प्रत्येक नागरिक को सतर्क एवं जागरूक रहना अत्यंत आवश्यक है। कहा कि दोपहर 12 बजे से सायं 04 बजे तक सीधे धूप में जाने से बचें। हल्के रंग के सूती एवं ढीले कपड़े पहनें। प्रतिदिन पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें। तरल आहार का सेवन करें। बच्चों व पशुओं को बंद वाहन में अकेला न छोड़ा जाए। कहा कि भीड़ वाले सार्वजनिक स्थलों, बाजारों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन एवं अन्य प्रमुख स्थानों पर शीतल एवं स्वच्छ पेयजल, जाए।

## क्षेत्रीय महासभा में विजय गौर का स्वागत

जिला संवाददाता

**फतेहपुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा फतेहपुर द्वारा आज नगर कार्यालय, जेल रोड तांबेश्वर मंदिर के पास पर नव नियुक्त जिलाध्यक्ष विजय सिंह गौर का भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। निर्धारित शुरू हुए कार्यक्रम में समाज के सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और धूमधाम के साथ विजय सिंह गौर का अभिनंदन किया गया सभा प्रारम्भ और स्वागतकार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ नेताओं और सदस्यों ने बारी-बारी से जिलाध्यक्ष विजय सिंह गौर को माला पहनाकर और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। स्वागत एवं अभिनंदन के पश्चात विजय सिंह गौर ने सभी का अभिवादन स्वीकार करते हुए प्रदेश व राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी पर खरा उतरने का भरोसा दिलाया जिले में व्यापक संगठन विस्तार का लक्ष्यविजय सिंह गौर ने अपने संबोधन में कहा कि 30 जून तक पूरे जिले के सभी ब्लॉकों में गठन कर लिया जाएगा तथा पहले चरण की शुरुआत धाता ब्लॉक से की जाएगी। उन्होंने बताया कि 4 जून को कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा और इस बारे में सभी उपस्थित सदस्यों से राय ली गई तथा विस्तृत चर्चा हुई। उक्त विस्तार की मुख्य बैठक कुशभा ग्राम सभा में 4 जून को आयोजित की जाएगी। सदस्यता एवं सामाजिक कल्याण के उद्देश्यजिलाध्यक्ष ने बताया कि उनका लक्ष्य प्रत्येक क्षत्रिय गाँव तक पहुंच कर सभी को महासभा का सदस्य बनाना है और इसके लिए एक लाख नए सदस्यों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि समाज सेवा को प्राथमिकता दी जाएगी बेसहारा बच्चियों की शादियाँ कराना और आर्थिक रूप से असहाय बच्चों तथा बच्चियों को शिक्षा दिलाने में सहयोग करना प्रमुख उद्देश्य होंगे। कार्यक्रम का संचालन व अध्यक्षतासभा की अध्यक्षता समाजसेवी अशोक तपस्वी ने की जबकि कार्यक्रम का संचालन नागेन्द्र सिंह चौहान मण्डल उपाध्यक्ष, प्रयागराज ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे आरपी सिंह भदौरिया, डॉ. अभिषेक सिंह, अमित परिहार, संजय सिंह कछवाह, समरबीर सिंह, मोनू सिंह, पिंटू सिंह, राकेश प्रताप सिंह, पंकज सिंह तोमर, लालजीत सिंह, राज सिंह भदौरिया, रंजना सिंह, मधु सिंह भदौरिया, लक्ष्मी सिंह भदौरिया, एससीएस सिंह चौहान, अंगद सिंह चंदेल, डॉ. विमल सिंह, अजय प्रताप सिंह, अरुण सिंह चौहान, अमित सिंह तोमर, सुधांशु सिंह, शायर सिंह, अमित सिंह गौतम, दिनेश सिंह, विकास सिंह, ज्ञानेन्द्र सिंह, ध्यानेंद्र सिंह, मुन्ना सिंह, सत्यम सिंह, अशोक सिंह, शिव नारायण सिंह, ब्रजेन्द्र बहादुर सिंह, राजेश सिंह बुन्देला, चेतन सिंह चौहान, अमन सिंह, योगेन्द्र सिंह भदौरिया आदि दिग्गज नेतृत्व और सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई विकास कार्यों की समीक्षा

**ललितपुर।** प्रधानमंत्री की अपील एवं मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में जनपद स्तरीय बैठकों को ऑनलाइन माध्यम से आयोजित किए जाने की पहल के तहत रविवार को जिले की विकास समीक्षा बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जनपद के प्रभारी मंत्री एवं अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने की। बैठक में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले की ओवरऑल रैंकिंग वर्तमान

**• प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने अधिकारियों को जिले को प्रथम स्थान पर लाने के दिए निर्देश**

**• अवैध कटान पर सख्ती के निर्देश, जल जीवन मिशन और सड़क खुदाई पर जताई नाराजगी**

में 11वें स्थान पर है। वन विभाग की समीक्षा के दौरान डीएफओ नवीन प्रकाश शाक्य ने बताया कि अवैध कटान में प्रयुक्त वाहनों को पकड़ा गया है तथा संबंधित वाहन स्वामियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। इस पर प्रभारी मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनपद में किसी भी कीमत पर अवैध कटान नहीं होना चाहिए।

जल जीवन मिशन की समीक्षा में अधिकारियों ने बताया कि नगरीय योजना के अंतर्गत शहर में गोविंद सागर बांध एवं इलाइट क्षेत्र में पानी की टंकियों का निर्माण कराया गया है। गोविंद सागर बांध की टंकी से जलापूर्ति शुरू हो चुकी है, जबकि इलाइट क्षेत्र में टेस्टिंग कार्य चल रहा है। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष सोनाली जैन एवं जिलाध्यक्ष हरीशचंद्र रावत ने शहर में खुदी पड़ी सड़कों का मुद्दा उठाया। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि पिछली बैठक में इंगित की गई सड़कों पर अब तक निर्माण कार्य नहीं कराया गया है। इस पर प्रभारी मंत्री ने नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को रोड रेस्टोरेशन कार्य तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान जिले में विद्युत आपूर्ति संबंधी शिकायतों पर चिंता व्यक्त की गई। प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खराब ट्रांसफार्मरों को 24 घंटे के भीतर ठीक कराया जाए तथा फॉल्ट की सूचना मिलते ही तत्काल मरम्मत सुनिश्चित की जाए। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 4629 दावों को स्वीकृति दी जा चुकी है तथा लाभ वितरण की प्रक्रिया जारी है। छूटे हुए किसानों को भी योजना का लाभ दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने बताया कि जिला अस्पताल निर्माण हेतु भूमि आवंटन की प्रक्रिया चल रही है। इस पर प्रभारी मंत्री ने जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर उसे प्रस्ताव में शामिल करने के निर्देश दिए। सिंचाई विभाग की समीक्षा में अधिकारियों ने जिले के सभी तालाब भर दिए जाने की जानकारी दी, लेकिन भाजपा जिलाध्यक्ष ने तालबेहट एवं जखौरा क्षेत्रों में तालाब न भरे जाने की शिकायत की। इस पर जिलाधिकारी ने तीन सदस्यीय टीम गठित कर जांच कराने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग की समीक्षा में 948.61 करोड़ रुपये की कार्ययोजना की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि किसी जनप्रतिनिधि का प्रस्ताव छूट गया हो तो उसे भी शामिल किया जाएगा। वहीं लघु सिंचाई विभाग की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए उनका एक दिन का वेतन रोकने एवं स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, भाजपा जिलाध्यक्ष हरीशचंद्र रावत आदि है।

## गांजा तस्कर गिरफ्तार, 460 ग्राम अवैध गांजा बरामद

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर कार्रवाई करते हुए गिन्नौट बाग इलाके से एक शातिर गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 460 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है। 23 मई 2026 की

**• गिन्नौट बाग में पुड़िया बेचने की फिराक में खड़ा था आरोपी**

शाम करीब 5.50 बजे नेहरू नगर चैकी प्रभारी उपनिरीक्षक अंकित कौशिक, आरक्षी करण प्रताप सिंह, आरक्षी योगेंद्र कुमार तथा सदर चैकी प्रभारी उपनिरीक्षक प्रशांत राणा मय हमराह आरक्षी सूरज कुमार के साथ वर्णी चैराहे पर मौजूद थे।

इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि सदनशाह स्थित सरताज कबाड़ी की दुकान के पीछे गिन्नौट बाग में एक व्यक्ति अवैध गांजा बेचने की फिराक में खड़ा है। मुखबिर ने बताया कि संदिग्ध व्यक्ति गुलाबी शर्ट पहने हुए है, चश्मा लगाए है और गले में भगवा गमछा डाले हुए अपनी जेबों तथा शर्ट के भीतर गांजे की पुड़ि?ा छिपाकर ग्राहकों की तलाश कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हो गई। चैकी प्रभारी ने तत्काल मामले की जानकारी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी और क्षेत्राधिकारी सदर सुनील कुमार को दी। अधिकारियों के निर्देश पर विशेष टीम गठित कर बताए गए स्थान पर दबिश दी गई।

मौके पर पुलिस को मुखबिर के बताए हुलिए का व्यक्ति दिखाई दिया, जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम थाना जखौरा के ग्राम बांसी निवासी बृजेश कुमार कड़ेरे उर्फ बल्लू पुत्र हरगोविन्द बताया। एनडीपीएस एक्ट की धारा 50 के प्रावधानों का पालन करते हुए आरोपी की सहमति पर क्षेत्राधिकारी सदर सुनील कुमार को मौके पर बुलाया गया। सीओ सदर की मौजूदगी में जब आरोपी की तलाशी ली गई तो उसकी पैंट और शर्ट से कुल 460 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने बरामद गांजे को सील कर कब्जे में ले लिया। कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस एक्ट) 1985 की धारा 8/20 के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

## चकबंदी विभाग में धांधली से परेशान पीड़िता ने डीएम से की शिकायत



**बांदा।** ग्राम लोहरा निवासिनी अन्नपूर्णा पत्नी राजकिशोर उर्फ लालू ने चक में हेरा फेरी करने पर जिलाधिकारी से शिकायत की है। बताया कि कई काश्तकारों के नाम में धांधली की गई है। बीहड़, खेत, तालाब पर रामेश्वर, लक्ष्मी प्रसाद, रमाकान्त पुत्रगण रामसेवक आदि सहमति करके रमाकांत के नाम शासन की धनराशि निकाली गई है। खेत तालाब होने के बाद भी मालियत लगाई गई है। उसे बीहड़ भूमि में चक दिया गया है। उसके खेत की उचित मालियत नहीं लगाई गई है। उसने सभी अभिलेख लेखपाल को दिये थे। जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

## मानस पाठ के बाद, भंडारे में लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद



**बांदा।** जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद के पैतृक आवास पैलानी डेरा में मानस पाठ संकीर्तन का आयोजन हुआ। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर राज्यमंत्री रामकेश निषाद के आलावा छंगेलाल निषाद, गोरेलाल निषाद, संतराम सहित भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, प्रांतीय परिषद सदस्य विनोद जैन, जिला महामंत्री निखिल सक्सेना, ममता मिश्रा, सुधीर कुशवाहा, अमित सेठ भोलू, आनंदी साहू, उत्तम सक्सेना, दुर्गा चैरसिया, विवेकानंद गुप्ता, रामभवन उपाध्याय, अजय पटेल, निर्मला गौतम, जाग्रति वर्मा, संतू गुप्ता, संतोष नायक, वीरेंद्र सक्सेना रहे।

## नशे में वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई

**फतेहपुर।** सड़क दुर्घटनाओं और नशे की स्थिति में वाहन चलाने पर नियंत्रण के उद्देश्य से यातायात मुख्यालय द्वारा संचालित विशेष ड्रंक एण्ड ड्राइव अभियान के दौरान जिलेभर के प्रमुख टोल प्लाजा पर सघन चेकिंग की गई। अभियान का संचालन रात्रि अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक यातायात ज्ञान प्रकाश राय के कुशल पर्यवेक्षण में किया गया। चेकिंग में क्षेत्रीय यातायात इकाइयों व थाना-सीसी टीमों ने भाग लिया जिंदपुर टोल प्लाजा पर कार्रवाईजिंदपुर टोल प्लाजा पर निरीक्षण के दौरान प्रगति यादव क्षेत्रीय यातायात की उपस्थिति में यातायात प्रभारी निरीक्षक केशरी प्रसाद यादव एवं थाना ललौली की सीसी टीम प्रभारी राजेश कुमार के नेतृत्व में व्यापक तलाशी व चेकिंग की गई। वाहन चालकों से डिग्री और नशे की स्थिति की जांच की गई तथा नियमों के उल्लंघन पर आवश्यक कार्रवाई की गई खड़ौरी व काटोघन टोल प्लाजा पर कार्रवाईखड़ौरी टोल प्लाजा पर टीएस आई लालजी सविता और थाना कल्याणपुर की सीसी टीम प्रभारी संजय सरोज मय फोर्स ने नाकाबंदी कर वाहनों की कड़ी जाँच की। वहीं काटोघन टोल प्लाजा पर खागा सीसी टीम प्रभारी कृष्णा कुमार यादव और टीएसआई रामानन्द ने भी चेकिंग कर नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की नतीजे ई-चालान और वाहन सीजअभियान के दौरान नशे की हालत में वाहन चलाने वाले विभिन्न चालकों के विरुद्ध कुल 22 ई-चालान किए गए और कुल रु. 2,20,000/- का जुर्माना लगाया गया।

## मांगों को लेकर भाकियू का धरना तीसरे दिन रहा जारी



**बांदा।** तरहटी कालिंजर में चल रहे भारतीय किसान यूनियन के ग्राम अध्यक्ष हरवंश कुमार निगम की अगुवाई में धरना दिया जा रहा है। प्रदर्शन को आज तीन दिन हो गए। अभी तक जनपद के जिम्मेदार अधिकारियों के कान में आवाज तक नहीं पहुंची। भारतीय किसान यूनियन 25 मई से बड़ा कार्यक्रम करने के संकेत दिए हैं। पदाधिकारियों ने बताया कि संगठन ने 18 मई का उपजिलाधिकारी नरैनी को ज्ञापन सौंपा था। आज तक कुछ नहीं हुआ। मुख्य मांगों में प्राचीन शिव मंदिर से अवैध कब्जा हटाना, शारदा माता मंदिर के सामने से देसी शराब की दुकान हटाए जाने और साप्ताहिक बाजार को मुख्य मार्ग से हटाकर प्रस्तावित मंडी में स्थापित करने के लिए धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। धरने में सरस्वती कुशवाहा, रोशनी कुशवाहा, गीता देवी, मुनिया कुशवाहा, धनिया कुशवाहा फूला, माया, मुन्नी, अवधेश सिंह पटेल जिलाध्यक्ष भाकियू, संतोष कुमार, सत्यराज सिंह, संतराम कुमार, संगीता अनुरागी, सुशीला अनुरागी, अनूप कुमार दीक्षित, रवि प्रकाश तिवारी, प्रमोद पाठक मौजूद रहे।

## घर जलकर राख



**बांदा।** पैलानी तहसील के खप्टिहाकलां के मजरा सेमराडेरा में केबिल में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग से मकान धू-धू कर जल उठा। लपटें देखकर मकान के अंदर सोए वृद्ध दंपति जान बचाकर किसी तरीके से बाहर निकले। तब तक मकान पूरी तरह से आग की चपेट में आ गया। यह देखकर आसपास के लोग डेरा वासी सबमर्सिबल पंप टैंकरों के माध्यम से आग बुझाने में जुट गए। सूचना के दो घंटे बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी घटनास्थल सेमराडेरा पहुंची तब तक ग्रामीण आधे से ज्यादा आग बुझा चुके थे। आग से लगभग दो लाख की गृहस्थी का नुकसान हुआ है।

## दबंगों का आतंकए पुराने बस स्टैंड में कारों और मॉल पर बरसाये पत्थर



**महोबा।** शनिवार की रात सदर कोतवाली से लगभग आधा किलोमीटर दूर पुराने बस स्टैंड परिसर में दबंगों ने जमकर उत्पात मचाया। कारोंए बस और शॉपिंग मॉल पर पथराव कर लाखों का नुकसान किया। दबंग युवकों ने खड़ी गाड़ियों पर पथराव कर दहशत फैला दी। उक्त हमले में आधा दर्जन से अधिक कारें और एक बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई हैं। जानकारी के अनुसार करीब आधा दर्जन से ज्यादा युवक अचानक पुराने प्राइवेट बस स्टैंड पहुंचे और पार्किंग में खड़े वाहनों पर पत्थर बरसाने लगे तथा पास में मौजूद सिटीकार्ट शॉपिंग मॉल पर भी पत्थर फेंके। घटना के बाद लोग दहशत में आ गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंची तथा आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर रही है।

संक्षेप

## होंडा ने की नयी होंडा सिटी लॉन्च

नई दिल्ली। होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड (एच.सी.आई.एल) ने आज भारत में अपनी नई होंडा सिटी लॉन्च की। साथ ही, अपनी ग्लोबल हाईब्रिड एसयूवी, ऑल-न्यू जेडआर-वी ई:एचईवी भी पेश की।होंडा के स्पोर्टी डिजाईन और इंजीनियरिंग एक्सिलेंस की विरासत के साथ ये दो मॉडल दो स्पोर्टी आईकॉन के साथ आते हैं, जो उन ग्राहकों के लिए बनाए गए हैं, जो प्रीमियम स्टाईलिंग, स्पोर्टी डायनामिक परफॉर्मेंस, एडवांस्ड टेक्नोलॉजी और रिफाईंड ड्राईविंग अनुभव चाहते हैं।होंडा सिटी के लॉन्च के साथ ही होंडा ने भारत में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए होंडा जेडआर-वी भी पेश की है। यह एक प्रीमियम हाईब्रिड एसयूवी है, जिसे पूरे विश्व में बहुत पसंद किया गया है, और अब यह भारत में पेश की जा रही है।नई होंडा सिटी अपनी शानदार विरासत को आगे बढ़ाते हुए बेहतर स्पोर्टी स्टाईलिंग, आधुनिक सॉफिस्टिकेशन, नए फीचर्स के साथ शानदार इंटीरियर और होंडा की सिग्नेचर व दिलचस्प ड्राईविंग डायनामिक्स के साथ आ रही है। यह मॉडल पेट्रोल और ई:एचईवी स्ट्राँग हाईब्रिड वैरिएंट में उपलब्ध होगा तथा ग्राहकों को रिफाईंड पेट्रोल परफॉर्मेंस और एडवांस्ड इलेक्ट्रिफाईड मोबिलिटी के विकल्प प्रदान करेगा।ऑल-न्यू होंडा जेडआर-वी भारत के लिए कंपनी की नई फ्लैगशिप एसयूवी है।

## गैस आपूर्ति में दिककतों के बीच कोल इंडिया की सिनगैस इकाइयां लगाने की योजना

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कोयला कंपनी कोल इंडिया लि. (सीआईएल) पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण गैस आपूर्ति में आ रही बाधाओं के बीच कोयले से सिनगैस उत्पादन इकाइयां स्थापित करने की तैयारी कर रही है। सिनगैस मुख्यतः कार्बन मोनोऑक्साइड और हाइड्रोजन का मिश्रण होता है। इसे कोयला, प्राकृतिक गैस या बायोमास से बनाया जाता है और इसका उपयोग बिजली, उर्वरक व ईंधन बनाने में होता है। देश के कुल घरेलू कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी रखने वाली कोल इंडिया ने इस दिशा में शुरुआती कदम भी उठा दिए हैं। यह पहल राष्ट्रीय कोयला गैसीकरण मिशन और रसायन तथा कच्चे माल की सुरक्षा को मजबूत करने की सरकारी रणनीति के अनुरूप मानी जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, कंपनी सिनगैस संयंत्रों को बनाओ-स्वामित्व रखो-चलाओ (बीओओ) अथवा बनाओ-चलाओ-देखरेख करो (बीओएम) मॉडल पर विकसित करने की योजना बना रही है। इन परियोजनाओं में डेवलपर या गठजोड़ कोयले से सिनगैस का उत्पादन करेंगे। कोल इंडिया ने संभावित बोलीदाताओं की पहचान के लिए रुचि पत्र (ईओआई) भी जारी किए हैं।इसके तहत कंपनी ने दो मॉडल प्रस्तावित किए हैं। पहले मॉडल के अंतर्गत कोल इंडिया की खदानों के क्षेत्रों में सिनगैस उत्पादन इकाइयां स्थापित की जाएंगी, जहां से आसपास के औद्योगिक संकुलों को पाइपलाइन नेटवर्क के जरिये गैस की आपूर्ति होगी। इसका उद्देश्य कोयले के परिवहन पर आने वाली लागत को कम करना और उद्योगों को सस्ती दर पर सिनगैस उपलब्ध कराना है।

## एफटीए के इस्तेमाल में विकसित देशों से काफी पीछे है भारत

नयी दिल्ली। मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के मोर्चे पर भारत की अगली प्राथमिकता इनके व्यावहारिक कार्यान्वयन और निर्यातकों को इन करारों के इस्तेमाल में मदद की होनी चाहिए। विशेषज्ञों ने यह राय जताई है। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में कई बड़े एफटीए किए हैं, लेकिन अब असली चुनौती इन समझौतों का सही उपयोग सुनिश्चित करना है। विशेषज्ञों का कहना है कि अब सरकार और उद्योग जगत का ध्यान एफटीए पर हस्ताक्षर से एफटीए के कार्यान्वयन पर होना चाहिए। विशेषज्ञों के अनुसार, भारत में एफटीए की उपयोग दर अभी लगभग 25 प्रतिशत के आसपास है, जबकि विकसित देशों में यह 70-80 प्रतिशत तक है। यानी भारत ने जिन देशों के साथ कम शुल्क या शुल्क-मुक्त पहुंच हासिल की है, उसका पूरा फायदा भारतीय निर्यातक अभी नहीं उठा पा रहे हैं। भारत को अब यह सुनिश्चित करना चाहिए कि एफटीए के तहत मिले लाभ वास्तव में सीमा शुल्क स्तर पर इस्तेमाल हों और निर्यात बढ़ाने में मदद करें। उन्होंने कहा कि भारत ने सिंगापुर, जापान, दक्षिण कोरिया, संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया, आसियान और ईएफटीए जैसे बाजारों के साथ एफटीए किए हैं।

# 10 कंपनियों की पूंजी 74111 करोड़ बढ़ी



नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 74,111.57 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इस दौरान सबसे ज्यादा लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही।

पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 177.36 अंक या 0.23 प्रतिशत के लाभ में रहा। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के बाजार मूल्यांकन में वृद्धि हुई। वहीं एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत घट गई। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 24,696.89 करोड़ रुपये बढ़कर 18,33,117.70 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 19,338.68 करोड़ रुपये बढ़कर 8,38,401.33 करोड़ रुपये रहा, जबकि आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 14,515.93 करोड़ रुपये बढ़कर 9,06,901.32 करोड़ रुपये हो गया। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का बाजार पूंजीकरण 9,076.37 करोड़ रुपये बढ़कर 5,14,443.69 करोड़ रुपये रहा। वहीं बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 3,797.83 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 5,70,515.57 करोड़ रुपये और लार्सन एंड टुब्रो की 2,685.87 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 5,40,228.21 करोड़ रुपये रही। इस रुख के उलट भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 20,229.67 करोड़ रुपये घटकर 11,40,296.49 करोड़ रुपये रह गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 16,212.18 करोड़ रुपये घटकर 5,17,380 करोड़ रुपये पर आ गया। भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 12,784.4 करोड़ रुपये घटकर 8,76,077.92 करोड़ रुपये रहा। एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 2,094.35 करोड़ रुपये की कमी के साथ 11,79,974.90 करोड़ रुपये रही। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। इसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी का स्थान रहा।

# मार्च में विदेश यात्रा पर भारतीयों का खर्च घटकर 1.09 अरब डॉलर रहा




मुंबई। भारतीयों का विदेश यात्रा पर खर्च मार्च में घटकर 1.09 अरब डॉलर रह गया, जो फरवरी में 1.30 अरब डॉलर था। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई है।

जनवरी में विदेश यात्रा पर खर्च 1.65 अरब डॉलर रहा था। उदारीकृत धन प्रेषण योजना (एलआरएस) के तहत आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, भारतीयों द्वारा विभिन्न श्रेणियों में विदेश में भेजा गया कुल धन (रेमिटेंस) मार्च में 2.59 अरब डॉलर रहा, जिसमें सबसे बड़ा हिस्सा यात्रा व्यय का रहा। एलआरएस के तहत निवासी व्यक्ति एक वित्त वर्ष में 2.50 लाख डॉलर तक का प्रेषण किसी भी वैध चालू या पूंजी खाते के लेनदेन के लिए कर सकते हैं। आंकड़ों के अनुसार, अन्य यात्रा श्रेणी में, जिसमें अवकाश यात्राएं और अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट कार्ड खर्च शामिल हैं, मार्च में 62.30 करोड़ डॉलर खर्च किए गए, जो कुल यात्रा व्यय का लगभग 57 प्रतिशत है। शिक्षा संबंधी यात्रा पर 45.01 करोड़ डॉलर खर्च हुए, जिसमें ट्यूशन फीस और हॉस्टल खर्च शामिल हैं। जबकि व्यापार यात्रा, तीर्थयात्रा और चिकित्सा उपचार पर 2.13 करोड़ डॉलर खर्च हुए। विदेश में रहने वाले परिजनों को भेजे गए धन का प्रेषण मार्च में 38.97 करोड़ डॉलर रहा, जो फरवरी के 26.61 करोड़ डॉलर से अधिक है। विदेश में अध्ययन श्रेणी में खर्च मार्च में घटकर 15.17 करोड़ डॉलर रहा। यह फरवरी के 17.56 करोड़ डॉलर और जनवरी में 26.74 करोड़ डॉलर था। विदेश में अचल संपत्ति की खरीद पर खर्च मार्च में घटकर 3.86 करोड़ डॉलर रह गया, जबकि फरवरी में यह 5.13 करोड़ डॉलर था।

## सीमेंट कंपनियों को चालू वित्त वर्ष में छह-सात प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद

नयी दिल्ली। देश की प्रमुख सीमेंट कंपनियों को वित्त वर्ष 2026-27 में उद्योग में सात-आठ प्रतिशत की मजबूत वृद्धि की उम्मीद है। कंपनियों का मानना है कि सरकार के बुनियादी ढांचा खर्च, आवास क्षेत्र की बढ़ती मांग और तेजी से हो रहे शहरीकरण से उद्योग को बड़ा समर्थन मिलेगा।

हालांकि, इसके साथ ही उद्योग ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट के कारण बढ़ती ईंधन लागत निकट अवधि में चुनौती बनी हुई है। शीर्ष अधिकारियों ने हालिया तिमाही नतीजों की घोषणा के दौरान मध्यम अवधि को लेकर सकारात्मक रुख जताया है। कंपनियां प्रीमियम सीमेंट उत्पादों और बेहतर बिक्री मूल्य के जरिये बढ़ती लागत के दबाव को संतुलित करने की रणनीति पर काम कर रही हैं। इसके साथ ही सीमेंट कंपनियां चालू वित्त वर्ष में पूंजीगत खर्च भी बढ़ा रही हैं। उनका मानना है कि सरकार की अवसंरचना परियोजनाओं और आवासीय मांग में तेजी से उद्योग को दीर्घकालिक लाभ मिलेगा। पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव के कारण ईंधन, ढुलाई और आयात आधारित आपूर्ति श्रृंखला पर दबाव बढ़ा है। उन्होंने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी से पेट्रोल और डीजल भी महंगे हो सकते हैं, जिससे लागत और बढ़ेगी।

# ईंधन बचत उपायों से परिवहन ईंधन की मांग वृद्धि सुस्त रहेगी

नयी दिल्ली। सरकार की ईंधन बचत मुहिम, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और रुपये की कमजोरी के कारण भारत में वर्ष 2026 की दूसरी छमाही में परिवहन ईंधन की मांग वृद्धि में सुस्ती आने की आशंका है। ऊर्जा विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 15 मई से तीन चरणों में करीब पांच रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बीच पेट्रोलियम कंपनियों ने इसका कुछ बोझ उपभोक्ताओं पर डाला है। इसी दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नागरिकों और सरकारी विभागों से ईंधन बचाने, वर्क फ्रॉम होम को बढ़ावा देने और गैर-जरूरी यात्राएं कम करने की अपील की है। सरकार को आशंका है कि महंगे ऊर्जा आयात से विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव बढ़ सकता है और चालू खाते का घाटा (कैड) में भी बढ़ोतरी हो सकती है। विश्लेषकों का मानना है कि ऊंची कीमतों और सरकारी सख्ती का असर ईंधन मांग पर पड़ेगा। ऊर्जा विश्लेषण कंपनी केप्लर की प्रमुख विश्लेषक एलिफ बिनीची की रिपोर्ट में भारत की 2026 के लिए परिष्कृत उत्पादों की मांग वृद्धि का अनुमान 39 प्रतिशत घटाकर करीब 78 हजार बैरल प्रतिदिन (केबीडी) कर दिया गया है। इससे पहले यह अनुमान 128 किलोलीटर बैरल प्रतिदिन (केबीडी) था। रिपोर्ट के अनुसार, पेट्रोल की मांग पर सबसे ज्यादा असर पड़ने की संभावना है। पेट्रोल की मांग वृद्धि का अनुमान 63 केबीडी से घटाकर 38 केबीडी प्रतिदिन कर दिया गया है। अब पेट्रोल की खपत लगभग 1,010 केबीडी प्रतिदिन रहने का अनुमान है, जो पहले 1,035 केबीपीडी आंका गया था। रिपोर्ट में कहा गया कि दफ्तर आने-जाने की गतिविधियों में कमी, गैर-जरूरी यात्राओं में गिरावट और ईंधन बचत अभियान के कारण पेट्रोल की मांग कमजोर पड़ सकती है।

## एमएसएमई ग्रोथ समिट में 38 औद्योगिक पार्क का होगा उद्घाटन

अमरावती। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू सोमवार को राज्य भर में 38 एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम) पार्क का वर्चुअल रूप से उद्घाटन करेंगे।

यह पहल सरकार द्वारा औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने और उद्यमिता को बढ़ावा देने के प्रयासों का एक हिस्सा है। मुख्यमंत्री के अनुसार, राज्य सरकार का दृष्टिकोण परिचालन के लिए तैयार (प्लग एंड प्ले) बुनियादी ढांचे और कलस्टर-आधारित विकास के माध्यम से सभी 175 विधानसभा क्षेत्रों में औद्योगिक पार्क स्थापित करना है और इसी के मद्देनजर ये पार्क स्थापित किए जा रहे हैं। प्लग-एंड-प्ले ऐसे बुनियादी ढांचे होते हैं, जहां सारी जरूरी सुविधाएं पहले से तैयार हों और कंपनी अपना काम फौरन शुरू कर सके। यहां शनिवार देर रात जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया, राज्य सरकार 25 मई को विजयवाड़ा में आयोजित होने वाले एमएसएमई ग्रोथ समिट 2026 में 38 एमएसएमई पार्क का वर्चुअल रूप से उद्घाटन करेगी... यह शिखर सम्मेलन आंध्र प्रदेश को वैश्विक औद्योगिक रूप में स्थापित करने और राज्य भर में एमएसएमई-आधारित विकास को गति देने की दिशा में एक और बड़ा कदम होगा।

# अमेरिका-ईरान वार्ता तय करेगी शेयर बाजार की चाल




नयी दिल्ली। अमेरिका और ईरान के बीच पश्चिम एशिया संकट को लेकर चल रही वार्ताओं से जुड़े घटनाक्रम, कच्चे तेल की कीमतें और विदेशी निवेशकों की गतिविधियां अगले सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार की दिशा तय करेंगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों का मानना है कि छुट्टियों के कारण कम कारोबारी सत्रों वाला यह सप्ताह उतार-चढ़ाव भरा रह सकता है। बकरीद के अवसर पर बृहस्पतिवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे। इसके अलावा निवेशकों की नजर रुपये-डॉलर की चाल और वैश्विक बाजारों के रुख पर भी रहेगी।

इस सप्ताह बाजार वैश्विक आर्थिक घटनाक्रम और मुद्रा बाजार की गतिविधियों के प्रति काफी संवेदनशील रहेगा। निवेशक कच्चे तेल की कीमतों, अमेरिका-ईरान वार्ता, अमेरिकी डॉलर और बॉन्ड प्रतिफल पर करीबी नजर रखेंगे, क्योंकि इनका असर विदेशी निवेश प्रवाह और निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता पर पड़ेगा। अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत में कुछ प्रगति हुई है। इससे संकेत मिले हैं कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव के समाधान की दिशा में चीजें आगे बढ़ रही हैं। इस बीच, भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को मार्च, 2026 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए केंद्र सरकार को रिकॉर्ड 2.87 लाख करोड़ रुपये का लाभांश देने की घोषणा की। माना जा रहा है कि इससे सरकार को बढ़ते आयात बिल और पश्चिम एशिया संकट के कारण आपूर्ति श्रृंखला पर पड़े असर से निपटने में मदद मिलेगी। विश्लेषकों के अनुसार, बाजार भागीदार केंद्रीय बैंक के इस रिकॉर्ड लाभांश के प्रभाव का आकलन करेंगे, खासकर नकदी, सरकारी खर्च और राजकोषीय स्थिति पर इसके असर को लेकर। आने वाले सप्ताह में बाजार की दिशा मुख्य रूप से अमेरिका-ईरान स्थिति, कूटनीतिक वार्ताओं और कच्चे तेल की कीमतों से जुड़ी खबरों पर निर्भर करेगी। हालांकि, तनाव कम होने की उम्मीद से निवेशकों की धारणा में कुछ सुधार हुआ है, लेकिन वार्ता के अंतिम परिणाम को लेकर अनिश्चितता अब भी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि निवेशक रुपये की चाल, वैश्विक शेयर बाजारों के रुझान, संस्थागत निवेशकों के निवेश प्रवाह और व्यापक आर्थिक संकेतकों पर भी नजर बनाए रखेंगे। बाजार में मजबूत सुधार के लिए कच्चे तेल की कीमतों में और गिरावट, विदेशी संस्थागत निवेशकों के निवेश में स्थिरता और कंपनियों के पहली तिमाही के नतीजे बेहतर रहने चाहिए।

# मांग बढ़ने, रुपये में गिरावट से बीते सप्ताह सभी तेल-तिलहन की कीमतों में सुधार



नयी दिल्ली। रुपये के मूल्य में गिरावट रहने के बीच देश में मांग बढ़ने के कारण बीते सप्ताह सभी तेल-तिलहनों के दाम मजबूत रहे।

बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि विदेशों में खाद्य तेलों के दाम में सीमित घट-बढ़ के बीच डॉलर के मुकाबले रुपये के निचले स्तर के करीब मंडराने से खाद्य तेलों का आयात महंगा बैठ रहा है। इसके अलावा आयातक जो पहले लागत से काफी नीचे दाम पर अपना माल बेच रहे थे, वह घाटा पहले के मुकाबले अब कम हो गया है। इस वजह से बीते सप्ताह सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन जैसे आयातित तेलों के दाम में मजबूती रही। उन्होंने कहा कि शुक्रवार की रात सूरजमुखी तेल का दाम 20 डॉलर बढ़ा है जिसके बाद सस्ता होने की वजह से मूंगफली की मांग बढ़ी है। यह बीते सप्ताह, मूंगफली तेल-तिलहन के दाम में सुधार आने का प्रमुख कारण है। सुधार के बावजूद मूंगफली का दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम ही है। सूत्रों ने कहा कि पंजाब, हरियाणा में बिनौला की 80-90 प्रतिशत पेराई मिलें बंद हो चली हैं और इसकी मांग होने से बीते सप्ताह बिनौला तेल में सुधार आया। इन उत्तर भारतीय राज्यों में इन दिनों बिनौला सीड की मांग को महाराष्ट्र से पूरा कर लिया जाता था, लेकिन इस बार महाराष्ट्र में ही बिनौला सीड के दाम ऊंचे हैं। यह बिनौला तेल में सुधार का प्रमुख कारण है। उन्होंने कहा कि बीते सप्ताह सरसों का भाव नीचे होने से इसकी खपत काफी बढ़ी है। सरसों की पेराई भी खूब हुई है। सरसों के रिफाइंड भी बने है। इसके कारण बीते सप्ताह सरसों तेल-तिलहन में भी मजबूती रही।

सूत्रों ने कहा कि जिस प्रकार किसानों को कुछ तिलहन फसलों के अच्छे दाम मिले हैं।

पेज एक का शेष

## बलूचिस्तान

की इमारतों के शीशे चकनाचूर हो गए। अधिकारियों ने बताया कि ट्रेन में सवार अधिकांश यात्री आगामी ईद के त्यौहार के लिए अपने घर जाने वाली संपर्क ट्रेनों को पकड़ने की प्रतीक्षा कर रहे थे। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा, आतंकवाद के ऐसे कायरतापूर्ण कृत्य पाकिस्तान की जनता के संकल्प को कमजोर नहीं कर सकते। उन्होंने कहा, हम आतंकवाद के हर रूप को खत्म करने के अपने संकल्प पर अडिग हैं। जियो न्यूज की एक खबर के अनुसार, रेलवे अधिकारियों ने एहतियात के तौर पर विस्फोट के बाद पेशावर जाने वाली जाफर एक्सप्रेस को क्वेटा रेलवे स्टेशन पर रोक दिया। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता बाबर यूसुफजई ने कहा कि विस्फोट के बाद सभी संबंधित संस्थानों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। उन्होंने जनता से विस्फोट स्थल के पास इकट्ठा न होने का आग्रह किया ताकि सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और आपातकालीन टीमों को बिना किसी बाधा के बचाव कार्य करने में मदद मिल सके।

## ईरान के

कि सुरक्षित और निर्बाध समुद्री व्यापार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा, वैश्विक ऊर्जा कीमतों को कम रखने और ऊर्जा स्रोतों की अधिक उपलब्धता सुनिश्चित करने में भी हमारी बहुत गहरी रुचि है। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत द्वारा अमेरिका से ऊर्जा आयात में काफी महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा, होर्मुज में मौजूदा स्थिति से निपटने का हमारा तरीका और स्पष्ट रूप से कहें तो, भविष्य में भी, अपने ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाना है, क्योंकि यही हमारी ऊर्जा सुरक्षा का मूल आधार है और इसीलिए हम दृढ़ता से मानते हैं कि ऊर्जा बाजार को सीमित नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, वैश्विक विकास के लिए ऊर्जा की कीमतों को कम रखना महत्वपूर्ण है। पिछले महीने पाकिस्तान ने दोनों पक्षों के वरिष्ठ नेताओं की वार्ता की मेजबानी की थी, जो 1979 के बाद अपनी तरह की पहली वार्ता थी, लेकिन दोनों पक्ष किसी शांति समझौते पर पहुंचने में विफल रहे थे।

## सार्वजनिक स्थलों

पूर्व निर्धारित स्थलों पर ही की जाएगी और किसी भी नई परंपरा को बढ़ावा नहीं दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि नमाज केवल परंपरागत स्थलों पर ही अदा की जाए तथा सड़क मार्ग अवरुद्ध कर नमाज की अनुमति किसी भी स्थिति में न दी जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले में कुर्बानी के बाद अपशिष्ट निस्तारण की सुनियोजित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। खुले में मांस विक्रय प्रतिबंधित रहे तथा अवैध स्लॉटर हाउस किसी भी दशा में संचालित न हों। वैध स्लॉटर हाउस में भी निर्धारित क्षमता से अधिक पशु न रखे जाएं। उन्होंने पर्वों के दौरान बिजली आपूर्ति, स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। संवेदनशील क्षेत्रों में पर्व से पूर्व फ्लैग मार्च किया जाए तथा धार्मिक स्थलों के आसपास पुलिस बल की सतत पैदल गश्त सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने अलीगढ़, बिजनौर, सहारनपुर, रामपुर और संभल सहित संवेदनशील जनपदों के जिलाधिकारियों और पुलिस कप्तानों से संवाद करते हुए कहा कि विगत वर्षों की घटनाओं का अध्ययन कर संभावित अराजक तत्वों की सूची तैयार की जाए तथा आवश्यकतानुसार निषेधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सभी थाना, तहसील और जनपद स्तर पर पीस कमेटियों के साथ नियमित संवाद बनाए रखने के भी निर्देश दिए गए। गंगा दशहरा की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या, चित्रकूट, हापुड़, मुजफ्फरनगर और अमरोहा सहित विभिन्न जनपदों में गंगा घाटों की साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, एम्बुलेंस तैनाती, छायादार व्यवस्था तथा पार्किंग प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तेज गर्मी को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

## थानों की

मॉनिटरिंग के लिए एक सेंट्रल डैशबोर्ड विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे कानून व्यवस्था की निगरानी अधिक प्रभावी और पारदर्शी होगी। मुख्यमंत्री ने बेहतर पर्यवेक्षण और निगरानी के लिए विभागीय ढांचे को और मजबूत बनाने के निर्देश दिए। इस क्रम में डीआईजी रेडियो पूर्वी का मुख्यालय आजमगढ़ तथा डीआईजी रेडियो पश्चिमी का मुख्यालय अलीगढ़ में स्थापित किए जाने पर विचार किया गया। साथ ही रेडियो कार्मिकों की चरित्र पंजिका संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षकों के माध्यम से सत्यापित कराने तथा वायरलेस सेटों को निष्प्रयोजन घोषित करने से पहले तकनीकी परीक्षण सुनिश्चित करने पर भी चर्चा की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि गत वित्तीय वर्ष में संचार उपकरणों की खरीद के अंतर्गत थानों के लिए 275 फ्लैट बेस मास्ट, 5322 बैटरियां, 120 बैकपैक सेट तथा केबल, चार्जर और एंटीना सहित अन्य सहायक उपकरण खरीदे गए। आधुनिकीकरण योजना के अंतर्गत 50 पीए सिस्टम भी स्थापित किए गए। रिवर्स ऑक्शन प्रक्रिया अपनाने से उपकरणों की खरीद में लगभग 1.23 करोड़ रुपये की बचत हुई। वित्तीय वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि 47 करोड़ रुपये की लागत से 12 जनपदों में डिजिटल वायरलेस सेवाएं शुरू करने की योजना है। इसके अतिरिक्त मापक उपकरण, पोर्टेबल संचार के लिए 5जी फिल्टर, दूरस्थ थानों के लिए सेल्फ सपोर्टेड मास्ट तथा पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ के लिए हैंड हेल्ड वायरलेस संचार व्यवस्था विकसित किए जाने का प्रस्ताव है। मुख्यमंत्री ने विभागीय मानव संसाधन प्रबंधन को भी तकनीक आधारित बनाने पर जोर देते हुए निर्देश दिए कि सभी कार्मिकों का डेटा मानव सम्पदा पोर्टल पर अद्यतन किया जाए तथा चरित्र पंजिका, अवकाश और अन्य सेवा संबंधी कार्य पूरी तरह डिजिटल माध्यम से संचालित हों। उन्होंने कर्मचारियों को नवीनतम तकनीकों, कंप्यूटर प्रशिक्षण और संचार संदेशों की गुणवत्ता सुधार से संबंधित प्रशिक्षण दिए जाने पर भी विशेष बल दिया।

## भीषण गर्मी

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड की कुल विद्युत उत्पादन क्षमता बढ़कर 13,388 मेगावाट हो गई है। इसमें अनपरा, ओबरा, हरदुआगंज, परीछा, जवाहरपुर और पनकी जैसे तापीय विद्युत गृहों की 9,120 मेगावाट क्षमता शामिल है, जबकि जल विद्युत परियोजनाओं से 526.4 मेगावाट क्षमता उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त मेजा, घाटमपुर और खुर्जा परियोजनाओं से संयुक्त उपक्रमों के माध्यम से 3,742 मेगावाट क्षमता राज्य को प्राप्त हो रही है। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2022 की तुलना में वर्ष 2026 तक उत्पादन निगम की स्थापित क्षमता में 86 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है। इसके अतिरिक्त, गैर पारंपरिक ऊर्जा विकल्पों से लगभग 10 हजार मेगावॉट बिजली उत्पादन हो रहा है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की बढ़ती विद्युत मांग को देखते हुए ट्रांसमिशन नेटवर्क को और अधिक मजबूत, आधुनिक एवं भरोसेमंद बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिजली आपूर्ति व्यवस्था की मजबूती के लिए ट्रांसमिशन प्रणाली की दक्षता अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम में किसी भी प्रकार की तकनीकी बाधा को न्यूनतम रखा जाए तथा ट्रांसमिशन नेटवर्क की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। बैठक में बताया गया कि उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड के पास वर्तमान में 60,858 सर्किट किलोमीटर लंबी ट्रांसमिशन लाइनें संचालित हैं। प्रदेश में 715 उपकेंद्रों के माध्यम से 2,05,632 एमवीए क्षमता उपलब्ध है। ट्रांसमिशन नेटवर्क की उपलब्धता 99.30 प्रतिशत दर्ज की गई है, जबकि पारेषण हानियां घटकर 3.2 प्रतिशत रह गई हैं।

## तत्परता

व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और खराब पड़े हैंडपंपों व नलकूपों की तत्काल मरम्मत कराई जाए। मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग को मानसून से पहले सभी क्षतिग्रस्त सड़कों और संपर्क मार्गों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क सुविधाओं के बेहतर होने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था, पर्यटन और स्थानीय व्यापार को मजबूती मिलती है। ऊर्जा विभाग को निर्देशित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बिजली आपूर्ति सुचारु रखी जाए तथा खराब ट्रांसफार्मरों को तत्काल बदला जाए। वहीं सिंचाई विभाग को किसानों की सुविधा के लिए नहरों की सफाई और मरम्मत कार्य नियमित रूप से कराने को कहा गया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार पर्वतीय और ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ काम करने और जनता से जुड़े मामलों में त्वरित निर्णय लेने के निर्देश दिए, ताकि लोगों को राहत मिल सके और समस्याओं का समय पर समाधान हो। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रामसिंह कैड़ा, विधायक सरिता आर्या, दायित्वधारी अनिल कपूर डब्बू, दिनेश आर्या, जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## गंगा एक्सप्रेसवे

कि विनिर्माण, कपड़ा, खाद्य प्रसंस्करण, दवा, इलेक्ट्रॉनिक्स, भंडार गृह और ई-कॉमर्स जैसे क्षेत्रों को इससे फ़ायदा होने की उम्मीद है। साथ ही, प्रस्तावित फ़ार्मा, कपड़ा और आईटी पार्क बड़े पैमाने पर रोज़गार के अवसर पैदा कर सकते हैं। ब्लू डार्ट के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी दिपांजन बनर्जी ने कहा कि यह एक्सप्रेसवे पारंपरिक रूटिंग हब पर निर्भरता कम करके उत्तर प्रदेश में लॉजिस्टिक्स परिचालन को पूरी तरह से बदल देगा। उन्होंने बताया, जो कड़ी गायब थी, वह एक ऐसा निर्बाध उत्तरी गलियारा था जो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर बेल्ट) को सीधे पूर्वी ज़िलों से जोड़ता। गंगा एक्सप्रेसवे इस कमी को प्रभावी ढंग से पूरा करता है। बनर्जी ने कहा कि बढ़ती खपत, औद्योगिक क्लस्टर और दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में तेज़ी से हो रही वृद्धि के कारण यह राज्य एक प्रमुख लॉजिस्टिक्स बाज़ार के रूप में उभर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि ई-कॉमर्स, फार्मास्युटिकल्स, कृषि उत्पाद जैसे क्षेत्रों को माल की तेज़ और अधिक अनुमानित आवाजाही से विशेष रूप से लाभ होगा। ट्राइटन लॉजिस्टिक्स एंड मैरीटाइम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जितेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि यह एक्सप्रेसवे आपूर्ति श्रृंखला के अनुमान में सुधार करेगा और हवाई कार्गो तथा माल ढुलाई गलियारे के साथ संबंधों को मज़बूत करेगा। उन्होंने कहा कि उत्तरी क्षेत्र में वर्तमान में भारत की कुल हवाई माल ढुलाई का लगभग 31.3 प्रतिशत हिस्सा आता है, और यह एक्सप्रेसवे हवाई अड्डों तथा बंदरगाहों की ओर माल की आवाजाही को सुव्यवस्थित करने में मदद करेगा। उन्होंने कहा, यह गलियारा खराब होने वाली वस्तुओं, कपड़ों और इलेक्ट्रॉनिक्स की आवाजाही में सुधार करेगा, और उत्तर प्रदेश की वैश्विक व्यापार प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाएगा। मंत्री गुप्ता के अनुसार, इस परियोजना से लंबे समय में राज्य की अर्थव्यवस्था में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का योगदान होने की उम्मीद है, और यह प्रदेश के एक हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य का समर्थन करेगा।

## सुशान्त गोल्फ

कर जांच शुरू कर दी है। सुशान्त गोल्फ सिटी पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह तथ्य प्रकाश में आया है कि पीड़िता एवं मुख्य आरोपी एक-दूसरे को लगभग चार-पांच वर्षों से जानते हैं तथा दूर के रिश्तेदार भी बताए जा रहे हैं। पुलिस द्वारा प्रकरण के सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है।




## ओलंपिक स्तर का बुनियादी ढांचा हो रहा तैयार : मांडविया

अहमदाबाद। राष्ट्रमंडल खेल 2030 को लेकर चल रही तैयारियों से उत्साहित खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने रविवार को कहा कि इन खेलों के लिये ओलंपिक स्तर का बुनियादी ढांचा तैयार किया जा रहा है और भारतीय खिलाड़ी भी पोडियम पर खड़े होने के लिये काफी मेहनत कर रहे हैं। राष्ट्रमंडल खेल दिवस के अवसर पर यहां साबरमती रिवरफ्रंट पर आयोजित संडेज आन साइकिल कार्यकम के दौरान पीटीआई भाषा से बातचीत में



मांडविया ने कहा , संडेज आन साइकिल का आज 75वां सत्र है और राष्ट्रमंडल खेल दिवस भी है जिसे देखते हुए यहां राष्ट्रमंडल खेल 2030 के मेजबान शहर में मुख्य आयोजन किया गया है और हजारों की संख्या में युवाओं ने इससे जुड़कर फिट इंडिया का संदेश दिया है।

अहमदाबाद 2030 में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी करेगा जो दिल्ली में 2010 में हुए खेलों के बाद पहली बार भारत में हो रहे हैं। भारत ने अहमदाबाद में ही ओलंपिक 2036 की मेजबानी का आशय पत्र भी अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति को सौंप दिया है।

## सचिन तेंदुलकर ने अर्जुन के धैर्य और क्षमता की सराहना की

लखनऊ । दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने अपने बेटे और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्जुन की इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के अंतिम लीग मैच में इस फ्रेंचाइजी की तरफ से अपने पदार्पण मैच में अच्छा प्रदर्शन करने पर उनके धैर्य और क्षमता की सराहना की। एलएसजी ने इससे पहले अर्जुन को किसी भी मैच में खेलने का मौका नहीं दिया। इस बीच वह नेट और अभ्यास



मैचों में अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे लेकिन अपनी काबिलियत साबित करने के लिए उन्हें सत्र के आखिरी मैच तक इंतजार करना पड़ा। एलएसजी की पंजाब किंग्स से हार के बाद तेंदुलकर ने सोशल मीडिया पर एक भावुक संदेश लिखा। तेंदुलकर ने कहा, शाबाश, अर्जुन। इस पूरे सत्र में जिस तरह से तुमने खुद को संभाला है, उस पर मुझे गर्व है। हमेशा अपनी क्षमता पर विश्वास बनाए रखा, धैर्य रखा, चुपचाप कड़ी मेहनत की और आखिरी मैच तक मौके का इंतजार करने के बावजूद सकारात्मक बने रहे। उन्होंने कहा, क्रिकेट में कौशल के




साथ-साथ धैर्य की भी परीक्षा होती है और आज तुमने दोनों को बखूबी निभाया। अपने पांव जमीन पर बनाए रखना और खेल के प्रति अपने प्रेम को हमेशा की तरह बरकरार रखना। तुम्हें ढेर सारा प्यार। अर्जुन का पहला ओवर काफी अच्छा था और अगर कप्तान ज्षभ पंत ने प्रभसिमरन सिंह का मुश्किल कैच लपक लिया होता तो उन्हें विकेट मिल सकता था। उन्होंने शुरुआती ओवरों में लेंथ पर गेंदबाजी की, लेकिन 15वें ओवर में प्रभसिमरन को यॉर्कर पर पगबाधा आउट किया। पंत ने पावरप्ले के तुरंत बाद अर्जुन को गेंदबाजी के लिए उतारा था।

# राजस्थान आईपीएल के प्लेऑफ में

## आईपीएल : सीजन की टॉप-4 टीमें तय, मुंबई 30 रन से हारी, आर्चर ने 3 विकेट लिए

एजेंसी

मुंबई। जोफ्रा आर्चर के हरफनमौला खेल की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में रविवार को यहां मुंबई इंडियन्स को 30 रन से हराकर प्लेऑफ का टिकट पक्का किया। आर्चर ने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के लड़खड़ाने के बाद 32 रन की अहम पारी खेली और गेंदबाजी में चार ओवर में सिर्फ 17 रन देकर तीन विकेट चटकाए। बृजेश शर्मा (चार ओवर में 26 रन), नांद्रे बर्गर (चार ओवर में 43 रन) और यश राज पुंजा (चार ओवर में 44 रन) ने दो-दो विकेट लेकर उनका अच्छा साथ दिया। रॉयल्स ने लगातार अंतराल पर विकेट गिरने के बावजूद अपने करो या मरो मैच में आठ विकेट पर 205 रन बनाने के बाद मुंबई की पारी को नौ विकेट पर 175 रन पर रोक दिया। इस जीत के साथ ही रॉयल्स के 14 मैचों में 16 अंक हो गए और उसने अंक तालिका में चौथा स्थान पक्का कर लिया।




इसके साथ ही पंजाब किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स की उम्मीदें खत्म हो गईं। प्लेऑफ की दौड़ से पहले से ही बाहर मुंबई इंडियन्स का अभियान नौवें स्थान पर खत्म हुआ। टीम के लिए सूर्यकुमार यादव ने 60, जबकि कप्तान हार्दिक पंड्या ने 34 और विल जैक्स ने 33 रन का योगदान दिया। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर राजस्थान की टीम लगातार अंतराल पर विकेट गंवाती रही, लेकिन ध्रुव जुरेल ने 26 गेंद में 38, आर्चर ने 15 गेंद में 32, दासुन शनाका ने 15 गेंद में 29 और यशस्वी जायसवाल ने 17 गेंद में 27 रन का अहम योगदान दिया। रविंद्र जडेजा (नाबाद 19) और नांद्रे बर्गर (नाबाद 10) ने आखिरी ओवरों में 13 गेंद में 30 रन की साझेदारी कर टीम को प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया। मुंबई इंडियन्स के लिए दीपक चाहर ने 43 और शार्दुल ठाकुर ने 41 रन देकर दो-दो विकेट लिए। विल जैक्स, अल्लाह गजानफर और कोर्बिन बॉश को एक-एक सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई ने 38 रन तक चार विकेट गंवा दिए। आर्चर ने पहले ओवर में रोहित शर्मा को खाता खोले बिना विकेट के पीछे कैच कराने के बाद दूसरे ओवर में नमन धीर (छह) को बोल्ड किया।

बर्गर ने आक्रामक दिख रहे रेयान रिकेलटन (12) को सूर्यवंशी के हाथों कैच कराकर मुंबई को तीसरा झटका दिया। सूर्यकुमार यादव ने इस ओवर में हालांकि छक्का और चौका लगाकर आत्मविश्वास हासिल किया। छठे ओवर में गेंदबाजी के लिए आए बृजेश शर्मा ने अपनी पहली ही गेंद पर तिलक वर्मा (तीन) का विकेट उखाड़ दिया। पावरप्ले के बाद टीम का स्कोर चार विकेट पर 49 रन था। सूर्यकुमार ने जडेजा के लगातार ओवरों में छक्का जड़ा, तो वहीं दूसरे छोर से जैक्स ने यश राज पुंजा की गेंद को दर्शकदीर्घा में पहुंचाया। इस बीच सूर्यकुमार को यश राज की गेंद पर बृजेश ने कैच टपकाकर जीवनदान दिया। वह उस समय 27 रन पर खेल रहे थे। जैक्स ने इस गेंदबाज के खिलाफ 12वें ओवर में छक्के से टीम के रनों का शतक पूरा किया।

वह इसी ओवर में आउट हो गए। कप्तान हार्दिक पंड्या ने क्रीज पर आते ही दो छक्के जड़े। पंड्या ने आक्रामक तेवर जारी रखते हुए शनाका के खिलाफ लगातार गेंदों पर चौके जड़कर रॉयल्स के गेंदबाजों पर दबाव बना दिया। सूर्यकुमार ने बर्गर के खिलाफ एक रन लेकर अपना अर्धशतक पूरा किया और फिर 15वें ओवर में बृजेश का स्वागत चौके से किया। पराग ने 16वें ओवर में गेंद आर्चर को थमाई और इस गेंदबाज ने पंड्या की 15 गेंद में 34 रन की पारी समाप्त कर टीम को बड़ी सफलता दिला दी। यश राज ने अगले ओवर में बॉश (दो) को चलता करने के साथ ओवर से सिर्फ पांच रन खर्च कर मुंबई पर दबाव बना दिया। बर्गर ने अगले ओवर में अपनी ही गेंद पर सूर्यकुमार का कैच लपककर टीम का प्लेऑफ में पहुंचना तय कर दिया। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद जायसवाल ने चाहर के खिलाफ छक्के के साथ हाथ खोले। इसके बाद उन्होंने जैक्स की गेंद को भी दर्शकों के बीच पहुंचाया।

हालांकि, वह एक और बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में जैक्स की गेंद को हवा में खेल बैठे और बॉश ने आसान कैच लपककर रॉयल्स को पहला झटका दिया। दूसरे छोर पर असहज दिख रहे वैभव सूर्यवंशी (चार) भी अगले ओवर में चाहर की गेंद को हवा में लहराकर कैच आउट हो गए। कप्तान पराग (14) ने क्रीज पर आते ही छक्के के साथ हाथ खोला और फिर अल्लाह गजानफर की गेंद पर लगातार दो चौके जड़े। वह पावरप्ले का अंत छक्के के साथ करने की कोशिश में बाउंड्री के पास तिलक वर्मा द्वारा लपके गए, जिससे टीम ने छह ओवर में 54 रन पर तीन विकेट गंवा दिए। छठे ओवर में गजानफर पर छक्का जड़ने वाले ध्रुव जुरेल ने एक छोर से संभलकर बल्लेबाजी की, तो वहीं दूसरे छोर से शनाका ने अफगानिस्तान के इस गेंदबाज और रघु शर्मा के खिलाफ आसानी से छक्के जड़कर रनगति बनाए रखी। शनाका की 15 गेंद में 29 रन की आक्रामक पारी का अंत जुरेल के साथ गलतफहमी के कारण रन आउट होने से हुआ।

## दिल्ली ने कोलकाता को दिया 204 रन का लक्ष्य

एजेंसी



कोलकाता। आईपीएल 2026 के आखिरी लीग मैच दिल्ली कैपिटल्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 204 रन का टारगेट दिया है। ईडन गार्डन्स में टॉस हारकर दिल्ली ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 203 रन बनाए। राजस्थान ने आज के पहले मैच में मुंबई को 30 रन से हराकर प्ले-ऑफ में जगह बनाई। इसके साथ ही कोलकाता और पंजाब प्ले-ऑफ से बाहर हो गई। दिल्ली के खिलाफ जीतकर भी कोलकाता 15 पॉइंट्स तक ही पहुंच पाएगी। राजस्थान 16 पॉइंट्स के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गई। उससे पहले बेंगलुरु, गुजरात और हैदराबाद क्वालिफाई कर चुके हैं। इम्पैक्ट ऑप्शंस- त्रिपुराणा विजय, समीर रिजवी, विपराज निगम, नीतीश राणा, कुलदीप यादव। सौरभ दुबे ने डेथ ओवर में बड़ा विकेट हासिल किया। उन्होंने डेविड मिलर को कैच आउट कराया। लो फुल-टॉस पर मिलर ने मिड-ऑफ के ऊपर से बड़ा शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद बल्ले से लगी और ज्यादा दूरी नहीं मिल सकी। सर्कल के पास खड़े

**केएल राहुल का अर्धशतक, सौरभ दुबे को 2 विकेट, तीन बॉलर्स को 1-1 सफलता**

फिन एलन ने सिर के ऊपर कैच पकड़ लिया। मिलर 19 गेंदों में 28 रन बनाकर आउट हुए। वरुण चक्रवर्ती ने अक्षर पटेल को आउट कर दिया। ऑफ स्टंप के बाहर गई गेंद पर अक्षर बड़ा शॉट खेलने गए, लेकिन टाइमिंग सही नहीं रही और गेंद काफी ऊंची हवा में चली गई। वहां रिंकू सिंह ने आसान कैच पकड़ लिया। अक्षर 25 गेंदों में 39 रन बनाकर आउट हुए। दिल्ली कैपिटल्स ने 7 से 15 ओवर के बीच केएल राहुल और साहिल परख के विकेट गंवाए। वरुण चक्रवर्ती ने अपने पहले ओवर में सिर्फ 4 सिंगल रन दिए। इसके बाद सुनील नरेन के दूसरे ओवर में दिल्ली ने 13 रन बटोरे, जहां केएल राहुल ने छक्का और चौका लगाकर दबाव बनाया।

साहिल परख ने भी तेज बल्लेबाजी की और कुछ अच्छे शॉट लगाए, लेकिन 10वें ओवर में नरेन की गेंद पर अजिंक्य रहाणे को कैच देकर आउट हो गए। 11वें ओवर में दिल्ली ने कार्तिक त्यागी पर 20 रन बटोरे। राहुल ने इस ओवर में अपना अर्धशतक भी पूरा किया। हालांकि 13वें ओवर में अनुकूल रॉय ने 60 रन बना चुके केएल राहुल को रोवमैन पॉवेल के हाथों कैच कराया। 13वें ओवर में अनुकूल रॉय ने केएल राहुल को आउट कर दिया। राहुल ने ओवर की शुरुआत में अनुकूल की शॉर्ट गेंद को पुल करते हुए चौका लगाया। इसके बाद ऑफ स्टंप के काफी बाहर डाली गई गेंद वाइड रही। अगली गेंद पर राहुल ने फिर कट शॉट खेलते हुए चौका बटोर लिया। हालांकि अनुकूल ने वापसी की। उन्होंने फ्लाइटेड गेंद ऑफ स्टंप के काफी बाहर डाली, जो टर्न होकर और दूर चली गई। राहुल बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में गेंद को सही टाइम नहीं कर सके और बल्ले के निचले हिस्से से खेल बैठे। लॉन्ग ऑफ पर खड़े रोवमैन पॉवेल ने आगे दौड़ते हुए आसान कैच पकड़ा। दिल्ली कैपिटल्स ने 11 ओवर में 2 विकेट पर 108 रन बना लिए।

केएल राहुल ने शानदार अर्धशतक पूरा किया, जबकि कार्तिक त्यागी के ओवर में टीम ने 20 रन बटोरे। ओवर की दूसरी गेंद पर राहुल ने ऑफ स्टंप के बाहर शॉर्ट गेंद पर कट शॉट खेलते हुए चौके के लिए भेज दिया। अगली ही गेंद पर उन्होंने फुल लेंथ बॉल पर लॉन्ग ऑफ के ऊपर से छक्का जड़ दिया। इसके बाद चौथी गेंद पर राहुल ने डीप पॉइंट की दिशा में एक रन लेकर कढछ 2026 का अपना पांचवां अर्धशतक पूरा किया। ओवर की आखिरी दो गेंदों पर अक्षर पटेल ने लगातार दो चौके लगाए। राहुल 25 गेंदों में 50 रन बनाकर खेल रहे हैं, जबकि अक्षर पटेल 6 गेंदों में 10 रन पर मौजूद हैं।

## संक्षेप

### गुलवीर सिंह ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड किया कायम

नयी दिल्ली। भारत के लंबी दूरी के शीर्ष धावक गुलवीर सिंह ने लॉस एंजिलिस में आयोजित एलए ट्रैक फेस्ट में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में नया आउटडोर राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर सिल्वर स्तर की इस प्रतियोगिता में गुलवीर ने 13 मिनट 03.93 सेकेंड का समय लिया। इसके साथ ही उन्होंने अपने ही आउटडोर राष्ट्रीय रिकॉर्ड 13:11.82 में सुधार किया। इस 27 साल के धावक ने पिछले वर्ष बोस्टन में आयोजित टेरियर डीएमआर चैलेंज इंडोर प्रतियोगिता में 12 मिनट 59.77 सेकेंड का समय निकाला था, जो 5000 मीटर में उनका समग्र राष्ट्रीय रिकॉर्ड बना हुआ है। लॉस एंजिलिस में दर्ज किया गया समय उनके करियर का दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। एलए ट्रैक फेस्ट में हैबटोम सैमुअज ने 12 मिनट 57.23 सेकेंड का विश्व का सर्वश्रेष्ठ समय निकालते हुए पहला स्थान हासिल किया, जबकि गुलवीर दूसरे स्थान पर रहे। गुलवीर मौजूदा एशियाई चैंपियन भी हैं और उनके नाम 10,000 मीटर तथा हाफ मैराथन के राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी दर्ज हैं।

### उत्तर प्रदेश ने मुंबई को हराकर खिताब जीता

बेंगलुरु। उत्तर प्रदेश ने रविवार को यहां पांचवें राष्ट्रीय दिव्यांग टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के रोमांचक फाइनल में गत चैंपियन मुंबई को चार विकेट से हराकर खिताब जीत लिया। इस चैंपियनशिप का आयोजन कर्नाटक राज्य दिव्यांग क्रिकेट संघ की देखरेख में किया गया था जो भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद की राज्य इकाई है। मुंबई ने 20 ओवरों में सात विकेट पर 171 रन का एक चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया जिसमें रविंद्र सांटे 71 रन बनाकर नाबाद रहे जबकि विक्रांत केनी ने 54 रन का योगदान दिया। उत्तर प्रदेश के लिए मोहम्मद सादिक ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए 24 रन देकर दो विकेट लिए।

## संधू बेल्जियम में संयुक्त 33वें स्थान पर



एजेंसी

रिंकवेन (बेल्जियम)। भारत के युवराज संधू लगातार दूसरे दौर में तीन अंडर 68 के स्कोर से यहां डीपी विश्व टूर के सोडेल ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में तीसरे दौर के बाद संयुक्त रूप से 33वें स्थान पर हैं। संधू ने 70, 68 और 68 के स्कोर से कुल सात अंडर का स्कोर बनाया है। इससे पहले शुभंकर शर्मा कट हासिल करने में नाकाम रहे। दक्षिण अफ्रीका के जेंडर लोम्बार्ड ने तीन दौर में बाद शीर्ष पर तीन शॉट की बढ़त बना ली है। उन्होंने तीसरे दौर में 66 के स्कोर से कुल 18 अंडर का स्कोर बनाया है। वहीं दूसरी ओर पहले दो दौर में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार तीसरे दौर में लड़खड़ा गए और पांच ओवर 75 का स्कोर बनाकर डेनिश गोल्फ चैलेंज में संयुक्त 56वें स्थान पर खिसक गए। तलवार ने पहले दो दिनों में 67-70 का स्कोर बनाया था। वह तीसरे दौर के बाद पांच अंडर पर हैं। उन्होंने तीसरे दौर में चार बोगी के मुकाबले सिर्फ एक बर्डी लगाई। इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे भारत के दूसरे खिलाड़ी अर्जुन प्रसाद कट में जगह नहीं बना पाए थे।

फिनलैंड के तापियो पुल्कनेन ने लगातार दूसरी बार नौ अंडर पार 63 का स्कोर बनाकर तीन शॉट की बढ़त हासिल कर ली है। वहीं दूसरी ओर भारत की प्रणवी उर्स यहां लेला मरयम कप गोल्फ टूर्नामेंट के अंतिम दिन संयुक्त रूप से 17वें स्थान पर खिसक गईं जबकि दीक्षा डागर संयुक्त 20वें स्थान पर रहीं।

टूर्नामेंट में प्रणवी ने 70, 71 और 74 के स्कोर से कुल चार अंडर का स्कोर बनाया जबकि दीक्षा (75, 70 और 71) का कुल स्कोर तीन अंडर रहा। प्रणवी ने टूर्नामेंट की शानदार शुरुआत की थी और पहले दौर में बाद संयुक्त दूसरे स्थान पर थीं। दूसरे दिन के खेल के बाद भी वह शीर्ष 10 में बरकरार थीं। अंतिम दौर में हालांकि एक ओवर 74 के स्कोर से प्रणवी संयुक्त 17वें स्थान पर खिसक गईं।

## भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे गुकेश, प्रज्ञानानंदा

एजेंसी



ओस्लो। विश्व चैंपियन डी गुकेश सोमवार से यहां शुरू हो रहे प्रतिष्ठित नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के जरिए विश्व चैंपियनशिप में खिताब की रक्षा के अपने अभियान से पहले लय हासिल करने के इरादे से उतरेंगे जबकि एलीट खिलाड़ियों की मौजूदगी में उनके धैर्य और कौशल की परीक्षा होगी। टूर्नामेंट में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन भी हिस्सा ले रहे हैं। गुकेश और आर प्रज्ञानानंदा की मौजूदगी में भारतीय दल टूर्नामेंट में खिताब के अपने सूखे को खत्म करने की कोशिश करेगा। प्रतियोगिता के ओपन और महिला वर्ग में दुनिया के छह सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे। प्रतियोगिता में चार खिलाड़ी भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। गुकेश और प्रज्ञानानंदा ओपन वर्ग में शिरकत करेंगे तो वहीं महिला वर्ग में कोनेरू हंपी और विश्व कप विजेता दिव्या देशमुख हिस्सा लेंगी।

भारतीय खिलाड़ियों के लिए हालांकि चुनौती आसान नहीं होगी। ओपन वर्ग में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कार्लसन के अलावा फ्रांस के स्टार अलीरेज फिरोजा, जर्मनी के विन्सेंट कीमर और अमेरिका के अनुभवी वेस्ली सो जैसे दिग्गज भी हिस्सा ले रहे हैं। महिलाओं के वर्ग में पांच बार की विश्व चैंपियन जू वेनजुन, गत चैंपियन अन्ना मुजिचुक, गत विश्व ब्लिट्ज चैंपियन बिबिसारा असाउबायेवा और चीन की उभरती हुई स्टार झू जिनर से हंपी और दिव्या को कड़ी चुनौती मिलेगी। गुकेश इस टूर्नामेंट में उम्मीदों के भारी बोझ के साथ उतरे हैं।

## पंजाब के 87 खिलाड़ी महाराजा रणजीत सिंह पुरस्कार से सम्मानित

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने रविवार को 87 खिलाड़ियों को प्रतिष्ठित महाराजा रणजीत सिंह पुरस्कार से सम्मानित किया। इस दौरान विभिन्न खेलों के 1,070 पदक विजेताओं को भी सम्मानित किया। राज्य सरकार ने खिलाड़ियों को चेक के माध्यम से 32.05 करोड़ रुपये की इनामी राशि भी वितरित की। यहां आयोजित एक सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए मान ने कहा कि यह दिन पंजाब के लिए ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि 87 खिलाड़ियों को प्रतिष्ठित महाराजा रणजीत सिंह पुरस्कार से सम्मानित किया गया जबकि विभिन्न खेलों के I,070 पदक विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। मान ने कहा, पंजाब सरकार ने ना केवल ओलंपिक और एशियाई खेलों के पदक विजेताओं को एक-एक करोड़ रुपये देकर सम्मानित किया है बल्कि पदक जीतने वाले नौ खिलाड़ियों को नौकरियां भी दी हैं। उन्होंने कहा, पंजाब के खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी उपलब्धियों से देश और राज्य का बहुत मान बढ़ाया है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम उनके साथ मजिबूती से खड़े रहें और यह सुनिश्चित करें कि उन्हें वह सम्मान, पहचान और सहयोग मिले जिसके वे हकदार हैं।

## आर्यवीर दीवान बने लड़कों के अंडर-19 एशियाई स्क्वाश चैंपियन

नयी दिल्ली। आर्यवीर दीवान रविवार को चीन के पान्झीहुआ में हुई 33वीं एशियाई जूनियर व्यक्तिगत स्क्वाश चैंपियनशिप में एशियाई लड़कों के अंडर-19 चैंपियन बनने वाले सिर्फ चौथे भारतीय बन गए। आर्यवीर ने फाइनल में दक्षिण कोरिया के जोंगह्योक ली को एक घंटे से भी कम समय में 11-2, 11-7, 11-9 से शिकस्त दी। इससे भारत ने एक स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य पदक जीते। दिल्ली के रहने वाले आर्यवीर ने पिछले साल इसी प्रतियोगिता में लड़कों का अंडर-17 खिताब जीता था।

## फुटबॉल : बायर्न म्यूनिख ने जीता जर्मन कप

एजेंसी

बर्लिन। स्टार फुटबॉलर हैरी केन की हैट्रिक की मदद से बायर्न म्यूनिख ने मौजूदा चैंपियन स्टटगार्ट को 3-0 से हराकर जर्मन कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता और इस तरह से वर्तमान सत्र में घरेलू टूर्नामेंट जीतने का डबल पूरा किया। केन की दूसरे हाफ में बनाई गई हैट्रिक ने बायर्न के प्रशंसकों के बीच जबरदस्त उत्साह पैदा कर दिया। इस बीच दोनों टीम के प्रशंसकों ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने के लिए जर्मन फुटबॉल महासंघ (डीएफबी) के विरोध में नारे भी लगाए। केन ने 55वें मिनट में माइकल ओलिस के क्रॉस पर हेडर से पहला गोल किया।

इससे बायर्न के प्रशंसकों ने आतिशबाजी शुरू कर दी। इससे काफी धुआं हो गया और खेल रोकना पड़ा। इंग्लैंड के स्टार खिलाड़ी केन ने 80वें मिनट में दूसरा गोल किया और फिर इंजरी टाइम में पेनल्टी को गोल में बदलकर हैट्रिक पूरी की। बायर्न म्यूनिख ने इससे पहले जर्मन लीग बुंडेसलिगा का खिताब जीता था। वहीं दूसरी ओर ईरान फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष मेहदी ताज ने शनिवार को कहा कि फीफा से मंजूरी मिलने के बाद उनकी टीम के आधार शिविर को अमेरिका से मैक्सिको में स्थानांतरित



कर दिया गया है। मेहदी ताज ने एक बयान में यह जानकारी दी हालांकि अभी तक फीफा ने इसकी पुष्टि नहीं की है। ईरान को एरिजोना के टक्सन में अभ्यास शिविर लगाना था, लेकिन मध्य पूर्व में चल रहे युद्ध और सुरक्षा चिंताओं के कारण इसे कहीं और स्थानांतरित करने की संभावना बनी हुई थी। टक्सन के कीनो स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के अधिकारियों ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की। महासंघ का कहना है कि टीम अब सैन डिएगो के ठीक दक्षिण में स्थित मैक्सिको के तिजुआना में ठहरेगी।

इस वर्ष विश्व कप 11 जून से 19 जुलाई तक चलेगा। अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको मिलकर इसकी मेजबानी कर रहे हैं।

## टीम टैग फॉर्मेट में स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप साई लखनऊ बना ओवरऑल चैंपियन

खेल संवाददाता

लखनऊ। साई लखनऊ की टीम ने रविवार को आयोजित यूपी स्टेट ताइक्वांडो टीम टैग चेंपियनशिप में दमदार प्रदर्शन के साथ चार वर्गों में स्वर्णिम सफलता हासिल करते हुए टीम चैंपियनशिप अपने नाम कर ली। ली। खास बात यह रही कि प्रदेश स्तर पर पहली बार ताइक्वांडो में टीम टैग चैंपियनशिप फॉर्मेट में मैचों का आयोजन किया गया।

भारतीय खेल प्राधिकरण, क्षेत्रीय केंद्र, सरोजनीनगर, लखनऊ में उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो कमेटी द्वारा आयोजित चैंपियनशिप में बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। टीम आधारित इस नए प्रारूप ने प्रतियोगिता को और अधिक




रोचक बना दिया, जहां खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत नहीं बल्कि सामूहिक रणनीति और तालमेल के दम पर जीत दर्ज की। चैंपियनशिप के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो कमेटी के चेयरमैन डॉ. रजत आदित्य दीक्षित एवं विशिष्ट अतिथि स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया (एसएनआई) के निदेशक डॉ. आनंद किशोर पाण्डेय ने विजेता टीमों को को पुरस्कृत करते हुए सम्मानित किया। जूनियर बालक वर्ग में आगरा की टीम ने स्वर्ण जीता जिसमें धीरेंद्र, लोकेन्द्र, शुभम, गुलशन शामिल रहे। जूनियर मिक्स टीम वर्ग में साई लखनऊ की खुशी, नव्या, बृजेश और हर्षित की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। जूनियर बालिका टीम वर्ग में जालौन की अंशिका शाही, अन्वेषा जैन, सृष्टि गुप्ता व मेहर की टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

## प्रणति नायक ने एफआईजी वर्ल्ड चैलेंज कप में जीता रजत

नयी दिल्ली। भारत की प्रणति नायक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ताशकंद में एफआईजी वर्ल्ड चैलेंज कप 2026 में महिला वॉल्ट स्पर्धा में रजत पदक जीता। एशियाई चैंपियनशिप में तीन बार पदक जीत चुकी ओडिशा की 31 वर्षीय प्रणति ने शनिवार को फाइनल में अपने दो वॉल्ट में क्रमशः 12.950 और 12.700 अंक बनाकर कुल 13.025 के स्कोर के साथ रजत पदक अपने नाम किया। वियतनाम की थी क्विन्ह न्हु गुयेन ने 13.375 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि उज्बेकिस्तान की शाखिनाबोनू यूसुफोवा ने 12.950 के स्कोर के साथ कांस्य पदक हासिल किया। भारत की एक अन्य खिलाड़ी प्रोतिस्था सामंता 12.850 के स्कोर के साथ छठे स्थान पर रहीं। प्रणति ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, पिछले कुछ महीने आसान नहीं रहे।

# जयशंकर ने रूबियो से वीजा संबंधी चिंताएं उठाईं

## वैध आवागमन पर असर नहीं पड़ना चाहिए : एस जयशंकर



नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को अपने अमेरिकी समकक्ष मार्को रूबियो के समक्ष ट्रंप प्रशासन की ओर से वीजा और आव्रजन नीतियों में किए गए बदलावों को लेकर भारत की चिंताएं उठाईं और कहा कि इस नीतिगत बदलाव से वैध आवागमन पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए। जयशंकर ने रूबियो के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में ये टिप्पणियां कीं। दोनों नेताओं ने व्यापक वार्ता की, जिसमें द्विपक्षीय संबंधों में सुधार पर ध्यान केंद्रित किया गया। पिछले एक साल में व्यापार और शुल्क (टैरिफ) पर वाशिंगटन की नीतियों के कारण द्विपक्षीय संबंध तनाव के दौर से गुजर रहे हैं। विदेश मंत्री ने कहा, भारत-अमेरिका संबंधों का मूल आधार दोनों देशों के लोगों के बीच संबंध है।

मैंने विदेश मंत्री रूबियो को वीजा जारी करने के संबंध में वैध यात्रियों के सामने पेश आने वाली चुनौतियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा, हालांकि, हम अवैध और अनियमित आवागमन से निपटने के लिए सहयोग कर रहे हैं, लेकिन हमारी अपेक्षा है कि इसके परिणामस्वरूप वैध आवागमन पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। आखिरकार, यह हमारे व्यापार, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान सहयोग के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। एच1बी वीजा पर अमेरिकी नीति ने बड़ी संख्या में भारतीयों को प्रभावित किया है। ग्रीन कार्ड पर नयी अमेरिकी नीति ने कुछ चिंताएं पैदा कर दी हैं, क्योंकि इसके तहत आवेदकों के लिए लौटकर अपने गृह देश से आवेदन करना आवश्यक है। अमेरिका में भारतीयों के साथ कथित नस्ली भेदभाव के मामलों के बारे में पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए रूबियो इन आरोपों को खारिज करते दिखे। उन्होंने कहा, मैं इन टिप्पणियों को गंभीरता से लूंगा। मुझे यकीन है कि ऑनलाइन और अन्य जगहों पर ऐसे लोग हैं, जिन्होंने टिप्पणियां की हैं, क्योंकि दुनिया के हर देश में मूर्ख लोग होते हैं। रूबियो ने कहा, मुझे यकीन है कि यहां भी मूर्ख लोग हैं, अमेरिका में भी मूर्ख लोग हैं, जो हर समय बेवकूफी भरी टिप्पणियां करते रहते हैं। उन्होंने कहा, हमारा देश उन लोगों से समृद्ध हुआ है, जो दुनिया के अन्य हिस्सों से हमारे देश में आए, अमेरिकी बने, हमारी जीवनशैली में ढल गए और उन्होंने बहुत योगदान दिया। ग्रीन कार्ड के मानदंडों में बदलाव के बारे में पूछे गए सवाल पर रूबियो ने कहा कि यह मौजूदा व्यवस्था में सुधार के समग्र दृष्टिकोण का हिस्सा है। उन्होंने कहा, अमेरिका में प्रवासन का संकट रहा है। यह भारत की वजह से नहीं है, बल्कि व्यापक रूप से देखा जाए, तो पिछले कुछ वर्षों में दो करोड़ से अधिक लोग अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश कर चुके हैं और हमें इस चुनौती का सामना करना पड़ा है।

रूबियो ने कहा कि मौजूदा व्यवस्था में सुधार की वर्तमान प्रक्रिया भारत को लक्षित करने के लिए नहीं है। वहीं, जयशंकर ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि जहां अमेरिका अपनी विदेश नीति को अमेरिका प्रथम के रूप में स्पष्ट रूप से पेश करता है, वहीं भारत का दृष्टिकोण भारत प्रथम है। उन्होंने कहा, इसलिए हम दोनों स्पष्ट रूप से अपने-अपने राष्ट्रीय हितों से प्रेरित हैं। रूबियो की भारत यात्रा विदेश मंत्री विक्रम मिसरी की वाशिंगटन डीसी की तीन दिवसीय यात्रा के पांच हफ्ते से अधिक समय बाद हो रही है, जिसका उद्देश्य अनिश्चितता और तनाव के दौर के बाद संबंधों को स्थिर करना था।

# संसद रत्न के लिए 12 सांसद व चार संसदीय समितियां चयनित



नयी दिल्ली। इस साल के संसद रत्न पुरस्कारों के लिए 12 सांसदों और चार संसदीय समितियों का चयन किया गया है। निजी संगठन प्राइम प्वाइंट फाउंडेशन ने एक बयान में बताया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जगदंबिका पाल (उत्तर प्रदेश), पी. पी. चौधरी (राजस्थान), निशिकांत दुबे (झारखंड) और शिवसेना के श्रीकांत एकनाथ शिंदे (महाराष्ट्र) पुरस्कार के लिए व्यक्तिगत श्रेणी में चुने गए सांसदों में शामिल हैं।

बयान के अनुसार, प्रवीण पटेल (उत्तर प्रदेश), विद्युत बरन महतो (झारखंड), लुम्बाराम चौधरी (राजस्थान), हेमंत विष्णु सवरा (महाराष्ट्र), स्मिता उदय वाघ (महाराष्ट्र), नरेश गणपत म्हस्के (महाराष्ट्र), मेधा विश्राम कुलकर्णी (महाराष्ट्र) और नरहरि अमीन (गुजरात) को इस साल बजट सत्र के अंत तक संसद में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया जाएगा। चार संसदीय समितियों को भी उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के कारण पुरस्कार के लिए चुना गया है। इनमें चरणजीत सिंह चन्नी की अध्यक्षता वाली कृषि समिति, भर्तृहरि महताब की अध्यक्षता वाली वित्त समिति, सप्तगिरि शंकर उलाका की अध्यक्षता वाली ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज समिति और अनुराग ठाकुर की अध्यक्षता वाली कोयला एवं खान समिति शामिल हैं।

## संक्षेप

### वैश्विक स्तर पर सौम्य शक्ति के रूप में उभर रहा है योगः आयुष सचिव

नयी दिल्ली। योग भारत की सांस्कृतिक पहुंच और वैश्विक सौम्य शक्ति के सबसे प्रभावशाली माध्यमों में से एक बनकर उभरा है, वहीं जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से मुकाबले में यह एहतियाती स्वास्थ्य देखभाल के एक केंद्रीय स्तंभ के रूप में भी स्थापित हुआ है। आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने यह बात कही। इक्कीस जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले कोटेचा ने पीटीआई-भाषा के साथ एक विशेष साक्षात्कार में कहा कि योग को अब केवल पारंपरिक स्वास्थ्य पद्धति के रूप में नहीं, बल्कि वैज्ञानिक रूप से समर्थित जनस्वास्थ्य हस्तक्षेप के तौर पर भी तेजी से मान्यता मिल रही है, जिसे दुनिया भर में स्वास्थ्य प्रणालियों, शैक्षणिक संस्थानों, कार्यस्थलों और डिजिटल मंचों में एकीकृत किया जा रहा है। उन्होंने कहा, योग भारत की सांस्कृतिक पहुंच और वैश्विक सौम्य शक्ति के सबसे प्रभावशाली माध्यमों में से एक बनकर उभरा है। उन्होंने कहा, 190 से अधिक देशों में इसकी स्वीकृति इसकी उस सार्वभौमिक प्रासंगिकता को दर्शाती है, जो भौगोलिक सीमाओं, भाषा और संस्कृति से परे है। आने वाले दशक में योग के वैश्विक स्तर पर रोग-निवारक स्वास्थ्य देखभाल, मानसिक स्वास्थ्य और समग्र जीवनशैली को बढ़ावा देने में और बड़ी भूमिका की उम्मीद है।

# फिलीपीन में नौ मंजिला इमारत ढही, एक की मौत, 21 फंसे

एंजिल्स (फिलीपीन)। फिलीपीन की राजधानी मनीला के उत्तर में स्थित एक शहर में निर्माणाधीन नौ मंजिला इमारत के रविवार तड़के ढह जाने से एक मलेशियाई पर्यटक की मौत हो गई, जबकि कम से कम 21 लोग मलबे में फंसे बताए जा रहे हैं, जिनमें अधिकतर श्रमिक शामिल हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि दो लोगों को जीवित पाया गया, लेकिन उन्हें तुरंत बाहर नहीं निकाला जा सका। उन्होंने बताया कि कम से कम 24 मजदूर या तो इमारत से भागने में कामयाब रहे, जहां वे ज्यादातर भूतल पर सोते थे, या इमारत के ढह जाने के बाद उन्हें बचा लिया गया। यह घटना अमेरिकी वायुसेना के पूर्व हवाई अड्डे के बाहर स्थित किफायती होटल, कैफे, स्पा और ग्रामीण मकानों से भरे एक घनी आबादी वाले इलाके में तड़के लगभग 2:30 बजे हुई। अग्निशमन विभाग की अधीक्षक मारिया लीया सजिली ने बताया कि पम्पांगा प्रांत स्थित एंजिल्स सिटी में ढही इमारत के मलबे से आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए एक अतिथि भवन में एक मलेशियाई पर्यटक की मौत हो गई और एक अन्य अतिथि घायल हो गया।

# कंप्रोमाइज्ड पीएम करीबी मित्र को खुश करने में लगे

एजेंसी



नयी दिल्ली। कांग्रेस ने अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो के उस बयान को लेकर रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा, जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत ने अगले पांच वर्षों में

❍ रूबियो के बयान पर बोली कांग्रेस

500 अरब डॉलर का अमेरिकी सामान खरीदने की प्रतिबद्धता जताई है। विपक्षी पार्टी ने साथ ही यह आरोप भी लगाया कि कंप्रोमाइज्ड पीएम अपने करीबी मित्र को खुश करने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने यह भी सवाल उठाया कि मोदी सरकार ने जनविरोधी और खतरनाक उस भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को निरस्त करने का साहस क्यों नहीं दिखाया। उन्होंने यह सवाल भी उठाया कि मोदी सरकार ने अमेरिका से रिकॉर्ड आयात करने पर सहमति क्यों जताई, जबकि प्रधानमंत्री ने पहले ही नागरिकों से विदेशी मुद्रा बचाने के लिए घरेलू ईंधन की खपत और विदेश यात्राएं कम करने का आग्रह किया था।

उन्होंने पूछा, क्या अमेरिका से आयात में यह भारी वृद्धि रुपये की गिरावट को और तेज नहीं करेगी? रमेश ने एक्स पर कहा, 10 मई 2025 को भारतीय समयानुसार शाम 5:37 बजे अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने सबसे पहले युद्धविराम की घोषणा की थी, जिससे ऑपरेशन सिंदूर अप्रत्याशित रूप से रुक गया। उन्होंने दावा किया था कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हस्तक्षेप के कारण ही यह युद्धविराम संभव हो पाया।

# विस्फोट : एनआईए के आरोपपत्र में आतंकवादी साजिश के लिए एआई के इस्तेमाल का खुलासा

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली में लाल किले के पास हुए कार विस्फोट मामले में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण की जांच में सामने आया है कि अल-कायदा नाम के वैश्विक आतंकवादी संगठन की एक शाखा से जुड़े एक आरोपी ने कृत्रिम मेधा मंच का कथित तौर पर इस्तेमाल आतंकवादी साजिश रचने के लिए किया था। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि आरोपियों ने रॉकेट इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस भी बनाए थे और जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के काजीगुंड जंगल में उनका परीक्षण किया था।

ये चौंकाने वाले निष्कर्ष एनआईए द्वारा 14 मई को दाखिल किये गये 7,500 पन्नों के विस्तृत आरोपपत्र का हिस्सा हैं। यह आरोपपत्र पिछले साल 10 नवंबर को राजधानी में हुए आईईडी विस्फोट के संबंध में है। दिल्ली में एनआईए की विशेष अदालत में दाखिल आरोपपत्र में सभी बातों का विस्तृत विवरण दिया गया है।

# प्रधान के इस्तीफे तक चैन से नहीं बैठेगी कांग्रेस

एजेंसी



नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी तब तक चैन से नहीं बैठेगी, जब तक शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं दे देते और राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) जैसी परीक्षा में पेपर लीक को रोकने के लिए एक पुख्ता व्यवस्था लागू नहीं हो जाती।

उन्होंने हैदराबाद में विरोध प्रदर्शन कर रहे छात्रों का एक वीडियो साझा किया, जिसमें नीट परीक्षा के पेपर लीक का मुद्दा उठाया गया और प्रधान के इस्तीफे की मांग की गई। छात्रों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रधान के

❍ नीट पेपर लीक मुद्दे पर राहुल गांधी

खिलाफ नारे भी लगाए। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा, जब लाखों युवा सड़कों पर हैं, 22 लाख बच्चों का भविष्य दांव पर लगा है और प्रधानमंत्री चुप हैं, तब सरकार प्रतिक्रिया देने पर ध्यान केंद्रित नहीं कर रही है, बल्कि टालमटोल करने में व्यस्त है। गांधी ने एक्स पर हिंदी में एक पोस्ट में कहा, "जब तक धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा नहीं होता और नीट जैसे पेपर लीक रोकने के लिए पुख्ता व्यवस्था नहीं बनती, हम रुकेंगे नहीं। पेपर लीक होने के कारण नीट-स्नातक परीक्षा रद्द होने के बाद से कांग्रेस मांग कर रही है कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान या तो इस्तीफा दें या उन्हें बर्खास्त किया जाए।

# मोदी सरकार में अराजकता पैदा करने की कोशिश कर रहे राहुल गांधी

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर देश में अराजकता पैदा कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार को अस्थिर करने की साजिश रचने का आरोप लगाते हुए रविवार को कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष विदेशी ताकतों के इशारे पर काम कर रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल समेत भाजपा के कई नेताओं ने दावा किया कि राहुल की साजिश उस वक्त उजागर हुई, जब लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने मंगलवार को कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग की सलाहकार परिषद की बैठक में कथित तौर पर कहा कि मोदी सरकार एक साल के भीतर गिर जाएगी। गोयल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, राहुल गांधी का बयान देश के खिलाफ कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों एवं भारत को अस्थिर करने का सपना देख रहे टूलकिट गैंग की एक बड़ी साजिश की ओर इशारा कर रहा है। वरिष्ठ भाजपा नेता ने एक मीडिया रिपोर्ट साझा करते हुए कहा, यह कोई साधारण बयान नहीं है, बल्कि देश में अराजकता फैलाने की एक गंभीर साजिश है। इस रिपोर्ट में दावा किया गया था कि राहुल गांधी ने पार्टी की बैठक में कहा कि मोदी सरकार एक साल के भीतर गिर जाएगी।

गोयल ने आरोप लगाया कि राहुल और उनके सहयोगी उन्हें यह समझ आने के बाद देशभर में हिंसा भड़काने की कोशिश कर रहे हैं कि कांग्रेस सीधे लोकतांत्रिक मुकाबले में भाजपा को नहीं हरा सकती और न ही मोदी सरकार को हटा सकती है, क्योंकि लोगों के मन में प्रधानमंत्री (मोदी) के प्रति बहुत सम्मान है। उन्होंने कहा, उन्हें भारत से इतनी नफरत है कि देश का कुछ भी अच्छा होता हुआ ये देख ही नहीं सकते। राष्ट्र को बदनाम करना, संवैधानिक संस्थाओं का अपमान करना और विदेशी धरती पर जाकर विदेशी ताकतों से भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप की अपील करना - ये बताता है कि कांग्रेस की असली मंशा क्या है?

## इंटरटेनमेंट...

# कांस में ऐश्वर्या का तीसरा लुक आया सामने

मुंबई। कांस फिल्म फेस्टिवल से ऐश्वर्या राय बच्चन के तीन ग्लैमरस लुक सामने आ चुके हैं। फेस्टिवल की क्लोजिंग सेरेमनी में वे डिजाइनर चेनी चान के कस्टम फेदर सूट में नजर आईं। इसे डिजाइनर चेनी चान ने डिजाइन किया था। इससे पहले वे सैफायर ब्लू गाउन और पिंक ड्रेस में भी दिखाई दी थीं। उनके साथ बेटी आराध्या भी कांस पहुंची हैं, जिन्होंने अनऑफिशियली कांस में ग्लैमरस लुक में डेब्यू किया है। ऐश्वर्या राय ने साल 2002 में कांस में डेब्यू किया था। इसके बाद से ही वो लगातार कांस में मौजूद रहती हैं। बीते साल ऐश्वर्या

❍ व्हाइट फेदर सूट में दिखीं एक्ट्रेस; बेटी आराध्या का भी हुआ अनऑफिशियल डेब्यू



ने मनीष मल्होत्रा द्वारा डिजाइन की गई सफेद-गोल्डन साड़ी पहनी थी। रेड डायमंड जूलरी और सिंदूर के साथ ऐश्वर्या बेहद खूबसूरत दिखीं। उनका ट्रेडिशनल लुक काफी चर्चा में रहा था। कांस के दूसरे लुक में ऐश्वर्या राय ने गौरव गुप्ता के कलेक्शन की ब्लैक सिक्वल गाउन के साथ ट्रेल कैरी की थी। खुले बालों और मिनिमल जूलरी में एक्ट्रेस बेहद ग्लैमरस लगी थीं। साल 2002 में कांस में डेब्यू करने के लिए ऐश्वर्या ने पीली साड़ी के साथ गोल्ड जूलरी पहनी थी। यहां देवदास की स्क्रीनिंग हुई थी। ऐश्वर्या राय ने कांस 2004 में रेड कार्पेट पर फ्लैट फुटवियर पहने थे, हालांकि अब इन पर प्रतिबंध है। हर साल दुनियाभर के चुनिंदा लोगों को ज्यूरी में शामिल किया जाता है। मृणाल सेन पहले भारतीय थे, जिन्हें 1982 में ज्यूरी में शामिल किया गया था।

इसके अलावा ज्यूरी बनने वाली पहली भारतीय महिला डायरेक्टर मीरा नायर थीं। ऐश्वर्या राय पहली इंडियन एक्ट्रेस हैं, जिन्हें कांस में ज्यूरी बनाया गया। हालांकि अब दीपिका पादुकोण, विद्या बालन और शर्मिला टैगोर भी इस लिस्ट में शामिल हैं। आलिया भट्ट ने ब्लश पिंक बॉडी कॉन क्रोसेट फ्लोर लेंड ड्रेस पहनी। इस लुक को आलिया ने मिनिमल जूलरी के साथ कंप्लीट किया। वेस्टर्न ड्रेस के साथ आलिया ने लॉन्ग शिफॉन दुपट्टा भी कैरी किया। उन्हें रिया कपूर ने स्टाइल किया है। आलिया भट्ट ने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट से कांस रेड कार्पेट की तस्वीरें पोस्ट की हैं। आलिया कोर्सेट-स्टाइल प्रिंटेड बॉल गाउन में नजर आईं। गाउन पर पेस्टल ग्रीन, ब्लू, लैवेंडर और हल्के पीले रंग के शेड्स थे, जो किसी गार्डन पेंटिंग जैसा अहसास दे रहे थे। बंधे बालों के साथ आलिया ने मिनिमल जूलरी पहनी।

## 'रामायण : पार्ट वन' की रिलीज डेट बदल सकती है

मुंबई। रणबीर कपूर स्टारर फिल्म 'रामायणः पार्ट वन' दिवाली 2026 (8 नवंबर) से एक हफ्ते पहले रिलीज हो सकती है। दरअसल, बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि 'रामायणः पार्ट वन' अब 30 अक्टूबर 2026 को रिलीज हो सकती है। पहले इसे दिवाली 2026 पर रिलीज करने की योजना थी। रिपोर्ट के अनुसार, निमार्ता चाहते हैं कि फिल्म दिवाली वीक से पहले थिएटर्स में आ जाए, ताकि पॉजिटिव वर्ड ऑफ माउथ बने और दूसरे हफ्ते में फिल्म का बिजनेस और बढ़े। सूत्र के मुताबिक, रिलीज डेट पर अंतिम फैसला जल्द लिया जाएगा। यह घोषणा डिस्ट्रीब्यूशन डील फाइनल होने के बाद की जा सकती है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि मेकर्स को टॉप डिस्ट्रीब्यूटर्स से 450 करोड़ रुपए का ऑफर मिला है।

## रणदीप हुड्डा ने ठुकराया था औरंगजेब का रोल

मुंबई। एक्टर रणदीप हुड्डा ने हाल ही में बताया कि उनको फिल्म 'छावा' में औरंगजेब का रोल ऑफर हुआ था, लेकिन उन्होंने करने से मना कर दिया था। रणदीप ने जूम को दिए इंटरव्यू में कहा, 'मैं लक्ष्मण उतेकर को एक डायरेक्टर और इंसान, दोनों तौर पर बहुत पसंद करता हूं। वो मेरे पास फिल्म 'छावा' में औरंगजेब के रोल के लिए आए थे। उस समय मेरा वजन काफी कम हो गया था और मैंने अपना सिर भी मुंडवा लिया था। एक्टर ने आगे कहा, 'मैंने उस समय फिल्म ह्यस्वातंत्र्य वीर सावरकर' की शूटिंग खत्म की थी और उसके पोस्ट-प्रोडक्शन पर काम कर रहा था। इसी दौरान मैं एक कोर्ट केस से भी गुजर रहा था।

# वरुण ने मेरा एक और गाना उठा लिया : सलमान

मुंबई। मुंबई में शनिवार को आयोजित एक फिल्म फेस्टिवल में सलमान खान, डायरेक्टर डेविड धवन और वरुण धवन के साथ शामिल हुए। पीवीआर आईनॉक्स के इस इवेंट में सलमान खान ने वरुण धवन की आने वाली फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' में उनके आइकॉनिक गाने 'चुनरी चुनरी' को रीक्रिएट करने पर मजाक में उनकी खिंचाई की। सलमान की इस बात पर वरुण शमार्ने लगे। अब इस बातचीत

❍ 'चुनरी चुनरी' गाने के रीमेक पर किया रोस्ट एक्टर ने शर्माते हुए कहा- भाई रहने दो



के वीडियो सामने आए हैं। सलमान इसने मेरा एक और गाना उठा लिया कार्यक्रम के दौरान माहौल उस समय और मजेदार हो गया जब सलमान खान ने वहां मौजूद लोगों के सामने वरुण धवन का मजाक उड़ाया। सलमान ने वरुण की तरफ इशारा करते हुए कहा, इसने मेरा एक और गाना उठा लिया। सलमान की यह बात सुनकर वरुण धवन शर्मा गए और हंसने लगे। उन्होंने हाथ जोड़कर सलमान से कहा, भाई रहने दो। इवेंट में ब्लैक लेदर जैकेट में दिखे सलमान पीवीआर आईनॉक्स ने डायरेक्टर डेविड धवन के सिनेमाई सफर के सम्मान में इस खास फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया था। इवेंट में सलमान खान ब्लैक टी-शर्ट, लेदर जैकेट और डेनिम जींस पहनकर पहुंचे थे। उनका यह लुक फैंस को 1990 के दशक के आखिरी और 2000 के दशक के शुरूआती दौर की याद दिला रहा था।

इवेंट के कई वीडियो सोशल मीडिया पर आए हैं, जिनमें डेविड धवन और वरुण धवन खुद सलमान को वेन्यू के अंदर ले जाते दिख रहे हैं। तीनों ने मीडिया के कैमरों के सामने कई पोज भी दिए। साल 1999 की फिल्म 'बीवी नंबर 1' का है गाना सलमान खान का यह तंज साल 1999 में आई उनकी सुपरहिट फिल्म 'बीवी नंबर 1' के प्रसिद्ध गाने 'चुनरी चुनरी' को लेकर था। इस गाने को मूल रूप से सलमान खान और सुष्मिता सेन पर फिल्माया गया था। रिलीज के इतने साल बाद भी यह गाना दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय है। अब इस गाने को वरुण धवन की आने वाली फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' के लिए दोबारा तैयार किया गया है। नए वर्जन में वरुण धवन के साथ पूजा हेगड़े और मृणाल ठाकुर नजर आने वाली हैं। सलमान के गानों को पहले भी रीमेक कर चुके हैं वरुण यह पहली बार नहीं है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com